E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in

हिंदी दैनिक

गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

विकसित भारत समाचार

वर्ष : 10 | अंक : 203 | गुवाहाटी | बुधवार, 21 फरवरी, 2024 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

जनेताब चबकाब | my GOV मेरी सरकार

सत्यमेव जयते

Government of Assam

Culmination of Another Successful Mission

Mission Basundhara 2.0

Paving the Way to Social Equity since 14 Nov 2022

Empowering Indigenous Communities with Land Rights

Govt of Assam's ground-breaking initiative

- Securing land rights of indigenous landless people & weaker sections
- Low/easy premium for landless ST/SC/PWD (with no regular income) cultivators/widows (with no earning member)
- Securing rights of tribal communities holding hereditary land
- Enabling land holders to record ownership of land
- Enabling owners to use land as collateral

Total land settled

Brahmaputra Valley **3,01,331 bighas**

Barak Valley **1,214 bighas**

87% area settled under **Khas/Ceiling Surplus Land**

Patta distribution 2,29,659

Of these, **1,92,056** or **84%** belong to ST, SC, OBC & MOBC communities

BASUNDHARA 1.0 SNIPPETS

Applications Received	Disposal rate
27,48,152	88%
Disposed	**Services Delivered**
24,10,307	19,01,861

CHIEF MINISTER'S PROGRAM SCHEDULE

Date	Legislative Assembly Constituency
22 February 2024	Dhemaji
	Jonai
23 February 2024	Sadia
	Doomdooma
26 February 2024	Sissiborgaon
	Dhakuakhana
27 February 2024	Gohpur
	Majuli
28 February 2024	Digboi
	Tingkhong

Land Patta Distribution Schedule

Central & State Ministers, MPs, MLAs, CEMs	District	Legislative Assembly Constituency	Date of visit
Shri Rameswar Teli	Dibrugarh	Chabua- Lahowal	23 February 2024
		Tingkhong	28 February 2024
	Tinsukia	Sadiya	23 February 2024
		Doomdooma	
		Digboi	28 February 2024
Shri Ranjeet Kumar Dass	Bajali	Bajali	24 February 2024
	Bongaigaon	Abhayapuri	
	Bajali	Bhawanipur-Sarbhog	25 February 2024
Shri Atul Bora	Golaghat	Bokakhat	23 February 2024
	Lakhimpur	Lakhimpur	25 February 2024
		Bihpuria	
Shri Urkhao Gwra Brahma	Bongaigaon	Bongaigaon	25 February 2024
		Srijangram	
Shri Chandra Mohan Patowary	Nalbari	Tihu	23 February 2024
	Darrang	Mangaldoi	24 February 2024
	Kamrup	Rangia	25 February 2024
Shri Parimal Suklabaidya	Hojai	Hojai	23 February 2024
		Lumding	24 February 2024
	Morigaon	Morigaon	25 February 2024
		Lahorighat	
Shri Keshab Mahanta	Nagaon	Kaliabor	24 February 2024
	Kamrup	Kamalpur	24 February 2024
		Palashbari	25 February 2024
Dr Ranoj Pegu	Lakhimpur	Naoboicha	23 February 2024
		Ranganadi	24 February 2024
	Dhemaji	Dhemaji	22 February 2024
		Jonai	
		Sissiborgaon	26 February 2024
Shri Ashok Singhal	Sonitpur	Dhekiajuli	23 February 2024
	Goalpara	Dudhnoi	24 February 2024
		Goalpara West	25 February 2024
Shri Jogen Mohan	Charaideo	Mahmara	24 February 2024
	Sivasagar	Sivasagar	24 February 2024
	Charaideo	Sonari	25 February 2024
Shri Sanjoy Kishan	Dhemaji	Jonai	22 February 2024
		Dhemaji	
	Tinsukia	Doomdooma	23 February 2024
		Sadiya	
		Tinsukia	27 February 2024
		Makum	
		Digboi	28 February 2024
		Margherita	29 February 2024
Smti Ajanta Neog	Golaghat	Khumtai	23 February 2024
		Sarupathar	
		Golaghat	24 February 2024
Shri Pijush Hazarika	Morigaon	Jagiroad	23 February 2024
	Biswanath	Biswanath	24 February 2024
		Behali	
	Sonitpur	Naduar	24 February 2024
Shri Bimal Bora	Dibrugarh	Tingkhong	28 February 2024
		Khowang	29 February 2024
	Sivasagar	Nazira	29 February 2024
Shri Jayanta Mallabaruah	Dibrugarh	Naharkatia	23 February 2024
		Duliajan	
	Nalbari	Nalbari	24 February 2024
Smti. Nandita Gorlosa	Sonitpur	Tezpur	23 February 2024
		Rangapara	24 February 2024
	Dibrugarh	Dibrugarh	25 February 2024
Shri Bhubaneswar Kalita	Nalbari	Barkhetri	23 February 2024
	Bajali	Paka Betbari	24 February 2024

Central & State Ministers, MPs, MLAs, CEMs	District	Legislative Assembly Constituency	Date of visit
Shri Topon Kumar Gogoi	Jorhat	Titabor	23 February 2024
	Sivasagar	Demow	24 February 2024
Shri Pallab Lochan Das	Sonitpur	Barchalla	23 February 2024
Shri Kripanath Mallah	Karimganj	Ram Krishna Nagar	23 February 2024
Shri Pradan Baruah	Dhemaji	Dhemaji	22 February 2024
		Jonai	
		Sissiborgaon	26 February 2024
	Lakhimpur	Naoboicha	23 February 2024
		Ranganadi	24 February 2024
		Lakhimpur	25 February 2024
		Dhakuakhana	26 February 2024
	Tinisukia	Sadiya	23 February 2024
		Doomdooma	
		Digboi	28 February 2024
Shri Dilip Saikia	Darrang	Sipajhar	23 February 2024
		Dalgaon	24 February 2024
Smti. Queen Oja	Kamrup	Boko Chaygaon	23 February 2024
Shri Kamakhya Prasad Tasa	Golaghat	Dergaon	24 February 2024
	Jorhat	Teok	24 February 2024
Shri Pabitra Margherita	Jorhat	Jorhat	23 February 2024
		Mariani	
Shri Paramananda Rajbongshi	Darrang	Sipajhar	23 February 2024
Shri Manab Deka	Lakhimpur	Lakhimpur	25 February 2024
Dr Amiya Kumar Bhuyan	Lakhimpur	Bihpuria	25 February 2024
Shri Bharat Chandra Narah	Lakhimpur	Naoboicha	23 February 2024
Shri Bhuban Pegu	Dhemaji	Jonai	22 February 2024
		Sissiborgaon	26 February 2024
Shri Bolin Chetia	Tinsukia	Sadiya	23 February 2024
		Doomdooma	
		Digboi	28 February 2024
Shri Suren Phukan	Tinsukia	Sadiya	23 February 2024
		Doomdooma	
		Digboi	28 February 2024
Shri Bhaskar Sharma	Tinsukia	Sadiya	23 February 2024
		Doomdooma	
		Digboi	28 February 2024
Shri Rupesh Gowala	Tinsukia	Sadiya	23 February 2024
		Doomdooma	
		Digboi	28 February 2024
Shri Naba Kumar Doley	Lakhimpur	Dhakuakhana	26 February 2024
Shri Utpal Borah	Biswanath	Gohpur	
Shri Bhuban Gam	Majuli	Majuli	27 February 2024
Mozibur Rahman	Darrang	Dalgaon	24 February 2024
Sri Prasanta Phukan	Dibrugarh	Tingkhong	28 February 2024
Sri Binod Hazarika			
Sri Terosh Gowalla			
Sri Taranga Gogoi			
Sri Chakradhar Gogoi			
Sri Ponakon Baruah			
Sri David Chetia			
Sri Tankeswar Sonowal			

-- Janasanyog /D/18073/23/21-Feb-24

Published by Directorate of Information and Public Relations, Assam | Connect with us @diprassam dipr.assam.gov.in

केआईयूजी 2023: कैसे मल्लखंब ने बाधाओं को पार करने में मदद की

सोहेल हुसैन शेख ने मुंबई विश्वविद्यालय को गुवाहाटी में पुरुष टीम को स्वर्ण जीतने में मदद की

गुवाहाटी (हिंस)। जब सोहेल हुसैन शेख ने छोटी उम्र में ही अपने पिता को खो दिया, तो उनकी मां फरीदा को चिंता हुई कि उनकी दो बेटियां और इकलौता बेटा अपने इलाके में बच्चों के साथ घूमने से बुरी आदतों में पड़ सकते हैं और इसलिए उन्होंने उन्हें मल्लखंब प्रशिक्षण केंद्र में दाखिला दिलाया। सोहेल तब सिर्फ नौ साल के थे और चौथी कक्षा में पढ़ रहे थे, जब उन्होंने अपनी बड़ी बहन साहीन के साथ मुंबई के चेंबूर में सुनील गंगावणे के अधीन प्रशिक्षण शुरू किया। दूसरी ओर मां लोगों के घरों में नौकरानी के रूप में काम करके अपने बच्चों की पढ़ाई और कोचिंग के खर्चे निकालने लगी। जहां साहीन अब परिवार पर वित्तीय बोझ को कम करने के लिए कोच बन गई हैं, वहीं शेख ने खेल जारी रखा और सोमवार को यहां सरुसजाई स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में जारी चौथे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2023, अष्टलक्ष्मी में मुंबई विश्वविद्यालय को पुरुष टीम का स्वर्ण पदक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सोहेल ने पोल पर कुल 8.20 अंक, रस्सी पर 8.40 और हैंगिंग श्रेणी में 7.90 अंक हासिल किए। मुंबई विश्वविद्यालय ने मध्य प्रदेश के विक्रम विश्वविद्यालय को लगभग चार अंकों के अंतर से हराकर 123.50 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। मुंबई के बंट्स संघा कॉलेज से बी-कॉम की पढ़ाई कर रहे सोहेल डिग्री हासिल करने के बाद भी इस खेल से जुड़े रहना चाहते हैं। अंडर -12 और अंडर -14 नेशनल में स्वर्ण पदक जीतकर युवावस्था में ही अपनी हुनर दिखा चुके सोहेल ने कहा कि मेरे पिता की मृत्यु के बाद हम अपने नाना-नानी के घर चले गए। हालांकि हमारी वित्तीय स्थिति काफी गंभीर थी। मेरी मां चाहती थीं कि मैं और मेरी बहन दोनों बेहतर भविष्य के लिए खेल को आगे बढ़ाएं और उन्होंने हमारा सपोर्ट करने के लिए सब कुछ किया। सोहेल को पता है कि उनकी मां और अब उनकी बहन कड़ी मेहनत कर रही हैं ताकि वह खेल खेलना जारी रख सके और वह जितना संभव हो योगदान देने की कोशिश करते हैं। सोहेल ने कहा कि अपना कॉलेज और प्रशिक्षण पूरा करने के बाद, मैंने क्षेत्र में छोटे बच्चों को कोचिंग देने का काम भी शुरू कर दिया है ताकि मैं कुछ पैसे भी कमा सकूं और अपनी मां पर बोझ कम कर सकूं। सोहेल ने कहा कि एक बार जब वह खेलना समाप्त कर लेते है तो कोचिंग करते है और उस खेल में वापस आ जाते है जिसने उन्हें अपने जीवन को बदलने में मदद की है। यहां खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में सुविधाओं के बारे में बात करते हुए सोहेल ने कहा कि मैं वास्तव में यहां रहने का आनंद ले रहा हूं। मैं अलग-अलग खाने का स्वाद ले रहा हूं।

रंगिया : घर में लगी आग से वृद्धा गंभीर रूप से झूलसी

रंगिया (विभास)। रंगिया नगर के वार्ड नंबर- 5 के एक घर में आग लगने से एक बृद्धा गंभीर रूप से घायल हो गयी। डिंबेश्वरी बनिया नामक लगभग सौ साल की उक्त महिला को अचेत अवस्था मे अस्पताल भेजा गया। स्थानीय लोगों द्वारा बताया गया है कि गंभीर रूप से घायल उक्त बुजुर्ग महिला को अस्पताल में भर्ती कराने के लिए बार-बार 108 एंबुलेंस सेवा से संपर्क करने के बाद भी वें असफल रहे। एंबुलेंस सेवा प्राप्त करने में विफल होने के पश्चात बहुत समय बाद उपायहीन होकर उन्होंने एक मालवाहक वाहन द्वारा ले जाकर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। और इसके पश्चात उक्त बृद्धा को संकट जनक अवस्था मे गुवाहाटी मेडिकल अस्पताल प्रेरण किया गया। अनुमान लगाया जा रहा है कि आग का सूत्रपात एक मोमबत्ती से हुआ है।

ड्रग्स के साथ तस्कर चढ़ा पुलिस के हत्थे

डिब्रूगढ़ (हिंस)। डिब्रूगढ़ जिला के टेंगाखात में प्रतिबंधित ड्रग्स के विरुद्ध पुलिस की कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में पुलिस ने एक अभियान चलाते हुए प्रतिबंधित ड्रग्स के साथ एक ड्रग्स तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने आज बताया है कि दुलियाजान में राजा अली टी एस्टेट के पास पुलिस की छापेमारी टीम ने एक ड्रग्स तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान सासनी गसपुरिया गांव के दिलीप बरुवा के रूप में हुई है। पुलिस ने गिरफ्तार व्यक्ति के कब्जे से एक बाइक (एएस-06एल-7560) के साथ 13.10 ग्राम हेरोइन जब्त करने में कामयाबी हासिल की। पुलिस ने व्यक्ति को उस समय गिरफ्तार किया जब वह प्रतिबंधित मादक पदार्थ बेचने के लिए दुलियाजान और टेंगाखात में जा रहा था। पुलिस इस संबंध में टेंगाखात पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार व्यक्ति से पूछताछ जारी रखे हुए है।

भारी मात्रा में प्रतिबंधित याबा टैबलेट बरामद, दो गिरफ्तार

हैलाकांदी (हिंस)। हैलाकांदी पुलिस ने हैलाकांदी सदर पुलिस चौकी अंतर्गत बौयाघाट इलाके में सोमवार की रात तलाशी अभियान में पांच हजार 600 याबा टैबलेट जब्त किए हैं। पुलिस ने यहां से तस्करी के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को बताया है हैलाकांदी के पुलिस उपाधीक्षक सुरजीत चौधरी के नेतृत्व में सदर पुलिस चौकी अंतर्गत बौयाघाट इलाके में छापा मारा। पुलिस ने यहां से दो बाइक सवार दो लोगों से पांच हजार 600 याबा टैबलेट बरामद किए। दोनों गिरफ्तार लोगों की पहचान कलामुद्दीन लस्कर और अशरफ उद्दीन लस्कर के रूप में हुई। पुलिस ने दोनों की बाइक भी जब्त कर लिया है। बरामद प्रतिबंधित याबा टैबलेट की बाजार में कीमत पांच लाख रुपए आंकी गई है। हैलाकांदी पुलिस ने दोनों से पूछताछ कर रही है।

काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में हाथियों की गणना 27 से

काजीरंगा (हिंस)। काजीरंगा नेशनल पार्क और टाइगर रिजर्व फॉरेस्ट एरिया में आगामी 27 फरवरी से हाथियों की गणना की जाएगी। प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में होने वाले हाथियों की गणना के अनुरूप काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान और टाइगर रिजर्व वन प्राधिकरण ने मंगलवार से तैयारियां शुरू कर दी हैं। काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान और टाइगर रिजर्व की फील्ड डायरेक्टर सोनाली घोष ने बताया कि गणना संबंधी सात दिवसीय तैयारी 26 फरवरी तक चलेगी, जिसमें पूर्वी असम वन्यजीव प्रभाग, नगांव वन्यजीव प्रभाग और बिश्वनाथ वन्यजीव प्रभाग शामिल हैं। इनमें से वे क्षेत्र शामिल हैं, जहां वर्तमान में हाथियों को रखा गया है। इसके बाद मूल गणना 27 फरवरी को की जाएगी। इसके अलावा 28 फरवरी को सामान्य निरीक्षण होगा। उल्लेखनीय है कि इससे पहले वर्ष 2017 की गणना में काजीरंगा में हाथियों की संख्या 1064 थी।

पूर्वोत्तर भारत के लिए 308 करोड़ रुपए की प्रमुख जलमार्ग विकास परियोजनाओं को हरी झंडी

गुवाहाटी। पूर्वोत्तर क्षेत्र में जलमार्ग के विकास को नई रफ्तार देते हुए केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने मंगलवार को 308 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का अनावरण किया। सोनोवाल ने हाइब्रिड मोड में डिब्रूगढ़ के पास बोगीबील में यात्री सह कार्गो टर्मिनल, असम में करीमगंज और बदरपुर में उन्नत टर्मिनल और त्रिपुरा में सोनामुरा में अंतर्देशीय जल परिवहन टर्मिनल का उद्घाटन किया। ये टर्मिनल कार्गो और यात्री आवाजाही दोनों के लिए क्षेत्र में अंतर्देशीय जल परिवहन (आईडब्ल्यूटी) को फिर से जीवंत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मंत्री ने धुबरी में एक सीमा शुल्क आव्रजन कार्यालय के निर्माण के साथ-साथ आईडब्ल्यूएआई जोगीघोपा टर्मिनल के लिए परिसर की दीवार के निर्माण की भी नींव रखी। अधिकारियों ने कहा कि सोनामुरा (त्रिपुरा) में आईडब्ल्यूटी टर्मिनल में सीमा पार व्यापार को आकर्षित करने की क्षमता है, जिसमें भारत और बांग्लादेश के बीच सड़क के माध्यम से परिवहन किए जाने वाले बैग्ड सीमेंट बागवानी उपभोक्ता उत्पाद और अन्य स्थानीय सामान शामिल हैं। करीमगंज और बदरपुर में पुनर्निर्मित और उन्नत टर्मिनलों से निर्यात गतिविधियों में और आसानी होगी। सीमेंट उद्योग, पत्थर क्रशर, कोयला भंडार, खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों, चाय बागानों आदि की उपस्थिति के कारण, परियोजनाओं का दक्षिणी असम के कछार करीमगंज और हैलाकांदी जिलों और आसपास के राज्यों मिजोरम, त्रिपुरा, मणिपुर और मेघालय में बड़ा प्रभाव है। सोनोवाल ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गतिशील नेतृत्व में मंगलवार को प्रमुख परियोजनाओं के शुभारंभ के साथ जलमार्गों के समृद्ध और जटिल जाल विकसित किए जा रहे हैं। *मोदी की गारंटी* पूर्वोत्तर के जलमार्गों को विकसित भारत की दिशा में सशक्त बना रही है। बोगीबील के टर्मिनल इस क्षेत्र के लिए आर्थिक विकास के उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेंगे, जिससे ऊपरी असम के साथ-साथ अरुणाचल प्रदेश के लिए व्यापार के अवसर भी बढ़ेंगे। त्रिपुरा में सोनामुरा टर्मिनल भारत और बांग्लादेश के बीच सीमा पार व्यापार को आगे बढ़ाएगा, जबकि करीमगंज और बदरपुर टर्मिनल व्यापार के अवसरों को भी बढ़ावा देंगे। क्षेत्र में जलमार्गों के विकास के लिए नई पहल की घोषणा करते हुए मंत्री ने कहा कि हमने राष्ट्रीय जलमार्ग 2 ब्रह्मपुत्र नदी पर छह पर्यटक घाट बनाने करने का निर्णय लिया है। हमने गुवाहाटी में दो इलेक्ट्रिक हाइब्रिड कैटामरन का भी निर्णय लिया है, जिससे ब्रह्मपुत्र के दोनों किनारों के बीच यात्रियों का आवागमन आसान हो जाएगा। सोनोवाल ने कहा कि शक्तिशाली पूर्वोत्तर क्षेत्र के मोदीजी के दृष्टिकोण को प्राप्त करने की दिशा में ड्रेजिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया इस क्षेत्र में ड्रेजिंग कार्य शुरू करेगा। सोनोवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में ये परिवर्तनकारी परियोजनाएं, केंद्र की *एक्ट ईस्ट* नीति को आगे बढ़ाते हुए पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए कनेक्टिविटी और समृद्धि के एक नए युग को चिह्नित करेंगी।

त्रिपुरा के मुख्यमंत्री ने 20 करोड़ के अनुदान के लिए प्रधानमंत्री, शिक्षा मंत्री को धन्यवाद दिया

अगरतला। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने के लिए प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम-ऊषा) के तहत एमबीबी विश्वविद्यालय सहित देश के 78 विश्वविद्यालयों को अनुदान की मंजूरी प्रदान की है। साहा ने फेसबुक पर एक पोस्ट में लिखा, केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने पीएम-ऊषा योजना के तहत एमबीबी विश्वविद्यालय के बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने के लिए 20 करोड़ रुपए के अनुदान को मंजूरी प्रदान की है। इस अनुदान के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को मेरा हार्दिक धन्यवाद। एमबीबी विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2016-17 से पढ़ाई शुरू हुई थी और यह विश्वविद्यालय पांच स्नातकोत्तर और दो एकीकृत स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करता है।

पार्टी अनुशासन का हर हालत में पालन करना होगा : भूपेन बोरा

गुवाहाटी (हिंस)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा ने कांग्रेस नेताओं को कड़े शब्दों में चेतावनी दी है कि वे पार्टी अनुशासन का हर हालत में पालन करें। उन्होंने कहा कि पार्टी के नेता लक्ष्मण रेखा को पार नहीं करें। कोई भी नेता पार्टी से बड़ा नहीं हो सकता है, इसीलिए पार्टी की हित में ऐसे सभी नेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, जो इस चुनाव के मौके पर पार्टी को संकट में डालने की कोशिश कर रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष आज एक कार्यक्रम में भाग लेने के बाद यहां मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने कई संकट की घड़ियां देखी है। 1983 से 1993 तक 700 से ज्यादा कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता मारे गए थे। कांग्रेस का कोई झंडा उठाने वाला तक नहीं सामने आ रहा था। लेकिन, पार्टी फिर से 1991 में सत्ता में लौटी। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने इस देश में कई प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री बनाए हैं, इसलिए कोई भी नेता पार्टी से बड़ा नहीं हो सकता है। भूपेन बोरा ने कहा कि उन्होंने पूरी निष्ठा के साथ पार्टी की सेवा की है और अंत तक करते रहेंगे। वे अन्य नेताओं की तरह दल नहीं बदला करते हैं। उन्होंने कहा कि असम के मुख्यमंत्री का पद अत्यंत गरिमामय व्यक्तियों द्वारा सुशोभित रहा है। वर्तमान मुख्यमंत्री को इस पद की गरिमा को ध्यान में रखते हुए बातें कहनी चाहिए। कांग्रेस सांसद प्रद्युत बरदलै, अब्दुल खालेक आदि नेताओं द्वारा पार्टी के विरुद्ध दिए गए कथित बयान संबंधी सवाल पर कांग्रेस अध्यक्ष बोरा ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे इस समय बाहर हैं, इसीलिए इससे संबंधित जानकारी पार्टी के सांगठनिक राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल को दे दी गई है। उन्होंने कहा कि केसी वेणुगोपाल द्वारा असम में अन्य दलों के साथ गठबंधन संबंधी रिपोर्ट मांगी गई थी, जिसे भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि गठबंधन से संबंधित अंतिम निर्णय केसी बेणुगोपाल द्वारा लिया जाएगा।

एपीएससी में 36वां स्थान प्राप्त कर विशाल ने होजाईवासियों को गौरवान्वित किया

होजाई (होसं)। असम लोक सेवा आयोग की परीक्षा में होजाई के विशाल कुमार ने 36वां स्थान कर एपीडीसीएल में नियुक्ति प्राप्त की है। विशाल कुमार होजाई गांधी विद्यापीठ से दसवीं कक्षा उत्तीर्ण हुए थे। साथ ही विशाल कुमार के पिता वीरेंद्र सिंह गांधी विद्यापीठ के सहायक शिक्षक हैं। उनका घर होजाई स्थित घर गोलाघटिया बस्ती में है। लोक सेवा आयोग में उत्तीर्ण होने पर गांधी विद्या पीठ के संचालन समिति के अध्यक्ष निरंजन सरावगी उनके पिता गंगासागर सिंह तथा उनके परिवार के सदस्यों ने उन्हें बधाई दी है। उक्त खबर को सुन गोलाघाटिया बस्ती के आमजनमास में खुशी का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार असम लोक सेवा आयोग की परीक्षा का परिणाम गत 19 फरवरी को घोषित हुई थी।

रंगिया में लाचित एक्सप्रेस से महिला का शव बरामद

रंगिया (विभास)। मुरकोंगसेलेक से गुवाहाटी की ओर जाने वाली लाचित एक्सप्रेस में आज एक महिला यात्री का शव बरामद किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह लाचित एक्सप्रेस के रंगिया में रुकने के बाद रेलवे अधिकारीयों ने रेल के विशेष रूप से सक्षम डब्बे में एक महिला के शव होने की जानकारी मिली। इसके पश्चात तुरंत ही रंगिया रेलवे पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर डब्बे से शव को बरामद किया। लाल रंग की साड़ी-ब्लाउज पहनी हुई उक्त महिला की उम्र लगभग 45 वर्ष होने का अनुमान लगाया गया है। मृतक महिला यात्री की पहचान फिलहाल नहीं हो पाई है। रंगिया रेलवे पुलिस द्वारा महिला के पोस्टमार्टम की व्यवस्था की गयी है। वहीं अगर किसी को उक्त महिला यात्री के शव की पहचान हो तो रंगिया रेलवे पुलिस से संपर्क करने की अपील की गयी है।

सचल सार्वजनिक नामघर का स्थापना दिवस आयोजित

गुवाहाटी। महानगर के सचल के महापुरुष माधवदेव पथ स्थित सचल सार्वजनिक नामघर में नाम कीर्तन, भागवत पाठ और व्याख्या तथा भागवत परिभ्रमण आदि के साथ दिन भर के कार्यक्रम के साथ स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। सचल सार्वजनिक नामघर के अध्यक्ष डॉ. नव नाहर डेका और सचिव नव कुमार मुदै के नेतृत्व में सचल इलाके में महिलाएं व लोगों ने गायन बायन और हरिनाम कीर्तन पूरा इलाका गुंजमान हो गया। लोगों ने धूप नैवैद्य से पूजा अर्चना कर भागवत का आर्शिवाद लिया। भक्ति रस से लीन होकर उपस्थित लोगों ने स्थापना दिवस मनाया। इस कार्यक्रम में राज्य सरकार के पूर्व आयुक्त सचिव थानेश्वर मालाकार, सेवानिवृत कृषि विज्ञानी डॉ. मिनेश्वर हजारिका, राज्य सरकार के पूर्व उपायुक्त भूपेंद्र नाथ दास आदि व्यक्तियों के साथ साथ ऐतिहासिक हरिसिंगा सत्र के भकत-वैष्णवों ने और वृहत्तर सचल के दो सौ से अधिक भक्तगणों ने हिस्सा लेकर कार्यक्रम को और आकर्षण बना दिया। शाम को नामघर परिसर में द्वीप प्रज्ज्वलित कर स्थापना दिवस कार्यक्रम का समापन किया गया।

सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत

दक्षिण सालमारा (हिंस)। दक्षिण सालमारा- मानकचार जिला के मानकचार में असम-मेघालय सीमा पर जिकीबारी में हुए एक सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने आज बताया है कि मानकचार में असम-मेघालय सीमा पर स्थित जिकीबारी में बीती देर रात को हुए सड़क हादसे बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। सूत्रों ने बताया है कि डंपर और बाइक के बीच हुई आमने-सामने की टक्कर में बाइक सवार सेंग नामक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मेघालय पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ घटना की जांच शुरू कर दी। हादसे के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर लिया है।

पूर्व सतिया उच्च माध्यमिक विद्यालय का वार्षिक पुरस्कार समारोह आयोजित किया गया

विश्वनाथ (विभास)। पूर्व सतिया उच्च माध्यमिक विद्यालय का आज वार्षिक सत्र एवं पुरस्कार समारोह आज स्कूल परिसर में आयोजित किया गया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता सेवानिवृत्त स्थानीय शिक्षक जीवन शर्मा ने की. तत्पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। उद्घाटन समारोह में साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार विजेता अंजन बासकोटा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे बासकोटा ने छात्रों से पुस्तकों का अध्ययन करने और स्कूल पुस्तकालय से नियमित रूप से किताबें लेने की अच्छी आदतें विकसित करने का आग्रह किया। उन्होंने अभिभावकों से सार्वजनिक क्षेत्र के स्कूलों की गुणवत्ता में सुधार के लिए हाथ मिलाने का भी आग्रह किया। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता बीरेंद्र अधिकारी ने भी भाषण दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्य तारानिधि उपाध्याय ने प्रधानाचार्य की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। बैठक में विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष सोम कुमार ढुंगेल, विद्यालय प्रबंधन समिति के पदाधिकारी, पूर्व शिक्षक, अभिभावक, शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। बैठक का संचालन सहायक शिक्षक लेखनाथ भराली एवं कस्तूरी हजारिका शर्मा ने किया तथा विद्यालय के सहायक शिक्षक कृष्णा छेत्री ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

शर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित
पृष्ठ : 3
राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

विकसित भारत समाचार

वर्ष : 10 | अंक : 203 | गुवाहाटी | बुधवार, 21 फरवरी, 2024 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

सरकार अब किसी परिवार की नहीं, बल्कि जम्मू-कश्मीरकी सेवा कर रही है... पेज 4
जीबीसी-4 : यूपी की बदली नीति का लाभ लेकर यहां निवेश करें उद्यमी... पेज 5
भारत की होगी आने वाली सदी, अबकी बार 400 के पार सीटें जीतने ... पेज 8
मैनचेस्टर यूनाइटेड की लगातार चौथी जीत, लूटन टाउन को हराया... पेज 11

door graph Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

सुरक्षा चूक मामला : डीजीपी पहुंचे डिब्रूगढ़

एक का तबादला, कई अधिकारियों के निलंबित होने की संभावना

डिब्रूगढ़। असम की डिब्रूगढ़ जेल में राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) सेल के अंदर सुरक्षा चूक के मद्देनजर एक जेल कर्मी को स्थानांतरित कर दिया गया है और कुछ अन्य अधिकारियों को निलंबित किए जाने की संभावना है। सुरक्षा चूक इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इस सेल में पंजाब के अलगाववादी नेता अमृतपाल सिंह और उनके सहयोगियों सहित अन्य लोग हैं। ऐसी भी खबरें हैं कि असम सरकार ने पूरी घटना पर रिपोर्ट मांगी है। उधर असम पुलिस के महानिदेशक जीपी सिंह भी आज डिब्रूगढ़ पहुंचे। एक्स हैंडल के जरिए डीजीपी सिंह ने बताया कि स्थिति पर नजर रखने के लिए अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। मालूम हो कि शनिवार को डिब्रूगढ़ जेल में राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) सेल में अनधिकृत गतिविधियों की सूचना मिली थी। यह जानकारी मिलने पर एनएसए ब्लॉक के सार्वजनिक क्षेत्र में अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए। इनपुट में अनधिकृत गतिविधियों की पुष्टि हुई, जिसके बाद जेल कर्मचारियों को आज सुबह एनएसए सेल के परिसर में तलाशी अभियान चलाने के लिए प्रेरित किया गया। तलाशी के परिणामस्वरूप सिम के साथ एक स्मार्टफोन, एक कीपैड फोन, कीबोर्ड के साथ एक टीवी रिमोट, एक स्पाई-कैम पेन, पेन ड्राइव, ब्लूटूथ हेडफोन और स्पीकर और एक स्मार्टवॉच सहित कई अनधिकृत वस्तुएं बरामद हुईं। इन सभी वस्तुओं को जेल कर्मचारियों द्वारा कानूनी रूप से जब्त कर लिया गया। इन अनधिकृत वस्तुओं के स्रोत और सेल में उन्हें शामिल करने की विधि का निर्धारण करने के लिए जांच चल रही है। एकत्र किए गए सबूतों के कारण एनएसए सेल की गहन तलाशी ली गई, जिसके परिणामस्वरूप एक स्मार्टफोन, कीपैड फोन, कीबोर्ड के साथ टीवी रिमोट, स्पाई-कैम पेन, पेन ड्राइव, ब्लूटूथ हेडफोन और स्पीकर और एक स्मार्ट घड़ी सहित कई डिवाइस जब्त किए गए। अपनी बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के लिए मशहूर इस जेल में एनएसए के तहत कैदियों को रखा जाता है, जिनमें अमृतपाल सिंह भी शामिल हैं, जिन्हें एकांत कक्ष में रखा गया है। भविष्य में ऐसी किसी भी घटना को रोकने के लिए उपाय किए जा रहे हैं यह देखने का विषय होगा।

हिंदुओं के लिए नहीं है कांग्रेस की राजनीति : हिमंत विश्व

हैदराबाद। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को कांग्रेस की आलोचना करते हुए दावा किया कि उसकी राजनीति हिंदुओं के लिए नहीं है। शर्मा लोकसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की विजय संकल्प यात्रा की शुरुआत के सिलसिले में तेलंगाना के निर्मल जिले के भैंसा में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सवाल किया कि सोनिया गांधी, राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे सहित कांग्रेस के शीर्ष नेता, आमंत्रित किए जाने के बावजूद अयोध्या में राम मंदिर कार्यक्रम में क्यों शामिल नहीं हुए। उन्होंने दावा किया कि वह आयोजन राजनीतिक नहीं था। उन्होंने कांग्रेस पार्टी से सवाल किया कि आप क्यों नहीं गए? क्या आपको हिंदुओं -शेष पृष्ठ 12 पर

सुप्रभात

धूर्त व्यक्ति अपने स्वार्थ के लिए दूसरों की सेवा करते हैं।
– आचार्य चाणक्य

न्यूज गैलरी

दुनिया के सबसे मजबूत पासपोर्ट की सूची में फ्रांस शीर्ष पर

नई दिल्ली। पासपोर्ट रैंकिंग जारी करने वाले संगठन *हेनली एंड पार्टनर्स* ने 2024 के लिए पासपोर्ट इंडेक्स जारी कर दिया है। इसमें फ्रांस का पासपोर्ट शीर्ष स्थान पर है। वहीं, भारत की बात करें तो उसके पासपोर्ट को एक स्थान का नुकसान उठाना पड़ा है। यानी भारत का पासपोर्ट को पिछली बार के मुकाबले कमजोर हुआ है। रैंकिंग में भारत 85वें स्थान पर है, जबकि -शेष पृष्ठ 12 पर

तालिबान ने जिंदा लोगों और जानवरों की तस्वीरें खींचने पर लगाया बैन

काबूल। अफगानिस्तान में तालिबान राज में अक्सर महिलाओं और अल्पसंख्यकों पर नए-नए प्रतिबंध लगते रहते हैं। लेकिन अब तालिबान ने एक अनोखा आदेश जारी किया है, जिसके तहत उन्होंने जीवित इंसानों और जानवरों की तस्वीर लेने पर प्रतिबंध लगा दिया है। कंधार में तालिबान सरकार ने सैन्य और नागरिक अधिकारियों को आदेश जारी करते हुए कहा कि जीवित लोगों -शेष पृष्ठ 12 पर

मिजोरम-मणिपुर से सुरक्षा बलों ने बड़ी मात्रा में हथियार बरामद किए

एजल। असम राइफल्स ने मिजोरम और मणिपुर से बड़ी संख्या में हथियार और गोला बारूद बरामद किए हैं। आईजीएआर (पूर्व) के जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि असम राइफल्स और मिजोरम पुलिस ने पुख्ता जानकारी पर गत 15 फरवरी को रुआट रुआती एंटरप्राइज के निकट चल्तलांग सैरंग रोड के सामान्य क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान डेटोनेटर (नंबर 8) के 165 बक्से (प्रत्येक में 100) और 993 सेंटीमीटर सेफ्टी -शेष पृष्ठ 12 पर

अलग राज्य की मांग : आक्रासू का सौ घंटे का भूख हड़ताल आज

गुवाहाटी। असम के ऑल कोच राजबोंगशी स्टूडेंट्स यूनियन (आक्रासू) ने कामतापुर को *अलग राज्य* बनाने की मांग की है। अपनी मांग पर ध्यान आकर्षित करने के लिए संघ ने 21 फरवरी को गुवाहाटी के सचल इलाके में 100 घंटे की भूख हड़ताल की योजना बनाई है। आक्रासू का मानना है कि एक अलग राज्य अपनी संस्कृति और विरासत के संरक्षण और विकास के साथ-साथ कोच राजबोंगशी समुदाय के आदिवासीकरण के लिए आवश्यक है। इस बीच, कामतापुर लिबरेशन ऑर्गनाइजेशन (केएलओ) के प्रमुख जीवन सिंह ने पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली -शेष पृष्ठ 12 पर

कश्मीर को बनाएंगे स्विट्जरलैंड : पीएम

जम्मू। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि अनुच्छेद 370 को निरस्त करना जम्मू-कश्मीर के व्यापक विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण रहा है और उनकी सरकार घाटी को एक ऐसे पर्यटन स्थल में बदलने के लिए प्रतिबद्ध है जो स्विट्जरलैंड को टक्कर दे सके। मौलाना आजाद स्टेडियम में एक विशाल सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने जम्मू-कश्मीर के लिए 32,000 करोड़ रुपए से अधिक और देश के अन्य हिस्सों के लिए 13,500 करोड़ रुपए की परियोजनाओं की शुरुआत की। उन्होंने क्षेत्र में जी20 के आयोजन के बाद खड़ी के देशों में जम्मू-कश्मीर में निवेश को लेकर आई *सकारात्मकता* को रेखांकित किया और कहा कि पूरी दुनिया यहां की सुंदरता, परंपरा और संस्कृति से बहुत प्रभावित हुई है। मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर को *परिवारवाद* की राजनीति से मुक्ति मिल रही है और यह पूर्ववर्ती प्रदेश आज विकसित होने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने डोगरी में अपने भाषण की शुरुआत करते हुए कहा कि एक वो दिन भी थे, जब जम्मू-कश्मीर से सिर्फ निराशा की खबरें आती थीं। बम, बंदूक, अपहरण, अलगाव... ऐसी ही बातें जम्मू-कश्मीर का -शेष पृष्ठ 12 पर

सात वर्ष में अरुणाचल के विकास की तस्वीर बदली : उप राष्ट्रपति

इटानगर (हि.स.)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य के मुख्यमंत्री पेमा खांडू के प्रयासों से राज्य के अंतिम गांव को देश के पहले गांव के रूप में विकसित किया जा रहा है। बीते 7 वर्ष के दौरान सड़कें, हवाई अड्डा और रेलवे लाइन आदि का निर्माण होने से राज्य के विकास की तस्वीर बदली है। उपराष्ट्रपति धनखड़ राजधानी इटानगर में इंदिरा गांधी पार्क में आयोजित अरुणाचल प्रदेश के 38वें राज्य दिवस समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। धनखड़ ने राज्य को लोगों को बधाई दी और कार्यक्रम में राज्य की अनेक जनजातियों के नृत्य की प्रशंसा की। उन्होंने राज्य की दो जनजातियों तागिन और वांगचो के नृत्य दलों को दिल्ली के उपराष्ट्रपति भवन में नृत्य प्रदर्शन करने के लिए आमंत्रित किया। आज समय की कमी के कारण वे दोनों जनजातियों के नृत्य को नहीं देख पाये। अरुणाचल प्रदेश की सुंदरता और हरे भरे जंगल की प्रशंसा करते हुए उप राष्ट्रपति ने कहा कि इस राज्य में वह सभी चीजें हैं, जो पर्यटकों को चाहिए, इसे पर्यटकों का घर बनाना है। अरुणाचल प्रदेश में तेजी से विकास होने को लेकर उन्होंने कहा कि यह भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य के मुख्यमंत्री पेमा खांडू के राज्य के विकास -शेष पृष्ठ 12 पर

दिल्ली कूच को तैयार किसान, शंभू बॉर्डर पर सीमेंट की दीवार तोड़ने के लिए मंगाई जेसीबी

चंडीगढ़। किसान जत्थेबंदियों व केंद्र सरकार के प्रतिनिधियों के बीच चार दौर की वार्ता विफल होने के बाद हरियाणा व पंजाब में बॉर्डर व नाकों पर शांत बैठे किसानों ने फिर से दिल्ली कूच करने की तैयारी कर ली है। सोमवार को किसानों ने दिल्ली कूच करना का फैसला किया। पंजाब से किसान चलकर मंगलवार को डबवाली के पास लगे नाकों पर पहुंच गए। किसानों ने बताया कि वे कल दिल्ली कूच करेंगे। किसानों के फैसले के चलते सिरसा जिला में पुलिस ने नाकों व पंजाब सीमा पर सुरक्षा प्रबंध और कड़े कर दिए है। यहां पर प्रशासन ने बेरिकेड की संख्या में पहले से ज्यादा इजाफा कर दिया है ताकि किसान इसको पार करके दिल्ली न जा सकें। शंभू बॉर्डर पर पुलिस की बैरिकेडिंग को तोड़ने के लिए जेसीबी मशीनों के साथ-साथ बड़ी पोकलेन मशीनें भी पहुंच गई हैं। इन मशीनों को चलाने वाले ऑपरेटरों को पुलिस के आंसू गैस के गोलों और रबर बुलेट से बचाने के लिए -शेष पृष्ठ 12 पर

रास निर्वाचन : कांग्रेस से सोनिया भाजपा से गरासिया और राठौड़ निर्वाचित

जयपुर (हि.स.)। राजस्थान से राज्यसभा द्विवार्षिक चुनाव- 2024 के लिए तीन सीटों पर तीन प्रत्याशियों को निर्वाचित घोषित किया गया। मंगलवार को यहां विधानसभा में राजस्थान विधानसभा के प्रमुख सचिव एवं राज्यसभा के निर्वाचन अधिकारी महावीर प्रसाद शर्मा ने भाजपा उम्मीदवार चुन्नी लाल गरासिया व मदन राठौड़ और इण्डियन नेशनल कांग्रेस उम्मीदवार सोनिया गांधी को निर्वाचित घोषित किया। उधर आंध्र प्रदेश एवं तेलंगाना की छह राज्यसभा सीटों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ। इनमें वाईएसआरसीपी के तीन, कांग्रेस के दो एवं बीआरएस का एक उम्मीदवार शामिल है। आंध्र प्रदेश की तीनों राज्यसभा सीटों पर सत्ताधारी वाईएसआरसीपी के उम्मीदवार गोला बाबूराव, वाईवी सुब्बारेड्डी और मेदा रघुनाथ रेड्डी ने निर्विरोध जीत हासिल की। इन तीन सीटों पर जीत के साथ वाईएसआरसीपी के राज्यसभा सदस्यों की संख्या 11 पहुंच गई है। राज्यसभा चुनाव में तेलंगाना की तीनों सीटों पर चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार सर्वसम्मति से चुने गए हैं। तेलंगाना की तीन राज्यसभा सीटों के लिए केवल तीन नामांकन दाखिल -शेष पृष्ठ 12 पर

आरजेडी के पूर्व मंत्री ने खोल दिए नीतीश कैबिनेट के कई सीक्रेट, भौंचक्का रह गए स्पीकर और सभी मिनिस्टर

पटना। बिहार विधानसभा में बजट सत्र के दौरान मंगलवार को अजीब स्थिति पैदा हो गई। राजद के पूर्व मंत्री ने क्रेडिट लेने के चक्कर में नीतीश कैबिनेट के कई राज खोल दिए। इस दौरान सदन में मौजूद स्पीकर और जदयू-भाजपा की गठबंधन वाली सरकार के मंत्री हतप्रभ रह गए। दरअसल, हुआ यूं कि मंगलवार को विधानसभा में जल संसाधन विभाग के अनुदान की मांग पर चर्चा हो रही थी, लेकिन अपने बयानों के लिए चर्चित राजद विधायक एवं पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. चंद्रशेखर एकबार फिर तय विषय से हटकर बोलने लगे। वे बिहार लोक सेवा आयोग से हुई शिक्षक नियुक्ति का खुद श्रेय लेने लगे। अपने सत्रह माह के कार्यकाल में शिक्षा में सुधार लाने का दावा करने लगे। उन्होंने मंत्री पद पर रहते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से जो गोपानीय व व्यक्तिगत बातें की थीं, उसे भी सदन में विजय कुमार चौधरी से -शेष पृष्ठ 12 पर

APOLLO HOSPITALS CHENNAI
Apollo HOSPITALS
ORTHOPAEDIC SURGEON
DR. ARUN KANNAN MS Ortho(aims),FAOA(Aus),FARS(USA) Fellowship in Hip and Knee/Tumors (Minneapolis, USA) &Hip & Knee Replacement (Richmond, USA)
Will be available only for consultation at Guwahati
ON 1st March'2024(9:30 am to 3:00pm)
Specialized in Computer Assisted Orthopaedic Surgery,Hip & Knee replacement, Arthroscopic Surgery,Modern Fracture treatment,Spine Surgeries, Back Pain related problems can register their names at:
APOLLO HOSPITALS REGIONAL OFFICE
Rajgarh Main Road, Opp-By Lane -10
Ph :8404037649, 03613102669, 0361-3102166

अवामी लीग के दो गुटों में गोलीबारी बम चले, 10 घायल

ढाका (हि.स.)। बांग्लादेश के बकुलतला इलाके में मंगलवार दोपहर वर्चस्व की लड़ाई में सात व्यक्ति घायल हो गए। सभी का संबंध सत्तारूढ़ पार्टी अवामी लीग से है। यह वारदात दोपहर 12 बजे मुंशीगंज सदर के अधारा यूनियन के बकुलतला में हुई है। अवामी लीग के दो गुटों ने एक-दूसरे पर बंदूकें तान दीं। देसी बम फेंके। तीन लोग गोली लगने और सात बम की चपेट में आने से जख्मी हो गए। बांग्लादेश के अखबार ढाका ट्रिब्यून ने अपनी रिपोर्ट में प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस के -शेष पृष्ठ 12 पर

भारत में 71वीं मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता की हलचल तेज, दिल्ली में जुटीं 120 प्रतिभागी

नई दिल्ली (हि.स.)। भारत में मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता की हलचल तेज हो गई है। भारत 28 साल बाद 71वीं मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहा है। इसमें दुनियाभर की 120 प्रतिभागी हिस्सा ले रही हैं। सभी ने कल (सोमवार) महात्मा गांधी की समाधि *राजघाट* के दर्शन कर अपने सफर की शुरूआत की। इसी के साथ 71वें मिस वर्ल्ड ग्रैंड फिनाले की उलटी गिनती शुरू हो गई। मिस वर्ल्ड ऑर्गेनाइजेशन की चेयरमैन और सीईओ जूलिया मोर्ले सीबीई ने भी राजघाट में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को भावांजलि अर्पित की। मिस वर्ल्ड के आधिकारिक पेज ने एक्स हैंडल पर कुछ दिन पहले लिखा था कि मिस वर्ल्ड ऑर्गेनाइजेशन की अध्यक्ष जूलिया मॉर्ले सीबीई ने इस साल गर्व से भारत को मिस वर्ल्ड के मेजबान देश के रूप में घोषित किया है। सुंदरता, विविधता और सशक्तिकरण का उत्सव इंतजार कर रहा है। 71वें मिस वर्ल्ड फाइनल का सीधा प्रसारण 9 मार्च की शाम 7:30 बजे से रात 10:30 बजे तक मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर -शेष पृष्ठ 12 पर

शख्स ने लॉटरी में जीते 28 अरब रुपए, एक गलती और हो गया कंगाल

न्यूयॉर्क। एक गलती इंसान के हाथ से उसकी जिंदगी की खुशियों को किस तरह छीन लेती है इसकी ताजा मिसाल सामने आई है। किस्मत साथ दे तो इंसान दुनिया पर राज कर सकता है और न दे तो राजा भी रंक बन जाता है। यही हुआ एक शख्स के साथ जिसने लॉटरी में 28 अरब रुपए तो जीते लेकिन एक भूल के कारण सारे पैसे उसके हाथ से निकल गए। न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, जॉन चीक्स नाम का यह शख्स पॉवरबॉल लॉटरी खेलता था और अपने परिवार -शेष पृष्ठ 12 पर

APOLLO HOSPITALS CHENNAI
Apollo HOSPITALS
GENERAL & LAPAROSCOPIC SURGEON
Dr: Jameel Akhter MS (Gen Surg), FIAGES, FLS (GERMANY), FICS
Will be available only for consultation at Guwahati
ON 3rd March'2024
Patients suffering from Jaundice,Ulcers,Burning Sensation in the stomach, Liver Problem, Gallbladder Stone, Blood vomitting, Blood in motion Abdominal Pain, Change in Bowel Habits, Pancreatic Disease, Hernia, Anorectal disease (Piles & Fistula). etc can contact.
APOLLO HOSPITALS REGIONAL OFFICE
Rajgarh Main Road, Opp-By Lane -10
Ph :8404037649, 03613102669, 0361-3102166

सरकार अब किसी परिवार की नहीं, बल्कि जम्मू-कश्मीर की सेवा कर रही है : प्रधानमंत्री

– प्रधानमंत्री ने जम्मू में 32,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया

जम्मू/नई दिल्ली, (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि हमने विकसित जम्मू-कश्मीर का संकल्प लिया है। विकसित भारत का मतलब विकसित जम्मू-कश्मीर है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर को परिवार संचालित पार्टियों का शिकार बताते हुए कहा कि सरकार अब किसी परिवार की नहीं, बल्कि जम्मू-कश्मीर की सेवा कर रही है। प्रधानमंत्री जम्मू में 32,000 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने डोगरी में अपने संबोधन की शुरूआत करते हुए वादा किया कि कोई भी पात्र नागरिक लाभ से नहीं चूकेगा। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में परियोजनाएं क्षेत्र के समग्र विकास को बढ़ावा देंगी। जनसभा में मोदी ने पिछले 10 वर्षों में जम्मू-कश्मीर सहित पूरे भारत में हुए विकास कार्यों का लेखा-जोखा रखा। परिवारवाद की राजनीति को लेकर कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने दशकों तक झूठ बोला है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के साथ बातचीत भी की। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब हमने विकसित जम्मू-कश्मीर का संकल्प लिया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि हम विकसित जम्मू-कश्मीर बनाकर रहेंगे। उन्होंने कहा, ह्लआपके सपने पिछले 70 साल से अधूरे हैं। हालांकि आपके सपने आने वाले कुछ ही वर्षों में मोदी पूरे करके देगा।ह्व प्रधानमंत्री ने उस समय को याद किया जब जम्मू-कश्मीर से सिर्फ बम, अपहरण और अलगाव की निराशाजनक खबरें ही आती थीं। उन्होंने कहा कि आज जम्मू-कश्मीर विकसित होने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। आगामी लोकसभा चुनावों में भाजपा की जीत का दावा करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैंने सभी को बता दिया है कि भाजपा को 370 सीटें और एनडीए को 400 से ज्यादा सीटें मिलेंगी।

मोदी ने कहा कि मैंने इस जगह पर 2014 में जो वादा किया था उसे पूरा किया। आज हमारे पास जम्मू में आईआईटी और आईआईएम हैं। यही कारण है कि लोग कहते हैं कि मोदी की गारंटी का मतलब गारंटी पूरी करने की गारंटी है। प्रधानमंत्री ने पूर्व सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि जो सरकार अपने परिवारों के बारे में चिंतित है वह राज्य के युवाओं के बारे में नहीं सोचती। प्रधानमंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर दशकों तक परिवारवाद की राजनीति का शिकार रहा है। उन्होंने कहा कि परिवारवाद की राजनीति का सबसे ज्यादा नुकसान युवाओं को हुआ है।

ऐसी परिवारवादी सरकारें युवाओं के लिए योजनाएं बनाने पर भी प्राथमिकता नहीं देती। उन्होंने इस बात पर खुशी जाहिर की कि जम्मू-कश्मीर को इस परिवार राजनीति से मुक्ति मिल रही है। उन्होंने कहा कि आज हम एक नया जम्मू-कश्मीर बनते हुए देख रहे हैं। प्रदेश के विकास में सबसे बड़ी दीवार अनुच्छेद-370 की थी, इस दीवार को भाजपा सरकार ने हटा दिया है। अब जम्मू कश्मीर संतुलित विकास की ओर बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारत में रिकॉर्ड संख्या में स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय स्थापित हुए अकेले जम्मू-कश्मीर में 50 नए डिग्री कॉलेज स्थापित किए गए। मोदी ने कहा कि धारा 370 जम्मू-कश्मीर के विकास में मुख्य बाधा थी, भाजपा सरकार ने इसे हटा दिया। उन्होंने कहा कि जब मैं लखपति दीदी की बात करता हूं, तो दिल्ली के एसी कमरों में बैठकर जो दुनियाभर की गंध उछालते रहते हैं, उनके गले से उतरता ही नहीं हैं कि कोई गांव में लखपति दीदी बन सकता है। सायना जी आपने ये करके दिखाया है, अब उन्हें समझ आएगा कि ये हो सकता है।

दिल्ली हाई कोर्ट डिवीजन बेंच ने शिबू सोरेन के मामले में फैसला सुरक्षित रखा

नई दिल्ली, (हि.स.)। दिल्ली हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच ने झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रमुख और राज्यसभा सदस्य शिबू सोरेन के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में लोकपाल के नोटिस पर रोक लगाने से इनकार करने के सिंगल बेंच के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया। बेंच ने कहा कि इस मामले पर फैसला अपलोड करने में ज्यादा वक्त नहीं लगाएगी और आज से कल तक आदेश अपलोड हो जाएगा। जस्टिस रेखा पल्ली की अध्यक्षता वाली बेंच ने शिबू सोरेन की ओर से पेश वकील कपिल सिब्बल से कहा कि वो प्रथम दृष्टया लोकपाल के नोटिस पर रोक लगाने पर सहमत नहीं है। हालांकि वो आदेश करने के पहले मामले के हर तथ्य पर गौर करेंगे। उल्लेखनीय है कि 22 जनवरी को जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद की सिंगल बेंच ने शिबू सोरेन के खिलाफ लोकपाल के नोटिस पर रोक लगाने से इनकार करते हुए कहा था कि याचिका प्रीमेच्योर है। सिंगल बेंच ने कहा था कि लोकपाल ने अभी कोई अंतिम आदेश नहीं दिया है, ऐसे में उसके अंतरिम फैसले पर हस्तक्षेप करने का कोई कारण नहीं बनता है। सिंगल बेंच के फैसले को शिबू सोरेन ने डिवीजन बेंच में चुनौती दी है।

सिंगल बेंच के समक्ष शिबू सोरेन ने लोकपाल के समक्ष चल रही कार्रवाई को चुनौती दी थी। याचिका में कहा गया था कि इस मामले में उनके खिलाफ कोई जांच नहीं की जा सकती है, क्योंकि शिकायतकर्ता ने घटना के सात साल बाद शिकायत की है। लोकपाल ऐंड लोकायुक्त एक्ट की धारा 53 के तहत इस मामले में शिकायत करने की समय सीमा समाप्त हो चुकी है। याचिका में कहा गया था कि पांच अगस्त, 2020 को लोकपाल के समक्ष शिबू सोरेन, उनकी पत्नी और बच्चों के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई। फरवरी 2022 तक सोरेन को शिकायत की प्रति उपलब्ध नहीं कराई गई। सितंबर 2020 में सीबीआई को इस मामले में प्रारंभिक जांच का आदेश दिया था। सोरेन पर आरोप है कि उन्होंने दस साल में आय से काफी अधिक मात्रा में संपत्ति हासिल की। संपत्ति न केवल अपने नाम पर बल्कि अपने परिवार के दूसरे सदस्यों और कंपनियों के नाम पर की गई। लोकपाल में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने शिकायत की थी। इसके आधार पर लोकपाल ने शिबू सोरेन को नोटिस जारी किया था।

संदेशखाली में अब पगड़ी पहने पुलिसकर्मी से भिड़े भाजपा नेता, ममता ने वीडियो शेयर कर कहा : कानूनी कदम उठाएंगे

कोलकाता, (हि.स.)। उत्तर 24 परगना जिले के हिंसाग्रस्त संदेशखाली इलाके में हालात काबू में नहीं आ रहे हैं। यहां हाई कोर्ट के सख्त आदेश के बाद मंगलवार दोपहर के समय पुलिस ने नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी और एक विधायक शंकर घोष को इलाके में जाने की अनुमति दे दी। इस बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक वीडियो शेयर किया है जो पगड़ी पहने हुए सिख पुलिस अधिकारी का है। उस वीडियो में देखा जा सकता है कि सिख अधिकारी कह रहे हैं कि किसी ने उनकी पगड़ी की वजह से उन्हें खालिस्तानी कहा है। हालांकि किसने कहा है यह साफ नहीं है लेकिन वीडियो में सुना जा सकता है कि लोग उन्हें भला बुरा कह रहे हैं और कह रहे हैं कि आप चाटुकार हैं ममता बनर्जी का तलवा चाटते हैं। इधर पुलिस अधिकारी कहता है कि मैंने पगड़ी पहनी है इसलिए आप मुझे खालिस्तानी कहेंगे? आप मेरे धर्म के खिलाफ कैसे बोल सकते हैं? यह आपका दायरा है?

यही आपका लेवल है। इस वीडियो को शेयर करते हुए ममता बनर्जी ने लिखा है कि आज, भाजपा की विभाजनकारी राजनीति ने संवैधानिक सीमाओं को बेशर्मी से लांघ दिया है। भाजपा के अनुसार पगड़ी पहनने वाला हर व्यक्ति खालिस्तानी है। ममता ने कहा है कि मैं हमारे राष्ट्र के प्रति अपने बलिदानों और अटूट दृढ़ संकल्प के लिए पूजनीय हमारे सिख भाइयों और बहनों की प्रतिष्ठा को कमजोर करने के इस दुस्साहसिक प्रयास की कड़ी निंदा करती हूं। हम बंगाल के सामाजिक सौहार्द की रक्षा के लिए दृढ़ हैं और इसे बाधित करने के किसी भी प्रयास को रोकने के लिए सख्त कानूनी कदम उठाएंगे।

दिल्ली विधानसभा से निलंबित भाजपा विधायकों का मामला पहुंचा हाई कोर्ट

नई दिल्ली, (हि.स.)। दिल्ली हाई कोर्ट ने भारतीय जनता पार्टी के निलंबित विधायकों से पूछा है कि क्या वे विधानसभा स्पीकर से मुलाकात कर और उपराज्यपाल से माफी मांग सकते हैं। जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद की बेंच ने इन विधायकों की ओर से पेश वकील जयंत मेहता को निर्देश दिया कि वे भाजपा विधायकों से निर्देश लेकर कोर्ट को सूचित करें। आज सुनवाई के दौरान विधानसभा स्पीकर ने सुझाव दिया कि अगर भाजपा विधायक उनसे मुलाकात करें और उपराज्यपाल से माफी मांग लें तो इस विवाद का हल निकाला जा सकता है। उसके बाद हाई कोर्ट ने जयंत मेहता से स्पीकर के सुझाव पर भाजपा विधायकों से निर्देश लेने को कहा। इस मामले की हाई कोर्ट ने 19 फरवरी को भी सुनवाई की।

इस दौरान वकील मेहता ने कहा था कि सुप्रीम कोर्ट पहले ही कह चुका है कि आप अनिश्चितकाल तक किसी को निलंबित नहीं रख सकते हैं। पहली घटना पर किसी विधायक को तीन दिन और दूसरी बार सात दिन की अधिकतम सजा दी जा सकती है। इस मामले में इन विधायकों की यह पहली सजा है, ऐसे में उन्हें तीन दिन से ज्यादा की सजा नहीं दी जा सकती है। दरअसल 15 फरवरी को दिल्ली विधानसभा में उपराज्यपाल वीके सक्सेना के अभिभाषण के दौरान कथित तौर पर बाधा डालने के आरोप में सात भाजपा विधायकों को निलंबित कर दिया गया था। आम आदमी पार्टी विधायक दिलीप पांडेय ने विधानसभा में सातों विधायकों के निलंबन का प्रस्ताव रखा था, जिसे पारित कर दिया गया। स्पीकर रामनिवास गोयल ने विधायकों की ओर से बाधा डालने के मामले को विशेषाधिकार समिति को सौंप दिया।

जिन सात विधायकों को निलंबित किया गया उनमें मोहन सिंह बिष्ट, अजय महावर, ओपी शर्मा, अभय वर्मा, अनिल वाजपेयी, जितेंद्र महाजन और विजेंद्र गुप्ता शामिल हैं।

रातभर भीगे दिल्ली-एनसीआर, पहाड़ों में गिरी बर्फ

नई दिल्ली, (हि.स.)। पहाड़ों पर हो रही बारिश और गिर रही बर्फ का असर आखिरकार राष्ट्रीय राजधानी में दिख गया। दिल्ली-एनसीआर रात को कई बार बारिश से भीगे। भारत मौसम विज्ञान विभाग का कहना है कि 21 फरवरी को भी दिल्ली के साथ पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हल्की से मध्यम वर्षा संभव है। 22 फरवरी को पूर्वी उत्तर प्रदेश और उत्तरी मध्य प्रदेश में बारिश हो सकती है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अधिकारियों का कहना है कि पश्चिम हिमालयी क्षेत्र में कम दबाव का क्षेत्र बना है। अरब सागर से नमी लेकर पछुआ हवाएं चल रही हैं। इन दोनों के प्रभाव से ही पहाड़ी प्रदेशों के ऊंचाई वाले इलाकों में भारी बर्फबारी और मैदानी इलाकों में बारिश हो रही है।इसके प्रभाव से अगले दो दिन कुछ इलाकों में हल्की तो कुछ में तेज बारिश हो सकती है। पहाड़ों पर हिमपात भी होगा। कुछ इलाकों में बिजली गिर सकती है। कहीं-कहीं गरज के साथ बूंदाबादी भी होने की संभावना है।

मोदी सरकार को किसान हितों की परवाह नहीं: कांग्रेस

नई दिल्ली, (हि.स.)। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार को किसानों के हित की परवाह नहीं है। उन्होंने कहा कि यह सरकार अपनी सहूलियत के हिसाब से बयान बदलती रही है। पार्टी प्रवक्ता पवन खेड़ा ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का समर्थन किया था और प्रधानमंत्री बनने के बाद वह इसके विरोधी हो गए। वर्ष 2014 के पहले एमएसपी को भाजपा किसानों का हक बताती थी और आज इस मुद्दे पर किसानों को दिल्ली तक नहीं आने दिया जा रहा है। खेड़ा ने कहा कि एमएसपी और अन्य मुद्दों को लेकर प्रदर्शन कर रहे किसानों का कांग्रेस समर्थन करती है लेकिन भाजपा सरकार को किसान हितों की परवाह नहीं है। इससे पहले हुए किसान आंदोलन में 700 से ज्यादा किसान शहीद हो गए लेकिन इनके कान पर जूं तक नहीं रेंगी।

अब फिर से किसान दिल्ली आना चाहते हैं तो उन्हें रास्ते में रोक दिया गया है। किसानों के एक्स एकाउंट बंद कर दिए गए हैं। मीडिया को उनकी खबर दिखाने से रोका गया है। उल्लेखनीय है कि पंजाब धड़े के कुछ किसान संगठन एमएसपी व अन्य किसान मुद्दों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। किसान संगठन दिल्ली आकर प्रदर्शन करना चाहते हैं लेकिन हरियाणा पुलिस ने उन्हें सीमाओं पर रोक रखा है। हालांकि किसानों के मुद्दों को हल करने के लिए केंद्र सरकार के तीन वरिष्ठ मंत्री उनसे चार दौर की वार्ता कर चुके हैं लेकिन बात बेनतीजा रही।

कोयला व लिग्नाइट गैसीकरण परियोजनाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रोड-शो का होगा आयोजन

नई दिल्ली, (हि.स.)। भारत सरकार का कोयला मंत्रालय 21 फरवरी को एक रोड शो आयोजित करने जा रहा है। इस रोड-शो का उद्देश्य देश भर में कोयला व लिग्नाइट गैसीकरण परियोजनाओं के विकास और उसे व्यापक रूप से अपनाने को बढ़ावा देना है। कोयला मंत्रालय के सचिव अमृत लाल मीना इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। एक सरकारी प्रवक्ता के मुताबिक भारत सरकार ने देश की भविष्य की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए कोयला व लिग्नाइट गैसीकरण परियोजनाओं को बढ़ावा देने की एक योजना को मंजूरी दे दी है। स्वीकृत योजना के अनुसार कोयला मंत्रालय द्वारा 3 श्रेणियों के तहत कोयला व लिग्नाइट गैसीकरण परियोजनाओं के लिए 8,500 करोड़ रुपये का निवेश परिव्यय प्रदान किया जाएगा। यह कार्यक्रम कोयला व लिग्नाइट गैसीकरण परियोजनाओं से जुड़े अवसरों और बाधाओं पर चर्चा करने के लिए नीति निमार्ताओं, लाइसेंसदाताओं, ईपीसी एजेंसियों, पीएमसी सलाहकारों, उद्योग के अग्रदूतों और निवेशकों सहित प्रमुख हितधारकों को बुलाएगा। प्रतिभागी व्यावहारिक बातचीत में शामिल होंगे। सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान करेंगे और भारत में गैसीकरण पहल के विकास को बढ़ावा देने के लिए सहयोग के रास्ते तलाशेंगे।

आरईसी फाउंडेशन ने पूर्व सैनिकों के बच्चों की शिक्षा के लिए 15 करोड़ दिए

नई दिल्ली, (हि.स.)। आरईसी फाउंडेशन ने पूर्व सैनिकों के 12,500 बच्चों की शिक्षा के लिए सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में 15 करोड़ रुपये का योगदान दिया है। मंगलवार को आरईसी फाउंडेशन में कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) की कार्यकारी निदेशक ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष के सचिव को एक चेक सौंपा। इस राशि का उपयोग पूर्व सैनिकों के 12,500 बच्चों की शिक्षा के लिए किया जाएगा। इस मौके पर आरईसी की ओर से कार्यकारी निदेशक (सीएसआर) तरुणा गुप्ता और केंद्रीय सैनिक बोर्ड के सचिव कमोडोर एचपी सिंह द्वारा नई दिल्ली में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस मौके फाउंडेशन के ईडी-सीएसआर तरुणा गुप्ता ने कहा, "आरईसी फाउंडेशन में हम अपने पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों द्वारा किए गए बलिदानों का सम्मान करने के महत्व में विश्वास करते हैं। सशस्त्र बलों में हमारा योगदान झंडा दिवस कोष उनके कल्याण और भलाई के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है।" सशस्त्र बल झंडा दिवस कोष के सचिव कमोडोर एचपी सिंह ने कहा, "हम आरईसी फाउंडेशन के समर्थन के लिए बहुत आभारी हैं।" "15 करोड़ रुपये का उनका योगदान पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के लिए सहायता और कल्याण कार्यक्रम प्रदान करने के हमारे प्रयासों को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगा।" आरईसी लिमिटेड, विद्युत मंत्रालय के अधीन एक महारत्न केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम और एक अग्रणी एनबीएफसी है। यहां पर सशस्त्र बल झंडा दिवस कोष (एएफएफडीएफ) की स्थापना सशस्त्र बलों के दिग्गजों, विधवाओं और उनके आश्रितों के साथ-साथ पैराप्लेजिक सैनिकों के पुनर्वास के लिए बनाए गए संस्थानों और संगठनों की सहायता के उद्देश्य से की गई है।

छात्र सिर्फ कोचिंग कक्षाओं पर न रहें निर्भर : उपराष्ट्रपति

नई दिल्ली, (हि.स.)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के 37वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रों को सिर्फ कोचिंग कक्षाओं पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। धनखड़ ने दीक्षांत समारोह के दौरान क्लिक कर डिजिटल माध्यम से देश भर में स्थित इग्नू के सभी 69 क्षेत्रीय केंद्रों से पढ़ाई पूरी करने वाले तीन लाख आठ हजार 605 छात्र-छात्राओं को डिग्री प्रदान की। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने कहा कि आज छात्रों को सरकार में अच्छे पद पाने के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं से परे सोचना चाहिए और उन अवसरों का पता लगाना चाहिए जो अब उनके लिए उपलब्ध हैं। उपराष्ट्रपति ने सभी पहलुओं में भारत की विकास गाथा का उल्लेख करते हुए इस बात पर बल दिया कि अब राष्ट्र अपने संसाधनों से परिभाषित नहीं है; बल्कि अब देश अपनी असीमित क्षमता का अनुभव कर रहा है। भारत एक राष्ट्र के रूप में स्वयं को दृढ़ता से स्थापित कर चुका है। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे एक ऐसे भारत में प्रवेश कर रहे हैं, जो अब सुषुप्त अवस्था से जागृत अवस्था में प्रवेश कर चुका है। देश में सक्षम इकोसिस्टम को रेखांकित करते हुए उन्होंने छात्रों विकास की इस अविश्वसनीय गति का लाभ उठाने, पारदर्शिता का उपयोग करने और आर्थिक उन्नति के परिदृश्य से लाभान्वित होने तथा अवसरों को व्यक्तिगत उत्कृष्टता में परिवर्तित करने का आग्रह किया। उपराष्ट्रपति ने कहा कि असाधारण आधारभूत अवसंरचना विकास, व्यापक प्रौद्योगिकी युग में प्रवेश, डिजिटलीकरण की तीव्र गति और पारदर्शी एवं जवाबदेह शासन के प्रति प्रतिबद्धता अब केवल प्रचलित शब्द नहीं बल्कि वास्तविकता बन चुके है उन्होंने कहा कि नई दिल्ली में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन भारतीय नेतृत्व का प्रमाण बन गया है। छात्रों को यह याद दिलाते हुए कि वे परिवर्तकारी प्रौद्योगिकी में नए रुझानों से प्रेरित दुनिया में प्रवेश कर रहे हैं, उपराष्ट्रपति ने छात्रों का आह्वान किया भारत@2047 के सच्चे सैनिक बनने के लिए ऐसी प्रौद्योगिकियों को अपनाएं। उन्हों ने कहा कि भारत की गतिशील स्टार्टअप संस्कृति ने विश्व का ध्यान आकृष्ट किया है।

किसानों के दिल्ली कूच फिर लगेगा सड़कों पर भयंकर जाम

–पंजाब व हरियाणा बॉर्डर पर पहले से ही हालात बने असामान्य, किसानों को सरकार का प्रस्ताव नामंजूर



नई दिल्ली (ईएमएस)। किसान संगठनों ने सरकार का प्रस्ताव नामंजूर करके 21 फरवरी को फिर दिल्ली कूच का आह्वान किया है। इससे सड़कों पर भयंकर जाम लगने वाला है। दरअसल मोदी सरकार ने किसानों की मांगों के मद्देनजर एक प्रस्ताव दिया था, इस प्रस्ताव को किसानों ने खारिज कर दिया है। हरियाणा-पंजाब शंभू बॉर्डर पर किसान संगठनों ने एकजुट होकर यह निर्णय लिया है। पंजाब किसान मजदूर संघर्ष कमिटी के नेता सरवन सिंह पंढेर का कहना है कि हम 21 फरवरी को 11 बजे दिल्ली की तरफ बढ़ेंगे। इससे शहर व आसपास के अनेक इलाकों में जाम की स्थिति बन सकती है। गौरतलब है कि इससे पहले भी जाम से लोग परेशान हो चुके हैं। इधर पंजाब और हरियाणा के किसान अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं। जानकारी के अनुसार किसान संगठनों ने केंद्र सरकार के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया। इस दौरान किसानों ने 21 फरवरी को दिल्ली कूच करने की तैयारी की है। इससे शहर व आसपास के अनेक इलाकों में जाम की स्थिति बन सकती है। बताया जा रहा है कि पंजाब व हरियाणा बॉर्डर पर पहले से ही हालात असामान्य बने हुए हैं, ऐसे में 21 को दिल्ली कूच का मामला फिर गरमाएगा। बताया जा रहा है कि अनेक जगहों पर जाम की स्थिति निर्मित होने की आशंका भी है। आंदोलन को लेकर किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि सरकार की नीयत में खोट है। सरकार हमारी मांगों पर गंभीर नहीं है। हम चाहते हैं कि सरकार 23 फसलों पर एमएसपी यानी न्यूनतम समर्थन मूल्य का फॉमूर्ला तय करे। सरकार के प्रस्ताव से किसानों को कोई लाभ नहीं होने वाला है। डल्लेवाल ने कहा कि सरकार की ओर से जो प्रस्ताव दिया गया है, उसमें किसी तरह की स्पष्टता नहीं है। सरकार ने जो प्रस्ताव दिया है, उसका नाप-तोल किया जाए तो उसमें कुछ नजर नहीं आ रहा है। हमारी सरकार 1.75 लाख करोड़ रुपये का ताड़ का तेल बाहर से खरीदती है लेकिन इतनी धनराशि खेती के लिए तय की जाती तो किसानों को इससे बहुत फायदा होता। बता दें कि किसान आंदोलन के दूसरे हफ्ते भी ट्रैफिक जाम बना हुआ है। दरअसल पुलिस ने सभी बॉर्डर पर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए हैं। साथ ही, अंदरुनी सड़कों पर भी बैरिकेड लगाकर जांच की जा रही है। ऐसे में वाहन चालक जाम से सुबह से लेकर देर शाम तक जूझ रहे हैं। यूपी गेट बॉर्डर, 14-लेन दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे और एनएच-9 के कारण सबसे व्यस्त में से एक है। यहां सोमवार सुबह पीक आवर में जाम लग गया, हजारों कारें बंद लेन और फ्लाईओवरों से गुजर रही थीं। यहां पर पुलिस द्वारा क्रेन, कारें, बसें, ट्रक और सुरक्षाकर्मियों की एक टुकड़ी की तैनाती की गई है। यात्रियों ने इसे लेकर निराशा जताई है। पिछले सोमवार से सीमा पर किलेबंदी के कारण लोग दफ्तर देरी से पहुंच रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को 9वें रायसीना डायलॉग का उद्घाटन करेंगे, ग्रीस के प्रधानमंत्री होंगे मुख्य अतिथि



नई दिल्ली, (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को 9वें रायसीना डायलॉग का उद्घाटन करेंगे। ग्रीस के प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोताकिस उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और मुख्य भाषण देंगे। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में बताया कि रायसीना डायलॉग का 9वां संस्करण 21-23 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। रायसीना डायलॉग भू-राजनीति और भू-अर्थशास्त्र पर भारत का प्रमुख सम्मेलन है। यह अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने आने वाले सबसे चुनौतीपूर्ण मुद्दों के समाधना के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 21 फरवरी को इस संवाद का उद्घाटन करेंगे। ग्रीस के प्रधानमंत्री मित्सोताकिस मुख्य अतिथि के रूप में उद्घाटन सत्र में शामिल होंगे और मुख्य भाषण देंगे। 9वें रायसीना डायलॉग में 100 से अधिक देशों के प्रतिनिधि, मंत्री, पूर्व राष्ट्राध्यक्ष और शासनाध्यक्ष, सैन्य कमांडर, उद्योग के नेता, प्रौद्योगिकी नेता, शिक्षाविद, पत्रकार, रणनीतिक मामलों के विद्वान, प्रमुख थिंक टैंक और युवा विशेषज्ञ भाग लेंगे। 2024 संस्करण का विषय "चतुरंगाः संघर्ष, प्रतियोगिता, सहयोग, निर्माण" है। तीन दिनों के दौरान, दुनिया के निर्णय निमार्ता और विचारक छह विषयगत स्तंभों पर विभिन्न प्रारूपों में बातचीत में एक-दूसरे से जुड़ेंगे। इसमें (i) टेक फ्रंटियर्सः विनियम और वास्तविकताएं; (ii) ग्रह के साथ शांतिः निवेश और नवप्रवर्तन; (iii) युद्ध और शांतिः शस्त्रागार और विषमताएं; (iv) उपनिवेशवाद से मुक्तिः बहुपक्षवादः संस्थाएं और समावेशन; (v) 2030 के बाद का एजेंडाः लोग और प्रगति; और (vi) लोकतंत्र की रक्षाः समाज और संप्रभुता शामिल हैं। विदेश मंत्रालय ने बताया कि लगभग 115 देशों के 2500 से अधिक प्रतिभागी व्यक्तिगत रूप से इस डायलॉग में शामिल होंगे जबकि दुनियाभर में लाखों लोग विभिन्न डिजिटल प्लेटफार्मों पर इस कार्यवाही को देखेंगे।

योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आगे बढ़ रहा : पीयूष गोयल

भारत की अर्थव्यवस्था को आगे ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा उत्तर प्रदेश

लखनऊ, (हि.स.)। केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में हिस्सा लिया। इस अवसर पर बोलते हुए केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश की दिशा और दशा बदली है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में जिस प्रकार भारत दुनिया के सामने आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है, उसी प्रकार योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आगे बढ़ रहा है। केन्द्र व प्रदेश सरकार मिलकर गरीब कल्याण को नयी गति दे रहे हैं। अब उत्तरप्रदेश रूकने वाला नहीं। अब उत्तर प्रदेश थमने वाला नहीं है। पीयूष गोयल ने कहा कि विश्वभर में भारत और उत्तर प्रदेश की प्रसिद्ध हो रही है। पूरा विश्व भारत की ओर देख रहा है कि भारत विश्व की अर्थवयवस्था को बढ़ाने में एक प्रमुख भूमिका निभायेगा। उसी प्रकार भारत की अर्थव्यवस्था को आगे ले जाने में उत्तर प्रदेश महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि सामाजिक न्याय तब तक अधूरा है, जब तक समाज के हर व्यक्ति तक न्याय न पहुंचे। आठ वर्षों में योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश का कायाकल्प किया है। सोमवार को 10 लाख 24 हजार करोड़ की परियोजनाओं की शुरूआत एक साथ किया है। उन्होंने कहा कि कोई भी निवेशक तभी निवेश करता है जब उसे नेतृत्व, व्यवस्था व भविष्य पर विश्वास होता है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा प्रदेश सरकार के मंत्री अनिल राजभर, राज्यमंत्री जसवंत सैनी और उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

जीबीसी-4 : यूपी की बदली नीति का लाभ लेकर यहां निवेश करें उद्यमी : योगी आदित्यनाथ

लखनऊ, (हि.स.)। ग्राउंड बेकिंग सेरेमनी फोर के दूसरे दिन मंगलवार को एफडीआई कान्क्लेव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं केंद्रीय मंत्री इस गोयल शामिल हुए। इस कॉन्क्लेव में भारत के साथ ही दुनिया के कई अन्य देशों के उद्योगपति शामिल हुए। उद्योगपतियों ने उत्तर प्रदेश में बने निवेश करने के माहौल की सराहना की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश के चतुर्थ ग्राउंड बेकिंग सेरेमनी के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के समक्ष जो संकल्प लिए गए हैं, उसे पूरा करने लिए कार्य किया जाएगा। पिछले 6-7 वर्षों में उत्तर प्रदेश ने अपने इमेज को बदला है। आज उत्तर प्रदेश नए भारत का नया उत्तर प्रदेश है। अगर हम कहें कि विकसित भारत का विकसित उत्तर प्रदेश है। उन्होंने कहा कि 7 वर्ष पहले उत्तर प्रदेश देश का बीमारू राज्य हुआ करता था। उत्तर प्रदेश का मतलब देश के विकास का बैरियर माना जाता था, लेकिन आज उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य की श्रेणी से निकलकर देश की एक अनलिमिटेड पोटेंशियल स्टेट के रूप में स्थापित किया है। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के पास आज प्रकृति भी है, परमात्मा भी हैं और हमारे युवा हैं। इस त्रिवेणी के माध्यम से आज हम उत्तर प्रदेश को आगे बढ़ा रहे हैं। इन सात वर्षों में उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को दोगुना किया है। इसके पीछे प्रधानमंत्री मोदी का विजन था जिसे हम सब लेकर रणनीति बनाकर कार्य किए। आज सुरक्षा के साथ-साथ कानून व्यवस्था सुदृढ़ हुई है। आज यूपी देश की दूसरी अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में डेढ़ दशक के दौरान जो एफडीआई आया, वह हमारी सरकार में महज चार साल में ही आया। यह सरकार की नीति की वजह से संभव हो सका है। सीएम योगी ने उद्यमियों को यूपी में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि यूपी की मजबूत रणनीति का लाभ लेने के लिए उद्यमियों को आमंत्रित करता हूं और आने वाले सभी को धन्यवाद देता हूँ। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि आज पूरा देश और दुनिया लखनऊ के बारे में चर्चा कर रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने बदलाव को देखा है। प्रदेश के 25 करोड़ लोगों के जीवन में बदलाव, उनके जीवन में समृद्धि लाने के लिए कार्य किया है। आज ग्राउंड ब्रेकिंग सरेसमनी भी इसी कड़ी में है। आज सामाजिक न्याय दिवस है और मैं समझता हूं कि जब तक समाज के हर व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ न पहुंचे, विकास की किरणें न पहुंचे तब तक सामाजिक न्याय बेमानी है। उन्होंने कहा कि 2023 में ग्लोबल इनवेस्टर समिट हुई थी जिसमें 35 लाख उसका निवेश की प्रस्ताव आए थे। निवेशक तभी आता है जब उसका नेतृत्व पर भरोसा हो। निवेशक आता है तो उसका आत्मविश्वास बढ़ता है और प्रदेशवासियों का भी आत्मविश्वास बढ़ता है कि उनका भविष्य इससे संवरेगा। अब उत्तर प्रदेश रुकने वाला नहीं है। आज जिस प्रकार से भारत की और उत्तर प्रदेश की विश्व भर में प्रसिद्धि हो रही है, आज दुनिया भारत की ओर देख रहा है। भारत की अर्थव्यवस्था को आगे ले जाने में उत्तर प्रदेश अहम भूमिका निभा रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2014 से पहले भारत दुनिया की कमजोर अर्थव्यवस्था में गिना जाता था। आज भारत दुनिया की पांच बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। पहले बेरोजगारी बढ़ी हुई थी। महंगाई चरम पर थी। भारत की ओर कोई देखना नहीं चाहता था। उत्तर प्रदेश में 2000 सप्ताह से पहले कानून व्यवस्था ध्वस्त की। राज्य की अर्थव्यवस्था कमजोर थी। निवेशक यूपी में आना नहीं चाहते थे। किसानों की हालत बहुत कमजोर हो गयी थी। यहां से लोग पलायन कर रहे थे। ऐसे में 2014 में नरेंद्र मोदी ने देश की और योगी आदित्यनाथ ने यूपी की कमान संभाली तो देश और प्रदेश का कायाकल्प हुआ। आज यूपी में एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट से लेकर तमाम सुविधाएं बढ़ी हैं। प्रदेश को इंफ्रास्ट्रक्चर डेवेलपमेंट, सुशासन, सरकारी व्यवस्था को पारदर्शी करना, लोगों की देखभाल करना, भेदभाव समाप्त करना हो, सामाजिक न्याय पहुंचाने के लिए कार्य करना हो या अन्य सुविधाएं रही हों, योगी आदित्यनाथ सरकार ने बेहतरीन कार किया है। योगी सरकार ने ऐसे ही जो तमाम बड़े कदम उठाए हैं उसी वजह से दुनिया भर के निवेशक आज उत्तर प्रदेश में अपना उद्योग स्थापित कर रहे हैं। प्रदेश के कोने-कोने के जिलों में उद्योग स्थापित हो रहा है। प्रदेश का कोई भी हिस्सा उद्योग से वंचित नहीं है। मैं समझता हूं कि यही इस देश की ताकत है और यही उत्तर प्रदेश की ताकत है। इस मौके पर उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, राज्य मंत्री जसवंत सैनी, मुख्य सचिव दुगार्शंकर मिश्रा, अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री धामी समेत उत्तराखण्ड सरकार ने अयोध्या में राम लाल के किए दर्शन

अयोध्या, (हि.स.)। उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपनी कैबिनेट के सहयोगियों के साथ मंगलवार को श्री राम जन्मभूमि मन्दिर में रामलला के दर्शन किए। सभी लोग इस दौरान बेहद उत्साहित और भक्ति भाव में डूबे हुए नजर आए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ मंत्रिमंडल के सतपाल महाराज, प्रेमचंद अग्रवाल, सुबोध उनियाल, डॉ धन सिंह रावत, श्रीमती रेखा आर्य एवं राज्यसभा सांसद नरेश बंसल अयोध्या में महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री धामी और उनके सहयोगियों का भव्य स्वागत हुआ। इस दौरान पूरा परिसर जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। यहां से वह राम जन्मभूमि के लिए रवाना हुए। मुख्यमंत्री एवं उनके सहयोगी अयोध्या धाम में प्रभु राम को नमन कर पूजा अर्चना की। दर्शन करने के बाद मुख्यमंत्री धामी भावुक हो गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री रामलला के दर्शन से रोम-रोम भक्तिमय और मन प्रफुल्लित है। उन्होंने कहा कि रामलला को कई वर्षों तक टेंट में रहना पड़ा। आज भव्य मंदिर में रामलाला के दर्शन किए। मैं भाव विह्वल हूं और प्रभु श्रीराम के चरणों में समर्पित हूं। धामी ने कहा कि प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या में उत्तराखंड वासियों के लिए उत्तराखंड सरकार राज्य अतिथि गृह बनाने की तैयारी कर चुकी है। 4700 वर्ग मीटर में बनने वाले इस राज्य अतिथि गृह को बनाने के लिए हमारी सरकार ने भूमि की खरीद को लेकर 32 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड से भगवान श्री राम के दर्शन करने के लिए अयोध्या पहुंचने वाले श्रीराम भक्तों को इस राज्य अतिथि गृह में सुविधा मुहैया करवाई जाएगी।

पुलिस भर्ती परीक्षा निरस्त कराने को लेकर अभ्यर्थियों ने प्रदर्शन किया

आजमगढ़, (हि.स.)। यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा देने वाले सैकड़ों अभ्यर्थियों ने मंगलवार को हाथ में तख्तियां लेकर परीक्षा निरस्त कराने की मांग को लेकर डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया। अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा और परीक्षा को निरस्त कराने की मांग की। इस दौरान बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने हाथों में परीक्षा निरस्त करने की तख्तियां लिए हुए थे। प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों ने यह आरोप लगाया कि प्रश्न पत्र लीक के होने के साथ-साथ परीक्षा में बड़े पैमाने पर धांधली की गयी है। छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। ऐसे में जो प्रतियोगी छात्र हैं, उनके सपने और मेहनत पर पानी फिर गया है। परीक्षा पारदर्शी न होने के कारण अभ्यर्थी सदमें हैं और उनका भविष्य अंधकारमय हो गया है। अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपते हुए यह मांग किया कि परीक्षा को निरस्त कराया जाय। अभ्यर्थियों ने चेतावनी भी दी कि अगर परीक्षा निरस्त नहीं की गयी तो हमलोग आन्दोलन के लिए बाध्य होंगे।

उप्र में सपा-कांग्रेस का गठबंधन में आई दरार, सीट बंटवारे पर नहीं बनी बात

लखनऊ, (हि.स.)। समाजवादी पार्टी(सपा) और कांग्रेस के बीच बने विपक्षी गठबंधन में दरार आ गई है। सीट बंटवारे को लेकर दोनों ही पार्टियों के नेताओं के बीच सहमति न बनने से यह गठबंधन भी लगभग टूटता नजर आ रहा है। विपक्षी गठबंधन में सपा के साथ उत्तर प्रदेश में अब लगभग कोई भी पार्टी सहयोगी के रूप में नहीं है। इससे लोकसभा चुनाव में उसके अकेले ही मैदान में उतरने की मजबूरी बन गई है। देश की सत्ता पर काबिज भाजपा सरकार के खिलाफ विपक्षी दलों ने एक गठबंधन तैयार किया था। आईएनडीआईए नाम से बने इस गठबंधन में उत्तर प्रदेश से प्रमुख पक्षी दल के रूप में समाजवादी पार्टी शामिल थी। उसके साथ सहयोगी दल के रूप में कांग्रेस राष्ट्रीय लोक दल,अपना दल (कमेरावादी) आदि दलों के नेतागण इसमें शामिल थे। इस विपक्षी दल ने सत्ता दल को लोकसभा चुनाव में रोकने की तैयारी किए जाने का दंभ भरा जा रहा था। लेकिन अब चुनाव के नजदीक आते-आते यह गठबंधन बिखर सा गया है। इस बिखराव में उत्तर प्रदेश से प्रमुख विपक्षी दल के रूप में सपा के लिए बड़ी मुसीबतें खड़ी हो गई है। सपा से एक-एक कर सभी दलों ने किनारा कर लिया है। मंगलवार को कांग्रेस पार्टी ने भी सीट बंटवारे को लेकर असहमति जताते हुए गठबंधन से नाता तोड़ लिया है। सियासी चर्चा है कि कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश में 20 साइट मांगी थी। लेकिन सपा उन्हें 17 सीट ही देने की बात पर अड़ी थी। सूत्रों की मानें तो कांग्रेस ने सपा की जनाधार वाली सीटें मांगी थी। जिनमें बिजनौर,सीतापुर,देवरिया, अमरोहा,सहारनपुर,झांसी,मुरादाबाद मंडल की सभी सीटें मांगी थी। लेकिन सपा उक्त सीटों को देने के लिए राजी नहीं हुई। बस यहीं पर मामला फंस गया।

झारखंड मास्टर एथलेटिक एसोसिएशन के सचिव ने विजेता खिलाड़ियों को दी बधाई

रांची, (हि. स.)। झारखंड मास्टर एथलेटिक एसोसिएशन के सचिव लक्ष्मण राम ने पुणे में संपन्न हुई मास्टर फेडरेशन एथलेटिक्स खेलकूद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करके मंगलवार को रांची लौटे खिलाड़ियों को बधाई दी है। साथ ही गोल्ड मेडल जीतने वाले खिलाड़ी में अशोक महतो और 3000 सेंटीमीटर में धर्म नाथ मुंडा ने ब्रोंज मेडल जीता है। इसके अलावा सुरीति तिर्की, भोला सिंह ने शॉट पुट में, सतीश चौरसिया ने 1500 मीटर, 5000 मीटर और 3000 सेंटीमीटर में, जेनेन सेवैया ने एवं प्रभा लकड़ा हाई जंप में विजयी हुई। मौके पर सचिव लक्ष्मण राम ने कहा कि इन सभी खिलाड़ियों का सिलेक्शन वर्ल्ड मास्टर एथलीट खेलकूद प्रतियोगिता में होगा। जो स्वीडन में होने वाला है। उन्होंने कहा कि सभी वर्ल्ड मास्टर एथलीट्स खेलकूद प्रतियोगिता के लिए तैयारी करें । यह प्रतियोगिता अगस्त 2024 में होगा।

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ एक और मामला दर्ज

रांची, (हि. स.)। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ समन की अवहेलना को लेकर एक और मामला दर्ज हुआ है। इस संबंध में ईडी की ओर से शिकायतवाद संख्या 3952/2024 सीजेएम कोर्ट में दाखिल की गई। इसकी सुनवाई मंगलवार को हुई। सुनवाई के बाद कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 27 फरवरी निर्धारित की है। शिकायतवाद में शिकायतकर्ता ईडी की ओर से बताया गया है कि हेमंत सोरेन को ईडी ने जमीन घोटाला मामला में 10 समन जारी किया था, जिसमें से मात्र दो समन पर ही हेमंत सोरेन ईडी के समक्ष उपस्थित हुए थे। यह ईडी के समन की अवहेलना है। पीएमएलए की धारा 63 एवं आईपीसी की धारा 174 के तहत ईडी ने हेमंत सोरेन के खिलाफ समन की अवहेलना को लेकर शिकायतवाद दर्ज कराया है। ईडी के समक्ष 20 जनवरी को 8वां समन एवं 31 जनवरी को 10वां समन में हेमंत उपस्थित हुए थे। सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से दलील देते हुए कहा गया कि दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के समन मामले में ईडी ने दिल्ली में सीजेएम कोर्ट में शिकायतवाद दर्ज कराया था।

रामगढ़ के पंजाब रेजिमेंटल सेंटर में मियावाकी तरीके से लगाए गए पौधे

रामगढ़, (हि.स.)। जिले के पंजाब रेजिमेंटल सेंटर में मंगलवार को जंगल लगाने की मियावाकी तकनीकी के जरिए कम समय में घना जंगल तैयार करने के लिए पौधे लगाए गए। पायलट प्रोजेक्ट के रूप में एडिशनल डायरेक्टर जनरल इंफेन्ट्री ने विभिन्न प्रजातियों के 200 पौधे लगाए। इस जंगल को तैयार करने का मकसद ज्यादा से ज्यादा पेड़ उगाना और प्रदूषण को कम करना है। इसमें पंजाब रेजिमेंटल सेंटर के अधिकारियों, जेसीओ और जवानों ने उत्साहपूर्वक इस अभियान को उत्सव के रूप में मनाया। यह अभियान पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से मील का पत्थर साबित होगा और समृद्ध तथा स्वच्छ भविष्य प्रदान करेगा। बताया जाता है कि छोटी सी जगह में जंगल उगने का यह बेहतरीन जापानी तरीका है। एक खास प्रक्रिया के जरिए एक छोटे से स्थान पर कई पेड़ों को एक साथ लगाया जाता है, जिससे वह हमेशा हरे भरे रहें।

झारखंड हाई कोर्ट में अमन श्रीवास्तव गैंग के एश्ले लकड़ा की क्रिमिनल रिट पर हुई सुनवाई

रांची, (हि.स.)। झारखंड हाई कोर्ट में गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव गिरोह के सदस्य एश्ले लकड़ा की क्रिमिनल रिट पर मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान एश्ले लकड़ा के अधिवक्ता ने बहस के लिए समय की मांग की। जस्टिस आनंद सेन की कोर्ट में याचिका पर सुनवाई हुई। एश्ले ने जमानत याचिका खारिज होने के बाद क्रिमिनल रिट दाखिल कर दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने की मांग की है। एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) ने गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव गैंग के कई सदस्यों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। सभी के खिलाफ आईपीसी की धारा 386, 387, 109, 43, 201 और 120(बी) एवं अनलॉफूल एक्टिविटी प्रीवेन्शन एक्ट की धारा 20 और 21 के तहत चार्जशीट दाखिल हुई है, जिसके बाद आरोपित एश्ले ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। एटीएस द्वारा दर्ज की गयी कांड संख्या 1/2022 में श्रीवास्तव गिरोह के सरगना गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव, अविक श्रीवास्तव, चंद्रप्रकाश राणु, मंजरी श्रीवास्तव, एश्ले लकड़ा, प्रिंसराज श्रीवास्तव, विनोद कुमार पांडेय, अमजद खान, जहीर अंसारी, महमूद उर्फ नेपाली, असलम, फिरोज खान, सिद्धार्थ कुमार साहू, पिंटू और सुनील को आरोपित बनाया गया है।

पथराव की घटना से जनता का ध्यान भटकाने की हो रही साजिश : विहिप

रांची, (हि.स.)। विश्व हिन्दू परिषद रांची ग्रामीण जिला मंत्री रोबिन कुमार महतो और बजरंग दल जिला संयोजक बिनोद विश्वकर्मा ने कहा है कि विगत दिनों नगड़ी में सरस्वती पूजा विसर्जन जुलूस में एक समुदाय के जरिये सुनियोजित तरीके से मस्जिद के पास घात लगाकर पथराव की गई थी। इस हमले में कई लोग गंभीर रूप से जख्मी भी हुए हैं, जिनका इलाज अब भी चल रहा है। इस घटना से हिंदू समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। दोनों पदाधिकारियों ने कहा है कि पथराव की घटना से जनता का ध्यान भटकाने की साजिश एक जमात कर रहा है। क्योंकि, नगड़ी पुलिस उन उपद्रवियों को गिरफ्तार करने के बजाय संरक्षण देने में लगी है। इस मामले में नगड़ी पुलिस की भूमिका संदिग्ध है। पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर बजरंग दल का नाम मंदिरों की मूर्ति चोरी से जोड़ा जा रहा है। इसमें एक खास जमात के मीडियाकर्मी भ्रम और झूठ परोसने में शामिल हैं जबकि ये दोनों घटनाएं अलग-अलग हैं। इस समाचार का विहिप और बजरंग दल रांची ग्रामीण जिला निंदा करते हुए खंडन करते हैं। साथ ही मांग करते हैं कि ऐसे झूठे समाचार का स्वयं खंडन निकाले अन्यथा संगठन उन पर मानहानि का मुकदमा करेगी।

पीएम मोदी ने आईआईटी-आईआईएम के भवन का किया वर्चुअल उद्घाटन, सीएम नीतीश हुए शामिल

पटना, (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को आईआईटी पटना के नवनिर्मित 24 भवनों, आईआईएम बोधगया के स्थायी भवन तथा भागलपुर ट्रिपल आईटी के नये स्थायी भवन का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन किया। कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी बिहार विधानसभा के विस्तारित भवन स्थित अपने कक्ष से जुड़े। 466 करोड़ रुपये की लागत से बने आईआईटी पटना में 24 भवनों के निर्माण होने से अकादमिक ब्लॉक, केंद्रीय पुस्तकालय, छात्रावास, सेंट्रल लेक्चर हॉल और स्टूडेंट एक्टिविटी सेंटर सहित अन्य सुविधाएं छात्रों को मिलने लगीं। मुख्यमंत्री ने वर्ष 2007 में केंद्र सरकार से पटना में आईआईटी की स्थापना के लिए आग्रह किया था और वर्ष 2008 में पटना में इसकी स्थापना हुई थी। राज्य सरकार द्वारा पटना के बिहटा में उसके लिए 500 एकड़ भूमि निःशुल्क उपलब्ध कराई गई थी। मूलभूत शैक्षणिक एवं प्रशासनिक भवनों का निर्माण होने पर वर्ष 2012 में यह संस्थान बिहटा के स्थायी परिसर में हस्तांतरित हो गया।

आज नवनिर्मित भवनों का प्रधानमंत्री द्वारा लोकार्पण किए जाने से अब यहां पठन-पाठन का कार्य और बेहतर ढंग से संचालित हो सकेगा। आईआईएम, बोधगया के भवन के उद्घाटन होने से इस परिसर में छात्रों को अत्याधुनिक स्मार्ट कक्षाएं और पुस्तकालय आदि की और बेहतर सुविधाएं मिलने लगी हैं। 128 करोड़ रुपये की लागत से भागलपुर में ट्रिपल आईटी भवन के उद्घाटन से छात्र-छात्राओं को भी सुविधाएं मिलने लगी हैं। कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा तथा विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुमित कुमार सिंह भी जुड़े।

जिला से सटे नेपाल के वीरगंज में कर्फ्यू में ढील के बाद दोनों ओर के नागरिकों ने की खरीददारी

पूर्वी चंपारण, (हि.स.)। जिला से सटे नेपाल के वीरगंज में दो पक्षों के बीच हुए हिंसा और तनाव के बाद सोमवार को लगाए गए कर्फ्यू के बाद हालात सामान्य हुए हैं, जिसके बाद वीरगंज जिला प्रशासन ने मंगलवार की सुबह 6 बजे से दिन के 10 बजे तक कर्फ्यू में ढील दी। कर्फ्यू में ढील के बाद बड़ी संख्या में दोनो ओर फंसे भारतीय व नेपाली नागरिकों ने शंकराचार्य गेट और मैत्री पुल होकर आवाजाही की। शहर के नागरिकों ने आवश्यक समानों की खरीददारी की। नेपाल के पर्सा जिला के अधिकारी दिनेश सागर भुसाल ने बताया कि जारी अनिश्चित कालीन कर्फ्यू के बीच आम नागरिकों की सुविधा के लिए मंगलवार की सुबह 6 बजे से 10 बजे तक ढील दी गई।उन्होंने नागरिकों से शांति सद्भाव की अपील करते हुए कहा कि अनिश्चित कालीन कर्फ्यू का आदेश यथावत है केवल रियायत दी गई है। वीरगंज के मेयर राजेश मान सिंह ने भी हालत पर दुःख जताते हुए शांति सद्भाव की अपील की है। उल्लेखनीय है कि नेपाल के रौतहट जिला के ईश नाथ नगर पालिका क्षेत्र अन्तर्गत मोतीपुर में सरस्वती पूजा के प्रतिमा विसर्जन के दौरान दो पक्षों में हुए विवाद और झड़प की आंच वीरगंज पहुंची और देखते ही देखते रौतहट के बाद वीरगंज भी तनाव ग्रस्त हो गया है। रौहतट की घटना के विरोध और दोषियो पर कारवाई की मांग को लेकर आहूत वीरगंज बंद और प्रदर्शन के बाद स्थिति बिगड़ गई और पूरा शहर तनाव ग्रस्त हो गया,जिसके बाद सोमवार की शाम 5 बजे से कर्फ्यू लगा दिया गया। पुलिस ने स्थिति नियंत्रण के लिए लाठी चार्ज, दर्जनों राउंड अश्रु गैस के गोले छोड़े। इस दौरान करीब दो दर्जनों से ज्यादा लोग घायल और चोटिल हुए है। वीरगंज की हालात को लेकर रक्सौल बॉर्डर पर एसएसबी अलर्ट मोड पर है।साथ ही मोतिहारी डीएम सौरभ जोरवाल व एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने भी पुलिस और प्रशासन को हालत पर नजर रखने का निर्देश जारी किया है।नेपाल और भारत की ओर से केवल एंबुलेंस व जरूरी सेवा के आवागमन की अनुमति दी गई है। पैदल यात्रियों को पहचान दिखाकर स्थिति के अनुसार मैत्री पुल होकर आने जाने की अनुमति दी गई है।

राजद केवल माई की ही नहीं बाप की भी पार्टी है: तेजस्वी यादव

पटना, (हि.स.)। नेता प्रतिपक्ष और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव आज जन विश्वास यात्रा के पहले पड़ाव पर मुजफ्फरपुर जिले के कुढ़नी पहुंचे। यहां उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कुछ लोग कहते हैं राजद माई (माई) की पार्टी है लेकिन आज उन लोगों को बताना है कि हमारी पार्टी राजद न सिर्फ माई (माई) की पार्टी है बल्कि ये बाप की पार्टी है। अब आपको इसका मतलब समझना होगा। यहां बी का मतलब है - बहुजन,ए का मतलब - अगड़ा, ए का मतलब -आधी आबादी, पी का मतलब -पुअर या गरीब की पार्टी है। तेजस्वी यादव ने कहा कि हमलोग ए टू जेड वाले लोग हैं। सभी बहुजन आ गए, सभी अगड़ा लोग आ गए, आधी आबादी सभी महिलाएं आ गईं, सभी पूअर हमारे गरीब आ गए। तो ये माय के साथ ही साथ बाप की भी पार्टी है। तेजस्वी यादव ने कहा कि हमलोग जोड़ने वाले लोग हैं तोड़ने वाले लोग नहीं हैं। हमलोग प्यार की बात करते हैं और एकता की बात करते हैं लेकिन भाजपा वाला लोग छोड़ना चाहता है। तेजस्वी यादव ने कहा कि हमें आप लोगों की ताकत चाहिए। अगर आप ताकत देंगे तो आपके लिए जान भी दे देंगे। हमने वादा किया था की सरकार बनी तो 10 लाख नौकरी देंगे। 2020 में हमे षड्यंत्र से हरवाया गया।जब 2020 में हमने कहा कि 10 लाख नौकरी देंगे तो नीतीश ने कहा कि कहां से नौकरी देंगे। अपने बाप के घर से नौकरी देंगे। आपने 17 महीने जो ताकत दिया उसमे हमने अपना वादा पूरा किया। हमने अबतक 5 लाख नौकरियां दिलवाने का काम किया और हमने देश भर में रिकॉर्ड कायम किया। इस दौरान तेजस्वी यादव ने नीतीश कुमार पर तंज कसते हुए कहा कि बीजेपी वाला कहता है मोदी की गारंटी है। बीजेपी बताए कि नीतीश जी की गारंटी लेंगे। नीतीश जी फिर नही बदलेंगे इसकी गारंटी लेगी भाजपा। नीतीश कुमार एक साल में तीन तीन बार पलटी मारे। हमने बिहार में बड़ी लकीर की खींच दी है। अब जो भी बात करेगा वो नौकरी की बात करेगा। हमे कोई जल्दीबाजी नही है। सत्ता मे रहेंगे तो आपके लिए काम करेंगे।विपक्ष मे रहेंगे तो आपकी आवाज उठाएंगे।

संपादकीय

अयोध्या धाम से अबु धाबी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की छवि हिन्दूवादी नेता के तौर पर भारत में ही नहीं, अपितु विश्व में हो गई है। उन्हें एक ऐसे हिन्दू नेता के तौर पर देखा जा रहा है, जो अपनी हिन्दू पहचान पर गर्व करता है और सबको साथ लेकर चलता है। हिन्दू समाज के गौरव एवं आनंद को बढ़ानेवाले अवसरों पर उन्हें सब कोई उपस्थित देखना चाहते हैं। पिछले माह 22 जनवरी को उनकी गरिमामयी उपस्थिति में भारत की सांस्कृतिक राजधानी अयोध्या धाम में भगवान श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा उत्सव का आयोजन सम्पन्न हुआ तो अब 13 फरवरी को भारत के बाहर संयुक्त अरब अमीरात के शहर अबु धाबी में पहले हिन्दू मंदिर के लोकार्पण समारोह में शामिल हुए। अयोध्या धाम से अबु धाबी तक प्रधानमंत्री मोदी हिन्दुत्व का परचम थामे भारतीय विचार के प्रतिनिधि के तौर पर दिखायी देते हैं। यूएई मुस्लिम बाहुल्य है, वहाँ हिन्दू समुदाय का भव्य मंदिर बनना, यह भी भारत की बढ़ती शक्ति एवं स्वीकार्यता का द्योतक है। प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों से बीते एक दशक में खाड़ी के देशों के साथ भारत के संबंध प्रगाढ़ हुए हैं, उनमें एक विश्वास दिखायी देता है। इसी विश्वास का परिणाम हैं कि यूएई का अमीर भारत के प्रधानमंत्री को कहता है कि आपको मंदिर निर्माण के लिए जो जगह और जितनी जगह चाहिए, आप एक लाइन खींच दीजिए, वह जमीन आपकी हो जाएगी। किसी देश के प्रमुख की ओर से यह बात कह देना, भारत के प्रधानमंत्री मोदी के साथ उसके संबंधों की गहरायी को प्रकट करती है। उल्लेखनीय है कि 1997 में बहरीन में पहले हिंदू मंदिर के उद्घाटन में शामिल होने के लिए बोचासनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था के आचार्य प्रमुख स्वामी महाराज गए थे। अबु धाबी में BAPS से जुड़े भक्त पहले से ही एक छोटे से भवन में मूर्तियां रखकर भगवान की सेवा करते थे। तब अबु धाबी की रेत पर बैठकर प्रमुख स्वामी महाराज ने संकल्प किया था कि यहां भी एक मंदिर बनाऊंगा। इसका जिम्मा उन्होंने महंत स्वामी महाराज को दिया। महाराज के आदेश पर 2012 मंदिर के लिए जमीन तलाशने का काम शुरू हुआ। इस बीच मंदिर से जुड़े प्रमुख आचार्यों एवं प्रबंधकों ने यूएई के राष्ट्रपति और अबु धाबी के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के सामने दो-तीन जमीन का प्रस्ताव रखा। इस दौरान 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूएई के प्रवास पर पहुंचे। तब मोदी के सामने ही क्राउन प्रिंस ने मंदिर की अनुमति दी और वचन दिया कि वे मंदिर के लिए जमीन देंगे। बहरहाल, 'अहलन मोदी' (हेलो मोदी) कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए ऐसे कुछ प्रसंग भी सुनाये, जिनसे पता चलता है कि दोनों राष्ट्रप्रमुखों के मध्य रिश्तों में गहरा विश्वास है। भारत और यूएई के बीच तकनीक के आदान-प्रदान एवं विकास के संदर्भ में महत्वपूर्ण संधि भी हुई हैं। भारत ने आगे बढ़कर यूएई को यूपीआई से भुगतान करने की तकनीक दी है। यह निर्णय तकनीक के क्षेत्र में भारत की बढ़ती धमक को प्रदर्शित करता है। व्यापारिक रूप से भी दोनों देश एक-दूसरे के काफी नजदीक हैं। यूएई, भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। दोनों देशों के बीच आपसी रिश्ते जितने अधिक मजबूत होंगे, उतना ही लाभ दोनों देशों को मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी का जिस ढंग से स्वागत किया गया है, उससे उनकी छवि वैश्विक स्तर के राजनेता के तौर पर और पक्की हो गई है। हिन्दू राजनेता के तौर पर यदि आज किसी को देखा जा रहा है, तो वह एक नाम भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का है।

अयोध्या धाम से अबु धाबी तक प्रधानमंत्री मोदी हिन्दुत्व का परचम थामे भारतीय विचार के प्रतिनिधि के तौर पर दिखायी देते हैं। यूएई मुस्लिम बाहुल्य है, वहाँ हिन्दू समुदाय का भव्य मंदिर बनना, यह भी भारत की बढ़ती शक्ति एवं स्वीकार्यता का द्योतक है। प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों से बीते एक दशक में खाड़ी के देशों के साथ भारत के संबंध प्रगाढ़ हुए हैं, उनमें एक विश्वास दिखायी देता है। इसी विश्वास का परिणाम हैं कि यूएई का अमीर भारत के प्रधानमंत्री को कहता है कि आपको मंदिर निर्माण के लिए जो जगह और जितनी जगह चाहिए, आप एक लाइन खींच दीजिए, वह जमीन आपकी हो जाएगी। किसी देश के प्रमुख की ओर से यह बात कह देना, भारत के प्रधानमंत्री मोदी के साथ उसके संबंधों की गहरायी को प्रकट करती है। उल्लेखनीय है कि 1997 में बहरीन में पहले हिंदू मंदिर के उद्घाटन में शामिल होने के लिए बोचासनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था के आचार्य प्रमुख स्वामी महाराज गए थे। अबु धाबी में BAPS से जुड़े भक्त पहले से ही एक छोटे से भवन में मूर्तियां रखकर भगवान की सेवा करते थे। तब अबु धाबी की रेत पर बैठकर प्रमुख स्वामी महाराज ने संकल्प किया था कि यहां भी एक मंदिर बनाऊंगा। इसका जिम्मा उन्होंने महंत स्वामी महाराज को दिया।

केंद्र की सत्ता से भाजपा को बेदखल करने के लिए कांग्रेस और कई क्षेत्रीय दलों ने गठबंधन तैयार किया

अंकगणित के साथ विमर्श के मोर्चे पर भी पिछड़ी कांग्रेस

विकास सक्सेना

विपक्षी दलों के कई नेताओं के साथ आने से भाजपा का कुनबा बढ़ रहा है तो विपक्षी गठबंधन बनाकर भाजपा विरोधी विमर्श खड़ा करने की जुगत में लगी कांग्रेस को इस साल की शुरुआत से ही एक के बाद एक झटके लग रहे हैं। केरल, पश्चिम बंगाल, पंजाब और दिल्ली में गठबंधन की संभावना खत्म होने से चुनावी अंकगणित के मामले में कांग्रेस तेजी से पिछड़ ही रही थी। इसी बीच पार्टी ने पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को राजस्थान से राज्यसभा भेजने का हैरान करने वाला निर्णय लिया है।

देश के आम चुनाव के लिए सौ दिनों से भी कम समय बचा है, सभी राजनैतिक दल इसके लिए अपने-अपने तरीके से सियासी बिसात बिछा रहे हैं। विपक्षी दलों के कई नेताओं के साथ आने से भाजपा का कुनबा बढ़ रहा है तो विपक्षी गठबंधन बनाकर भाजपा विरोधी विमर्श खड़ा करने की जुगत में लगी कांग्रेस को इस साल की शुरुआत से ही एक के बाद एक झटके लग रहे हैं। केरल, पश्चिम बंगाल, पंजाब और दिल्ली में गठबंधन की संभावना खत्म होने से चुनावी अंकगणित के मामले में कांग्रेस तेजी से पिछड़ ही रही थी। इसी बीच पार्टी ने पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को राजस्थान से राज्यसभा भेजने का हैरान करने वाला निर्णय लिया है। उत्तर प्रदेश की रायबरेली सीट को छोड़ कर सुरक्षित तरीके से राज्यसभा सांसद बनने के फैसले से विमर्श के मोर्चे पर भी कांग्रेस पिछड़ गई है। केंद्र की सत्ता से भाजपा को बेदखल करने के लिए कांग्रेस और कई क्षेत्रीय दलों ने गठबंधन तैयार किया है। इससे उत्साहित मोदी विरोधी दलों के नेता कह रहे थे सामूहिक विपक्ष का उम्मीदवार उतार कर वे आसानी से भाजपा को हरा सकते हैं। अपने दावों को पुष्ट करने के लिए वे पिछले चुनावों में भाजपा को मिले वोट और अन्य दलों को मिले मतों का अंकगणित लगा कर यह समझाने की कोशिश में जुटे हैं कि जो वोट भाजपा को नहीं मिले हैं वे विपक्ष के साझा उम्मीदवार को मिल जाएंगे। इस तरह विपक्षी गठबंधन अजेय दिख रही भाजपा को आसानी से हरा देगा। इसके साथ ही चुनावी रैलियों में प्रमुख क्षेत्रीय नेताओं के एक मंच पर एकजुटता दिखाने से भाजपा विरोधी विमर्श तैयार करना भी आसान होगा। भाजपा के खिलाफ वातावरण तैयार करने के लिए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मणिपुर से भारत जोड़ो न्याय यात्रा प्रारम्भ की है। इस यात्रा के पश्चिम बंगाल पहुंचने से पहले ही विपक्षी गठबंधन की प्रमुख नेता ममता बनर्जी ने ऐलान कर दिया कि उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस पश्चिम बंगाल की सभी सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी। इसी तरह पंजाब में आम आदमी पार्टी के मुख्यमंत्री भगवत सिंह मान भी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस से समझौता न करने की बात कर ही रहे थे कि अब दिल्ली में भी आम आदमी पार्टी, कांग्रेस को सात में से सिर्फ एक सीट छोड़ने की बात कर रही है। विपक्षी गठबंधन के नेताओं और शुभचिंतकों को सबसे ज्यादा उम्मीदें बिहार से थीं। यहां राजद, जदयू, कांग्रेस और वामदलों के महागठबंधन की सरकार भी चल रही थी। यहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ही पटना में पहली बैठक आयोजित

करके विपक्षी गठबंधन की नींव रखी थी। लेकिन राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के बिहार पहुंचने से पहले ही नीतीश कुमार एक बार फिर पाला बदल कर राजग में शामिल हो गए हैं। केरल में मुख्य मुकाबला माकपा के नेतृत्व वाले एलडीएफ और कांग्रेस नीत यूडीएफ के बीच होता है यहां भाजपा का जनाधार सीमित है। लोकसभा चुनाव 2019 में राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश की अमेठी सीट के अलावा केरल के वायनाड से भी चुनाव लड़ा था। यहां की 20 में से 19 सीटों पर कांग्रेस गठबंधन ने जीत हासिल की थी। इसको लेकर वामदल काफी चौकन्ने हैं। केरल के कम्युनिस्ट नेता कांग्रेस पर तीखे हमले कर रहे हैं और उन्होंने लोकसभा चुनाव में कांग्रेस से किसी तरह का समझौता न करने का ऐलान किया है। उत्तर प्रदेश में बसपा सुप्रीमो मायावती के गठबंधन में शामिल न होने की घोषणा से ही विपक्षी एकता की बातें औचित्यहीन लग रही थीं लेकिन रालोद नेता जयंत चौधरी के राजग में शामिल होने के बाद तो विपक्षी कुनबा बुरी तरह बिखर चुका है। सपा और कांग्रेस के तमाम कार्यकर्ता पार्टी नेताओं के राममंदिर विरोधी बयानों से असहज महसूस कर रहे हैं। हिन्दू धर्म, भगवान राम और रामचरित मानस के खिलाफ लगातार अनर्गल बयानबाजी कर रहे सपा के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उनकी शिकायत है कि उनके बयानों को पार्टी की तरफ से समर्थन नहीं मिल रहा है जबकि सपा नेताओं का एक वर्ग उनके बयानों से नाराज है और उनके खिलाफ कार्रवाई चाहता है। राज्यसभा चुनाव में टिकट वितरण को लेकर अपना दल (कमेराबादी) की विधायक पल्लवी पटेल ने भी बगावत कर दी है। उन्होंने सपा पर पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए राज्यसभा चुनाव में सपा के उम्मीदवार को वोट न देने की घोषणा की है। लगातार दो लोकसभा चुनावों में अकेले अपने दम पर पूर्ण बहुमत के आंकड़े से अधिक सीटें जीत भाजपा ने देश की राजनीति की दिशा को बदल दिया है। एक समय था जब हर चुनाव से पहले सत्ता विरोधी रुझान की चर्चा आम हुआ करती थी। राजनैतिक विश्लेषक इसी आधार पर चुनावी नतीजों का आकलन किया करते थे। लेकिन वर्ष 2014 के लोकसभा चुनावों के मुकाबले 2019 के चुनावों में अधिक सीटें जीतकर भाजपा ने इस मिथक को तोड़ दिया। भाजपा के लगातार बढ़ते जनाधार से कांग्रेस और तमाम क्षेत्रीय दलों को अपना राजनैतिक अस्तित्व खतरे में नजर आने लगा है। खासतौर से केंद्र सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनाए गए सख्त रवैये और केंद्रीय जांच एजेंसियों प्रवर्तन निदेशालय, सीबीआई और आयकर विभाग की कार्रवाइयों से भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे राजनेता और नौकरशाह भयाक्रांत हैं। हालांकि विपक्षी नेता लगातार आरोप लगा रहे हैं कि केंद्र सरकार जांच एजेंसियों को राजनैतिक हथियार की तरह प्रयोग कर ही रही है, लेकिन हकीकत यह है कि जांच एजेंसियों ने छापे मारकर नोटों के पहाड़ बरामद किए हैं। और इन संस्थाओं ने जिन नेताओं को गिरफ्तार किया है उन्हें न्यायालय से भी राहत नहीं मिल रही है। ऐसे में वे लोगों को इस बात के लिए संतुष्ट नहीं कर पा रहे हैं कि वे निर्दोष हैं और उनका बेवजह उत्पीड़न किया जा रहा है। लोकसभा चुनाव में भाजपा को पछाड़ने के लिए विपक्षी दलों के रणनीतिकार दो स्तरों पर प्रयास कर रहे थे। एक तरफ वे भाजपा के खिलाफ पड़े वोटों को एक खेमे में दिखाकर अंकगणित के हिसाब से विपक्षी गठबंधन को मजबूत दिखाने की कोशिश कर रहे थे। दूसरी ओर अलग अलग राज्यों के प्रमुख क्षेत्रीय नेताओं को एक मंच पर लाकर भाजपा विरोधी लहर का विमर्श खड़ा करने की जुगत में लगे थे। ताकि देश की जनता को यह विश्वास दिलाया जा सके कि चारों तरफ भाजपा और मोदी के खिलाफ माहौल बन रहा है। लेकिन पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी, केरल में पी बिजयन, पंजाब और दिल्ली में केजरीवाल की बेरुखी और बिहार में नीतीश कुमार, उप्र में जयंत चौधरी और महाराष्ट्र में अशोक चव्हाण के पाला बदलने से विपक्षी गठबंधन की चूलें हिल गई हैं। अब सोनिया गांधी के राजस्थान के रास्ते राज्यसभा जाने से भाजपा और उसके समर्थकों को यह विमर्श खड़ा करने में आसानी होगी कि कांग्रेस की नेता हार के डर से जनता की अदालत में जाने के बजाय सुरक्षित रास्ते से राज्यसभा में जा रही हैं।

दृष्टि कोण

दो दशकों में 50 फीसदी तक बढ़ सकते हैं मामले, पुरुषों में खतरा अधिक

विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान है कि 2020 से 2040 तक मुंह के कैंसर (ओरल कैंसर) की घटनाएं 50.7% तक बढ़ सकती हैं। ओरल कैविटी कैंसर के अनुमानित मामले 60 लोगों में से एक में हो सकते हैं। वाराणसी में, पीबीसीआर के आंकड़ों के अनुसार, ओरल कैविटी पुरुषों में कैंसर का प्रमुख कारण है, जो लगभग 40% कैंसर के लिए जिम्मेदार है, जबकि महिलाओं में यह 6% है। कैंसर के हर तीन में से एक मामला मुंह के कैंसर का हो सकता है। जिले में 48 में से 1 पुरुष को मुंह का कैंसर होने का खतरा है। ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में शहरी क्षेत्रों (प्रति 100,000 जनसंख्या पर 22.4) में कैंसर की घटना दर 38% अधिक है। इस अंतर को जीवनशैली, खान-पान की आदतों और स्वास्थ्य सुविधाओं तक आसान पहुंच के कारण अधिक निदान के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। ओरल कैंसर, मुंह की एक घातक बीमारी है जो जीभ, अंदरूनी गाल, ऊपरी और निचले जबड़े के हिस्से को प्रभावित करती है। यह अधिकतर मौखिक

म्यूकोसा के कार्सिनोजेनिक पदार्थों के अत्यधिक संपर्क में आने के कारण बनता है। वाराणसी में इस कैंसर का प्रमुख कारण चबाने वाली तंबाकू (खैनी/सूरती) और सुपारी है। निष्कर्षों से पता चलता है कि जो लोग शराब और तंबाकू दोनों का सेवन करते हैं उनमें मुंह के कैंसर का खतरा उन लोगों की तुलना में 8 गुना अधिक होता है जो दोनों का सेवन नहीं करते हैं। सिगरेट-बीड़ी पीना और सुपारी या पान चबाना भी उतना ही हानिकारक है। कुछ अन्य कारणों में एचपीवी वायरस, खराब फिटिंग वाले डेन्चर शामिल हैं। चूंकि मुंह के कैंसर के शुरुआती चरण दर्द रहित और लक्षणहीन होते हैं, इसलिए उनका निदान करना बहुत चुनौतीपूर्ण हो जाता है। सभी संभावित उपचारों को पूरा करने और अंतरराष्ट्रीय दिशानिर्देशों का पालन करने के बाद भी, सफलता (पांच साल तक जीवित रहने) की संभावना कम रहती है। कई कैंसर पीड़ित उच्च स्तर की विकृति और दर्द के कारण मौत का शिकार भी हो जाते हैं। कुछ मरीज जो शुरू में ठीक हो जाते हैं उन्हें बाद की उम्र में कैंसर की पुनरावृत्ति का अनुभव हो सकता है। मुंह के कैंसर आमतौर पर, घाव (शुरुआती लक्षण) सफेद घाव (ल्यूकोप्लाकिया) या लाल घाव (एरिथ्रोप्लाकिया), मुंह में जलन (लाइकेन प्लेनस), मुंह खोलने में परेशानी (ओरल सबम्यूकस फाइब्रोसिस) और ठीक न होने वाले अल्सर पैदा कर सकता है। एक बार कैंसर के घातक होने पर मुंह, चेहरे के हिस्से में अनियमित वृद्धि/घाव/ठीक न होने वाले अल्सर को स्पष्ट देखा जा सकता है। ये गर्दन के लिम्फ नोड्स में भी सूजन का भी कारण बन सकती है। मौखिक कैंसर का निदान आमतौर पर परीक्षण (विजुअल एग्जामिनेशन) द्वारा किया जाता है, यह मौखिक कैंसर के निदान का एक बहुत ही लागत प्रभावी तरीका है। क्लीनिकल निदान की पुष्टि करने के लिए डॉक्टर बायोप्सी करते है, जिसमें लोकल एनेस्थीसिया देकर मुंह के प्रभावित क्षेत्र का एक छोटा सा टुकड़ा लेना और माइक्रोस्कोप से इसकी जांच करना शामिल है। यदि कैंसर के निदान की पुष्टि हो जाती है तो रोगी को सीटी स्कैन, एमआरआई या पीईटी स्कैन जैसी आगे की जांच की आवश्यकता हो सकती है। सर्जरी प्रमुख उपचार है जिसके बाद उन्नत मामलों में रेडिएशन और कीमोथेरेपी जैसे सहायक उपचार आते हैं। आदत में सुधार, कैंसर के रोकथाम, शीघ्र निदान की कुंजी है। किसी भी सफेद या लाल धब्बे या दर्द रहित अल्सर के लिए ऑन्कोलॉजिस्ट से सलाह लेनी चाहिए। इलाज पूरी तरह से निदान के समय पर निर्भर करता है। मुंह के कैंसर का यदि शीघ्र निदान हो जाए तो इसे ठीक किया जा सकता है।

कुछ अलग

विचारों से कर सकते अपने ऐक्शन कंट्रोल

पिछले दिनों मुंबई में दो घटनाएं ऐसी हुईं जिनमें विरोधी राजनीतिक पार्टियों के नेताओं ने अपने प्रतिद्वंद्वियों पर गोली चलाई। पहली वारदात में गोली खाने वाला बच गया, पर दूसरी में जिसे गोली लगी और जिसने मारी दोनों मारे गए। एक सुंदर मानव जीवन का ऐसा आकस्मिक अंत पूरे समाज में दुख और घबराहट फैलाता है। दुख इसलिए क्योंकि जीवन में कुछ भी हो जाए, कैसी भी हार मिले, कितनी भी निराशा आए, जीवन खत्म करने के लिए नहीं। जीवन तो हर विपरीत स्थिति में लड़ने के लिए है। ब्रह्मांड ने हमारा डिफॉल्ट सिस्टम ऐसा बनाया है कि हम हमेशा अपनी खुशी के लिए काम करते हैं। हमारा प्रयास हमेशा खुद को तन से और मन से आराम में रखना होता है। आराम में रहने के लिए सुविधाएं चाहिए होती हैं, इसलिए हम पैसा कमाने के लिए नौकरी करते हैं या कोई दूसरा पेशा अपनाते हैं। राजनीति भी एक पेशा है। जैसे दूसरे पेशे में प्रतिद्वद्वी होते हैं, वैसे ही इस पेशे में भी हो सकते हैं। लेकिन प्रतिद्वंद्वियों को गोली थोड़ी मारी जाती है। अगर आप इस तरह अपने प्रतिद्वंद्वियों को अपनी राह से हटाना चाहते हैं, तो आपके दिमाग में खोट है। आपके सोचने में खोट है। इस खोट को ठीक करने की जरूरत है। राजनीति में इधर नेताओं के बीच वैमनस्यता बहुत ज्यादा बढ़ रही है। एक समय था जब महात्मा गांधी जैसे लोग राजनीति में सर्वाधिक सक्रिय थे और राजनीति को बहुत ऊंचा मकाम हासिल था। आप राष्ट्र के बड़े कवि होते हुए भी राजनीति में सक्रिय हो सकते थे। उन्हें नेता नहीं बल्कि राजनीतिज्ञ कहा जाता था। उनके दिलों में अपने देश और समाज को विकास की राह पर आगे ले जाने की चिंता थी। समाज को बुराइयों से मुक्त करने की चिंता थी। उसके पास दूसरी पार्टी के नेता को नीचे दिखाने के बारे में सोचने का वक्त कहां था। लेकिन अब जिस तरह से नेताओं और पार्टियों में अदला-बदली होती है, कीचड़ उछाला जाता है, ऐसा लगता है कि देश और समाज का उत्थान सिर्फ कहने भर के लिए है। दांव पर पदों की पावर और पैसा लगा हुआ है। असल में इसी पावर और पैसे की वजह से नेताओं की सोच दूषित हो रही है और वे अपने प्रतिद्वंद्वी पर गोली चलाने जैसा अपराध करने के स्तर तक नीचे गिर रहे हैं। पर सवाल यह है कि क्या नेताओं के पास अपने दिमाग को दुरुस्त रखकर एक शांतिपूर्ण जीवन जीने का कोई विकल्प नहीं? उनके पास बहुत विकल्प हैं। विकल्प ही विकल्प हैं। जहां चाह होती है वहां राह होती है। बहुत से नेता हैं जो जीवन को पूरी ईमानदारी, निष्ठा के साथ जीने की कोशिश कर रहे हैं। जीवन को सुदर, बेहतर और ताकतवर बनाने में संलग्न हैं। वे बहुत समर्पण से काम कर रहे हैं। उनकी खासियत यह है कि वे अपने दिमाग की सेहत पर ध्यान देते हैं। अपने विचारों को दूषित नहीं होने देते। जब आप योग, ध्यान, प्राणायाम और सत्संग के रास्ते पर चलते हैं और सकारात्मक गतिविधियों और सकारात्मक लोगों से घिरे रहते हैं, तो अपने आप आपके विचारों की क्वॉलिटी भी नेगेटिव से बदलकर पॉजिटिव हो जाती है। जिस नेता ने अपने प्रतिद्वंद्वी को मारकर खुद को भी मार लिया, यह तय मानिए कि उसके दिमाग में बहुत लंबे समय से बहुत नेगेटिव विचार आ रहे होंगे। हमारे शरीर में दो धाराएं हैं। एक पॉजिटिव ऊर्जा की धारा और एक नेगेटिव ऊर्जा की धारा। जब जो धारा बहेगी तब हम वैसे ही काम करेंगे। इसमें व्यक्ति का दोष कम और उस धारा का दोष ज्यादा होता है। लेकिन वह धारा हमारे विचारों से सक्रिय होती है। कोई भी विचार जब बहुत लंबे समय तक दिमाग में चलता है, तो वह अपनी प्रकृति के अनुरूप हमारे शरीर में ऊर्जा की धारा को सक्रिय कर देता है। आपका पेशा कोई भी हो। विचारों को अपने नियंत्रण में रखना बहुत जरूरी है।

देश दुनीया से

राजनीतिक लक्ष्य हासिल करने के लिए किसानों की भावनाएं भड़काई गयी हैं

भारत भूमि को वैसी चमक हासिल नहीं हो पाई, जैसी औद्योगिक क्रांति के बाद के महज डेढ़ सौ सालों में ही यूरोप ने हासिल कर लिया। बेशक भारत आज दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर वह तेजी से अग्रसर भी है। लेकिन इस आर्थिक विकास का आनुपातिक हिस्सा गरीबों, मजदूरों और किसानों को नहीं मिल पाया है। मौजूदा किसान आंदोलन को लेकर अगर देश के एक बड़े वर्ग में सहानुभूति है तो इसकी एक बड़ी वजह हमारी व्यवस्था की नाकामी से उपजा असंतुलन ही है। किसानों को लेकर बनी सोच का ही नतीजा है कि दो साल पहले हुए किसान आंदोलन की हिंसा और हठधर्मिता के बावजूद देश का एक बड़ा हिस्सा उनके प्रति हमदर्दी रखता रहा है। स्वाधीन भारत में कई किसान आंदोलन हुए। बेशक हमारा देश अब औद्योगिक और सेवा क्षेत्र का बड़ा हब बनता जा रहा है, लेकिन अब भी देश की बड़ी आबादी खेती-किसानी पर निर्भर है।

खेती किसानी की संस्कृति वाले अपने देश की विडंबना कहेंगे या फिर कुछ और...गुलाम भारत में बदहाल रही खेती-किसानी को लेकर आजाद भारत में भी क्रांतिकारी बदलाव नहीं आ पाया। राजनीति का खेल कहें या शासन व्यवस्था की नाकामी, आजाद भारत के सारे चुनावों में किसानों की स्थिति मुद्दा रही। वामपंथी धारा की राजनीति हो या राष्ट्रवादी धारा की, समाजवादी हों या मध्यमार्गी, हर राजनीतिक दल, सभी चुनावों में किसान, मजदूर और गरीब को ही मुद्दा बनाता रहा। लेकिन आजादी के पचहत्तर साल बाद भी संपूर्ण भारत भूमि को वैसी चमक हासिल नहीं हो पाई, जैसी औद्योगिक क्रांति के बाद के महज डेढ़ सौ सालों में ही यूरोप ने हासिल कर लिया। बेशक भारत आज दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर वह तेजी से अग्रसर भी है। लेकिन इस आर्थिक विकास का आनुपातिक हिस्सा गरीबों, मजदूरों और किसानों को नहीं मिल पाया है। मौजूदा किसान आंदोलन को लेकर अगर देश के एक बड़े वर्ग में सहानुभूति है तो इसकी एक बड़ी वजह हमारी व्यवस्था की नाकामी से उपजा असंतुलन ही है। किसानों को लेकर बनी सोच का ही नतीजा है कि दो साल पहले हुए किसान आंदोलन की हिंसा और हठधर्मिता के बावजूद देश का एक बड़ा हिस्सा उनके प्रति हमदर्दी रखता रहा है। स्वाधीन भारत में कई किसान आंदोलन हुए। बेशक हमारा देश अब औद्योगिक और सेवा क्षेत्र का बड़ा हब बनता जा रहा है, लेकिन अब भी देश की बड़ी आबादी खेती-किसानी पर निर्भर है। एक आंकड़े के मुताबिक अब भी ग्रामीण आबादी का 54 फीसद हिस्सा सिर्फ खेती और किसानी पर ही निर्भर है। अपना देश विशाल है और स्थानीय स्तर पर लोगों की अपनी-अपनी समस्याएं भी रहती ही हैं। स्वाधीन भारत ने जिस ब्यूरोक्रेसी को अपनाया है, कई बार उसकी जड़ सोच की वजह से भी स्थानीय स्तर पर समस्याएं उपजती ही रहती हैं। उसकी वजह से स्थानीय स्तर पर हर समय देश के किसी ना किसी हिस्से में किसान आंदोलन होते ही रहते हैं। लेकिन हाल के वर्षों में बड़े किसान आंदोलन अगर हुए हैं, उनमें प्रमुख रूप से तीन-चार के ही नाम गिनाए जा सकते हैं। पिछली सदी के अस्सी के दशक में भारतीय किसान यूनियन नेता महेंद्र सिंह टिकैत की अगुआई में हुआ आंदोलन इनमें सबसे ज्यादा उल्लेखनीय रहा है। शायद यह पहला मौका था, जब किसानों ने दिल्ली के वोट क्लब को घेर लिया था। जब नरसिंह राव ने उदारीकरण की नीतियां स्वीकार कीं, भारत जब विश्व व्यापार संगठन का हिस्सा बना, तब शेतकारी संगठन जैसे किसान संगठनों की अगुआई में खेती में विदेशी हस्तक्षेप और भारतीयता की परंपरा को खत्म करने की आशंकाओं के खिलाफ पिछली सदी के आखिरी दशक में लंबा आंदोलन चला। हरियाणा में बिजली बिल माफ करने की मांग को लेकर हुए आंदोलन को भी इस सूची में जोड़ सकते हैं। लेकिन अतीत के ये आंदोलन कभी हिंसक नहीं रहे। अगर किंचित हिंसा हुई भी तो उसके निशाने पर सार्वजनिक स्थल आदि ही रहे। लेकिन पिछले दो साल से

हो रहे किसान आंदोलन को लेकर ऐसा नहीं कहा जा सकता। दो साल पहले साल 2021 की 26 जनवरी के दिन दिल्ली में जिस तरह अराजकता फैलाई गई, उसके बाद से सामान्य सहानुभूति के पात्र रहे किसानों को लेकर लोक विश्वास में दरार पड़ी। दिल्ली में नांगलोई के पास किसानों ने तब जिस तरह सामान्य नागरिकों को निशाना बनाया था, उससे किसान संगठनों के आंदोलन को लेकर लोगों की सोच बदली। रही-सही कसर पूरी कर दी 26 जनवरी 2021 के दिन हुई अराजकता ने पूरी कर दी। लाल किले पर कब्जे को लेकर हुई किसान हिंसा के बाद तो किसान आंदोलन को विदेश प्रेरित भारत विरोधी आंदोलन मानने वालों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई। किसान संगठनों को यह मान लेना चाहिए कि भारतीय समाज के शहरी हिस्से के सरोकार खेती-किसानी से पहले वाली पीढ़ी की तरह रागात्मक नहीं रहे। शहरी समाज की अपनी चुनौतियां हैं और उनका जीवन संघर्ष भी अपनी तरह का है। दिल्ली जैसे शहर में नौकरी करने वाली बड़ी जनसंख्या दूर-दराज के इलाकों में रहती है। पिछले किसान आंदोलन के दौरान महीनों तक चली दिल्ली की घेरेबंदी के चलते उत्तर प्रदेश और हरियाणा की ओर से आने-जाने वाले लोगों को रोजाना जो दिक्कतें झेलनी पड़ीं, उसके बाद ही किसान आंदोलन को लेकर शहरी लोगों का नजरिया पूरी तरह बदल गया।

आप का नजरीया

मोदी मंत्र

भारतीय जनता पाटा के दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए प्राधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि दस वर्षो में उनकी सरकार ने जो सफलताएं हासिल किया है, वह पड़ाव मात्र है, यानि अभी उन्हें बहुत सारे कार्य करने हैं। प्राधानमंत्री मोदी ने शनिवार को राष्ट्रीय अधिवेशन के पहले दिन भारतीय जनता पाटा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से डॉ. श्यामा प्रासाद मुखजा को श्रद्धाजंलि स्वरूप आगामी लोकसभा में 370 सीटें जीतने का आग्राह किया था और यह भी बताया था कि इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए उन्हें क्या करना चाहिए लेकिन रविवार को उन्होंने अपने दस वर्षो के कार्यकाल की उपलब्धियों का विवरण दिया और अगले कार्यकाल में करने वाले कार्यो की रूपरेखा भी प्रास्तुत की। जाहिर सी बात है कि प्राधानमंत्री ने अपने पाटा के नेताओं और कार्यकर्ताओं को स्पष्ट संकेत दे दिया है कि पाटा तीसरी बार फिर सत्ता में आने वाली है और अब उसकी जिम्मेदारियां एवं चुनौतियां दोनों बढ़ जाएंगी। असल में राजनेता का चातुर्य एवं नेतृत्व क्षमता का यह महत्वपूर्ण मापदंड है कि वह किस तरह अपने कार्यकर्ताओं को आशावादी सूत्र में बांधे रहता है और भविष्य की योजनाओं और उसके लक्ष्य निर्धारण के लिए रणनीति बनाता है। मोदी ने कार्यकर्ताओं को स्पष्ट संकेत दिया कि अब चुनाव बहुत नजदीक है, इसलिए अब शायद पाटा का राष्ट्रीय अधिवेशन इस सरकार की कार्यावधि में अंतिम हो, इसलिए उनका संवाद बेहद महत्वपूर्ण है। सच तो यह है कि सारी योजनाएं, रणनीति और लक्ष्य निर्धारण में सबसे बड़ी भूमिका प्राधानमंत्री मोदी की ही होती है। उनकी कार्यशैली तब भी यही थी जब वे मुख्यमंत्री थे और आज भी वह अपने व्यवहार एवं विशेष शैली से कार्यकर्ताओं को इस बात का संदेश देने में सफल होते हैं कि वे उनके साथ मिलकर न मात्र संकल्प ले रहे हैं बल्कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए मिलकर पहले की तरह ही कार्य करते रहेंगे। मोदी इस बात को अच्छी तरह जानते हैं कि सरकार के वुछ कठोर पैसलों का सीधा असर उन वर्गो पर पड़ा है जो भाजपा और भारतीय जनसंघ के स्थापना काल से ही उसके समर्थक रहे हैं। उदाहरण के लिए जीएसटी को ही ले लीजिए। मध्यमवगाय व्यवसायी भाजपा के साथ हमेशा ही रहे हैं किन्तु टैक्स सुधार के इस प्रावधान से उन्हीं पर सबसे ज्यादा प्राभाव पड़ा। यदि मोदी जैसा प्राभावशाली एवं राजनीति का वुशल खिलाड़ी भाजपा के पास न होता तो निाति रूप से यह वर्ग बहुत पहले ही भाजपा को छोड़ दिया होता। किन्तु मोदी जिस तरह अपने समर्थकों को जोड़े रहने का प्रायास करते हैं और उनके अंदर एक उम्मीद की किरण जगाए रहते हैं कि आगे सब ठीक हो जाएगा। उससे यह वर्ग कठोर पैसलों को बर्दाश्त करके भी भाजपा के साथ खुश रहता है। इसलिए भाजपा के नाराज व्यवसायी समर्थक भी पाटा का साथ नहीं छोड़ते क्योंकि उनके लिए भाजपा से अच्छी कोईं पाटा ही नहीं है। यह सच है कि प्राधानमंत्री मोदी के बोलने की शैली और उसका भाव उनके समर्थकों को उत्साहित तो करता है किन्तु उनके विरोधियों को और अधिक निराशा का शिकार बना देता है।

पश्चिमी देशों ने लंबे समय तक पाकिस्तान को हथियार दिए, रूस से रक्षा सहयोग पर जयशंकर की दो टूक

म्यूनिख ।
विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रूस के साथ रक्षा और व्यापार सहयोग पर जोर दिया। साथ ही कहा कि कई पश्चिमी देश पाकिस्तान को हथियारों की आपूर्ति करते थे, भारत को नहीं। हालांकि, पिछले एक दशक में यह प्रवृत्ति बदल गई है।

पाकिस्तान को आपूर्ति करना – जयशंकर ने कहा, भंडार के मामले में हां यह सच है कि कई पश्चिमी देशों ने लंबे समय से पाकिस्तान को आपूर्ति करना पसंद किया है और भारत को नहीं। हालांकि, पिछले 10–15 सालों में अमेरिका के साथ संबंधों में बदलाव आया है। नए आपूर्तिकर्ता के रूप में अमेरिका, रूस, फ्रांस और इजराइलके साथ विविधता आई है।

जयशंकर फिलहाल जर्मनी में मौजूद – बता दें, विदेश मंत्री जयशंकर फिलहाल जर्मनी के म्यूनिख में हैं। यहां वह म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में भाग लेने के लिए पहुंचे हुए हैं। इस दौरान उन्होंने दुनिया में आपूर्ति श्रृंखलाओं के ढांचागत असंतुलन पर प्रकाश डाला और कहा कि दुनिया का आर्थिक मॉडल अस्थिर और अनुचित है। उन्होंने कहा, दुनिया ने एक आर्थिक मॉडल बनाया है जो अस्थिर और अनुचित है। वैश्वीकरण के नाम पर हमने दुनिया में अति–एकाग्रता देखी है। कई देशों की अर्थव्यवस्थाओं को खोखला कर दिया गया है।

बहुत से देश बुनियादी चीजों के लिए भी दूसरों पर निर्भर – मंत्री जयशंकर ने आगे कहा कि बहुत से देश बुनियादी चीजों के लिए भी दूसरों पर निर्भर हैं। हालांकि हम समस्या पर तुरंत ध्यान देते हैं। जैसे जब कोविड–19 आया था। वहीं, अब जलवायु परिवर्तन और लाल सागर में बढ़ रहे हमले समस्याएं हैं। परेशानी कितनी ज्यादा है यह कहना इतना आसान नहीं है, लेकिन इन पर काम किया जाए तो सब ठीक हो जाएगा।

उन्होंने आगे कहा, वैश्विक व्यवस्था इस समय कई परेशानियों का सामना कर रही है। कोविड, यूक्रेन में युद्ध, गाजा में युद्ध, अफगानिस्तान से नाटो की वापसी और बदलती जलवायु जैसी घटनाएं दुनियाभर में हो रही हैं। यह सब हमारे लिए चुनौती है। हालांकि, यह केवल अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था को मजबूत करने के बारे में नहीं है, बल्कि इस व्यवस्था को बदलने के बारे में भी है। इसे कौन आकार देता है और किस आधार पर अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को और विकसित होना चाहिए।

भारत और रूस ने एक मजबूत रणनीतिक साझेदारी बनाए रखी – विदेश मंत्री ने आगे कहा कि भारत और रूस ने दशकों से एक मजबूत रणनीतिक साझेदारी बनाए रखी है, जो ऐतिहासिक संबंधों और साझा हितों पर आधारित है। रूसी समाचार एजेंसी के अनुसार, इस संबंध के केंद्र में व्यापक रक्षा सहयोग है, जिसमें रूस भारत को सैन्य उपकरणों के एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता के रूप में सेवा दे रहा है। हाल ही में, ऊर्जा सहयोग द्विपक्षीय संबंधों का एक और मजबूत स्तंभ बन गया है। भारत का सबसे बड़ा कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र , मॉस्को द्वारा प्रदान की गई तकनीकी सहायता से तमिलनाडु में बनाया जा रहा है।

न्यूज ब्रीफ

अमेरिका ने गाजा में अस्थायी युद्धविराम के लिए यूएन के प्रस्ताव की पैरवी की; रफा को लेकर दी चेतावनी

यरुशलम । हमास और इजराइलके बीच बीते पांच महीने से जंग जारी है। पिछले साल सात अक्तूबर को इजराइलपर हमास के घातक हमले के बाद दोनों पक्ष आमने–सामने हैं। इस लड़ाई के बीच मिस्र से लगी रफा सीमा पर इस्राइली रक्षा बल (आईडीएफ) ने कार्रवाई शुरू की है। कार्रवाई यहीं तक सीमित नहीं है बल्कि इजराइलने आगे जमीनी हमले के भी संकेत दिए हैं। इस बीच, अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के एक प्रस्ताव की पैरवी की, जिसमें इस्राइल–हमास युद्ध में अस्थायी युद्धविराम का आह्वान किया गया है। इसके अलावा, इसमें रफा में अपने सहयोगी इजराइलद्वारा जमीनी हमले का विरोध भी किया गया है। रफा सीमा की अहमियत क्या है गौरतलब है, इजराइलरफा में जमीनी हमले की योजना बना रहा है। यहां पर संघर्ष से बचकर आए सैकड़ों हजारों लोग रह रहे हैं। गाजा की कुल आबादी 23 लाख है, जिसमें से आधे से अधिक अब रफा में हैं। यहां हजारों लोग विशाल तम्बू शिविरों और भीड़ भरे संयुक्त राष्ट के आश्रयों में रह रहे हैं। आश्रय के अलावा यह रफा मदद का द्वार भी बन चुका है। दरअसल, गाजा पट्टी में लोगों और सामानों की आवाजाही तीन क्रॉसिंगों के जरिए होती है। इसमें पहला रफा क्रॉसिंग है जिसका नियंत्रण मिस्र के पास है। दूसरा इरेज और तीसरा केरेम शालोम क्रॉसिंग जिनका नियंत्रण इजराइलकरता है। युद्ध से पहले मानवीय सहायता के लिए केरेम शालोम प्राथमिक मार्ग था। यह और इरेज दोनों अब बंद हो गए हैं। इस तरह से रफा गाजा से अंदर और बाहर जाने का एकमात्र रास्ता रह गया है। सुरक्षा परिषद के सदस्यों की इच्छा से अलग प्रस्ताव अमेरिका की यूएन के प्रस्ताव की पैरवी तत्काल युद्धविराम की मांग करने वाले अल्जीरियाई मसौदा प्रस्ताव को वीटो करने की कसम खाने के बाद आया है। परिषद अल्जीरियाई मसौदे पर मतदान करेगी। प्रस्तावित मसौदे के अनुसार, अमेरिका गाजा में जल्द से जल्द अस्थायी युद्धविराम का आह्वान कर रहा है, जो सुरक्षा परिषद के अधिकांश अन्य सदस्यों की इच्छा से अलग है। दरअसल, सुरक्षा परिषद के सदस्य तत्काल युद्धविराम चाहते हैं। अमेरिका लगातार दे रहा साथ रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका ने संयुक्त राष्ट की कार्रवाइयों से अपने सहयोगी इजराइलकी रक्षा की है। यूएस ने बार–बार युद्धविराम के आह्वान का विरोध किया है, इस बात पर जोर देते हुए कि सात अक्टूबर को हुए हमास के आतंकवादी हमले के बाद इजराइलका खुद का बचाव करने का अधिकार है। इसने युद्ध पर सुरक्षा परिषद के कम से कम दो प्रस्तावों के खिलाफ भी मतदान किया है।

पुतिन ने किम को दिया ये खास तोहफा, उत्तर कोरियाई नेता से नजदीकियां बढ़ाने के चक्कर में तोड़ा नियम!

मॉस्को । अमेरिका से कठिन संबंधों के बीच रूस और उत्तर कोरिया अपनी दोस्ती को मजबूती देते दिखाई दे रहे हैं। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन को एक स्पेशल कार उपहार में दी है। रूस में बनी कार किम जोंग के निजी इस्तेमाल के लिए दी गई है। यह उपहार दोनों नेताओं के बीच निजी संबंधों को दर्शाता है। हालांकि, बताया जा रहा है कि यह गिफ्ट संयुक्त राष्ट के नियमों का उल्लंघन हो सकता है। क्योंकि संयुक्त राष्ट ने रूस और नॉर्थ कोरिया के बीच किसी भी प्रकार के लेन–देन पर प्रतिबंध लगाया हुआ है। सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी ऑफ कोरिया के सचिव और उत्तर कोरियाई नेता की बहन किम यो–जोंग ने पुतिन को धन्यवाद दिया। किम को लग्जरी कारों का शौक एक रिपोर्ट के अनुसार, रूसी निर्मित कार 18 फरवरी को किम के शीर्ष सहयोगियों को सौंपी गई थी। रिपोर्ट में यह नहीं बताया गया है कि कार को रूस से कैसे भेजा गया। ऐसा माना जाता है कि किम ऑटोमोबाइल के शौकीन हैं और उनके पास लक्जरी विदेशी वाहनों का बहुत बड़ा संग्रह है। पुतिन ने किम के लग्जरी कारों के शौक को देखते हुए यह विशे। उपहार भेजा है। पिछले साल रूस दौरे पर गए थे किम जोंग बता दें, पिछले साल सितंबर में किम जोंग ने ट्रेन से रूस का दौरा किया था। इस दौरान किम ने पुतिन के राष्ट्रपति ऑरस सीनेट लिमोसिन का निरीक्षण किया था। इतना ही नहीं, पुतिन ने उन्हें रूसी निर्मित लक्जरी वाहन का भी आनंद दिलवाया था। नॉर्थ कोरिया करेगा रूस की मदद यूक्रेन के साथ हुए युद्ध में रूस ने बड़े पैमाने पर हथियारों का इस्तेमाल किया है ऐसे में उसे और हथियारों की सख्त जरूरत है। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि रूस बम और तोपों में इस्तेमाल होने वाले गोला बारूद की जरूरत उत्तर कोरिया से पूरी कर सकता है। उत्तर कोरिया के पास काफी मात्रा में गोला बारूद हैं।

इमरान समर्थक निर्दलीय धार्मिक पार्टी एसआईसी में होंगे शामिल

नेता बोले– हमारा पीटीआई को बेशर्त समर्थन, इमरान ही बनाएंगे पार्टी की पॉलिसी

इस्लामाबाद।
पाकिस्तान में चुनाव खत्म हुए 10 दिन से ज्यादा समय बीत चुका है, लेकिन अब तक सरकार बनाने को लेकर कोई फैसला नहीं हो पाया है। चुनावी नतीजों में इमरान समर्थक निर्दलीयों को सबसे ज्यादा सीटें मिली हैं। इस बीच नवाज की और बिलावल की पीपीपी पार्टी लगातार गठबंधन की शर्तों पर बातचीत कर रही हैं। दूसरी तरफ इमरान समर्थक निर्दलीयों ने पाकिस्तान की धार्मिक पार्टी सुन्नी इत्तिहाद काउंसिल में शामिल होने का फैसला किया है। पीटीआई पार्टी के चेयरमैन बैरिस्टर गौहर खान ने इसकी घोषणा की। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने कहा– पीटीआई समर्थक निर्दलीय केंद्र, पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा में एसआईसी को जॉइन करेंगे। बता दें कि हाल ही में हुए चुनाव में इस पार्टी ने केवल 1 सीट पर जीत दर्ज की है। एसआईसी के नेता हाफिज रजा ने कहा– पीटीआई के साथ हमारे रिश्ते 8 साल पुराने हैं। हम हमेशा से हमेशा सांप्रदायिक हिंसा का विरोध करते आए हैं। पीटीआई और इमरान खान को हमारा समर्थन बना किसी शर्त के है। पार्टी और सरकार बनाने को लेकर सबी पॉलिसी पीटीआई और इमरान साहिब ही बनाएंगे। सरकार बनाने के लिए पीटीआई समर्थक निर्दलीयों को किसी पार्टी का हिस्सा होना जरूरी दरअसल, सरकार बनाने की दावेदारी पेश करने के लिए इमरान के निर्दलीयों को किसी पार्टी या गठबंधन का हिस्सा होना पड़ेगा। गौहर खान ने कहा– हम चुनाव आयेग के सामने एसआईसी और निर्दलीयों के बीच हुआ करार पेश करेंगे। केंद्र में 70 और पूरे देश में 227 में रिजर्व सीटें हैं। ये सीटें सिर्फ राजनीतिक पार्टियों को ही दी

जाती हैं। अपने हक की रिजर्व सीटों को बचाने के लिए हमने एसआईसी में शामिल होने का फैसला किया है।

इसके अलावा गौहर खान ने यह भी दावा किया है कि पीटीआई ने नेशनल असेंबली में 180 सीटें जीती हैं। उन्होंने कहा– जितने भी निर्दलीयों ने चुनाव लड़ा वो पीटीआई समर्थक थे। हम प्रांतीय चुनावों में भी बड़ी जीत हासिल हुई है। इसके अलावा इमरान की तरफ से चुने गए पीटीआई के पीएम पद के उम्मीदवार अयूब खान ने कहा– हमारा अगला लक्ष्य केंद्र में सरकार बनाना है।

गौहर खान बोले- सबसे पहले इमरान, बुशरा को आजाद करेंगे

इसके अलावा इमरान की तरफ से चुने गए पीटीआई के पीएम पद के उम्मीदवार अयूब खान ने कहा– हमारा अगला लक्ष्य केंद्र में सरकार बनाना है। इसके बाद हम सबसे पहले पीटीआई के नेताओं जैसे इमरान खान, उनकी पत्नी बुशरा बीबी, शाह महमूद कुरैशी, परवेज इलाही को आजाद कराएंगे। इसके अलावा अयूब ने मजलिस–ए–वहदत मुसलिमीन को भी गठबंधन में शामिल होने के लिए धन्यवाद दिया।

दूसरी तरफ, पीटीआई और मौलाना फजल–उर–रहमान की पार्टी ने भी राजनीतिक स्थिरता के लिए गठबंधन की घोषणा की है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मौलाना ने कहा– राजनीतिक उठापटक के बीच पीटीआई ने गठबंधन के लिए हमें चुना और हम इसके लिए उनके आभारी हैं। हमारा लक्ष्य देश में लोकतंत्र और आर्थिक विकास को आगे बढ़ाना है।

पीपीपी से गठबंधन पर कोई बात नहीं

पाकिस्तान में गठबंधन के लिए चल रही जद्दोजहद के बीच दावा किया था कि इमरान खान बिलावल की पीपीपी के साथ सरकार बनाने को लेकर बातचीत के लिए तैयार हो गए हैं। इसके लिए एक कमेटी बनाई जाएगी। हालांकि, बाद में पीटीआई के नेताओं ने इस खबर के झूठे होने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि खान साहब का ऐलान है कि हमें विपक्ष में बैठना मंजूर है, पर हम पीपीपी से गठबंधन नहीं करेंगे। पाकिस्तान में 8 फरवरी को हुए जनरल इलेक्शन में किसी पार्टी को बहुमत (134 सीट) नहीं मिला। सरकार बनाने के लिए नवाज शरीफ की पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग–नवाज और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी समीकरण तैयार कर रही हैं। इसके लिए भी बातचीत हुई। बिलावल कह चुके हैं कि वो बाहर से समर्थन देंगे, लेकिन सरकार में शामिल नहीं होंगे।

बिलावल बोले- मैंने 2 साल के लिए पीएम बनने का ऑफर ठुकराया

पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के चेयरमैन बिलावल भुट्टो जरदारी ने नवाज शरीफ की पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज के साथ चल रही बातचीत का जिक्र सियासी रैली में कर दिया। इससे नवाज की पार्टी नाराज है।

बिलावल ने एक रैली में कहा था– मुझे दो साल के लिए प्राइम मिनिस्टर बनने का ऑफर दिया था। ये मुझे कबूल नहीं है। मैं जब भी प्रधानमंत्री बनूंगा तब पाकिस्तान की जनता ही मुझे चुनेगी। बिलावल के इस बयान पर नवाज की पार्टी के सीनियर लीडर इशाक डार ने कहा– पॉलिटिकल पार्टीज के बीच कुछ बातें बंद कमरों में तय होती हैं। इन्हें इस तरह किसी रैली में नहीं बताया जाना चाहिए।

नवलनी की मौत के लिए पत्नी यूलिया ने ठहराया पुतिन को जिम्मेदार, कहा- अपने देश के लिए लड़ना जारी रखूंगी

मॉस्को ।
दिवंगत रूसी विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की विधवा पत्नी यूलिया नवलनाया ने अपने पति की मौत के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को जिम्मेदार ठहराया है। दरअसल, एलेक्सी नवलनी की मौत जेल में संदिग्ध तरीके से हुई थी। यूलिया ने पुतिन पर आरोप लगाते हुए आजाद रूस के लिए अपनी लड़ाई जारी रखने की कसम खाई है।

नवलनी की मौत के लिए पुतिन को ठहराया जिम्मेदार

यूलिया ने रूसी अधिकारियों पर अपने पति का शव छिपाने का भी आरोप लगाया है, जिससे कि उनके शरीर से नोविचोक नर्व एजेंट के निशान गायब हो सकें। सोमवार को एक नौ मिनट का वीडियो जारी करते हुए यूलिया ने कहा, तीन दिन पहले व्लादिमीर पुतिन ने मेरे पति एलेक्सी नवलनी की हत्या कर दी। एलेक्सी की हत्या के साथ ही पुतिन ने मुझे, मेरे दिल को और मेरी आत्मा को भी आधा मार दिया है। लेकिन मेरे पास अभी भी आधा हिस्सा बचा हुआ है, जो मुझे यह बताता है कि मुझे अभी हार नहीं मानना है। मैं एलेक्सी के कम को जारी रखूंगी और अपने देश के लिए लड़ना जारी रखूंगी। यूलिया ने आगे कहा, मैं एक स्वतंत्र रूस में रहना चाहती हूं। मैं स्वतंत्र रूस बनाना चाहती हूं। मेरी आपसे विनती है कि आप मेरे साथ खड़े रहें। मैं आपसे आपके गुस्से को साझा करने के लिए कह रहीं हूं। उन लोगों के प्रति गुस्सा और नफरत है, जिन्होंने हमारे भविष्य को खत्म करने का साहस किया है।

पत्नी ने की यूरोपियन अधिकारियों से मुलाकात

यूलिया ने ब्रुसेल्स में यूरोपीय अधिकारियों के साथ बैठक में शामिल हुई थी। इस बैठक में उन्होंने यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स माइकल से मुलाकात की। वह यूरोपीय संघ के शीर्ष अधिकारी जोसेफ बोरेल से भी मिली। एलेक्सी नवलनी की 47 वर्ष की आयु में मॉस्को से लगभग 1900 किमी उत्तर–पूर्व में आर्कटिक सर्कल के उत्तर में एक शहर खारप में आईके –3 अधिकतम सुरक्षा जेल कॉलोनी में मृत्यु हो गई। उन्हें उग्रवाद के आरोपों पर 19 साल की सजा मिली थी। उनकी मृत्यु के तीन दिन बाद भी उनके परिवार को उनका शव देखने की इजाजत नहीं दी गई है। उनके शव को रासायनिक जांच के लिए भेजा गया है ।

रूसी पायलट का स्पेन में गोलियों से छलनी शव मिला, पिछले साल गया था यूक्रेन

कीव ।
रूस और यूक्रेन के बीच पिछले कई महीनों से जंग जारी है। इस युद्ध में जहां यूक्रेन तबाह हो गया है। वहीं रूस को भी भारी नुकसान का सामना करना पड़ा है। मॉस्को अभी तक इस युद्ध में अपने बड़ी संख्या में पायलट और लड़ाकू विमान गवां चुका है। इस बीच, रूस के लिए एक बुरी खबर आ रही है। यहां का एक पायलट पिछले साल यूक्रेन गया था, जो हाल ही में स्पेन में एक गैरेज में मरा हुआ मिला। उसका पूरा शरीर गोलियों से छलनी है।

एमआई-8 हेलीकॉप्टर से यूक्रेन गया था

स्पेन की सरकारी समाचार एजेंसी ने बताया कि स्पेन में एलिकांटे के पास विलाजोयोसा शहर में 13 फरवरी को एक शव मिला, जिसकी पहचान पायलट मैक्सिम कुज्मिनोव के रूप में हुई। उसके पास से यूक्रेन का पासपोर्ट मिला है। हालांकि, वह यहां अलग नाम से रह रहा था। बताया जा रहा कि पिछले साल अगस्त में कुज्मिनोव अपने एमआई–8 हेलीकॉप्टर से यूक्रेन गया था।

मौत का कारण साफ नहीं

यूक्रेन के गुर सैन्य खुफिया के एक प्रवक्ता ने

पुष्टि की कि पायलट कुज्मिनोव की स्पेन में मौत हो गई है। हालांकि मौत का कारण साफ नहीं किया है। यहां के एक अखबार ने खबर दी है कि उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई है।

स्पेन की पुलिस ने पुष्टि की है कि शहर में एक व्यक्ति का शव मिला है, जिसे गोली मारी गई है। हालांकि, उन्होंने शख्स की पहचान उजागर नहीं की है। स्पेन के गार्डिया सिविल पुलिस बल के एक सूत्र ने बताया कि पीड़ित एक नकली पहचान से यहां रह रहा था।

दो लोगों की तलाश

स्पेन के एक अखबार का कहना है कि जांचकर्ता दो संदिग्धों की तलाश कर रहे हैं जो एक वाहन में भाग गए थे। बाद में ये वाहन जला हुआ पाया गया। बता दें, कुज्मिनोव के यूक्रेन जाने को पिछले साल कीव के लिए एक बड़े तख्तापलट के रूप में पेश किया गया था।

अमेरिकी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों को कामयाबी, ग्रीनहाउस गैस को एथिलीन में बदलने का तरीका खोजा

वॉशिंगटन।
जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए वैज्ञानिकों ने कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ2) को मूल्यवान उत्पादों में बदलने का एक किफायती और कुशल तरीका खोज निकाला है। अमेरिका स्थित सिनसिनाटी विवि के वैज्ञानिकों ने एक संशोधित तांबे के उत्प्रेरक की मदद से सीओ2 के इलेक्ट्रोकेमिकल में बदलाव कर इसे एथिलीन में बदल दिया है। यह प्रक्रिया जीवाश्म ईंधन के बजाय ग्रीन ऊर्जा के माध्यम से एथिलीन का उत्पादन करती है।

नेचर केमिकल इंजीनियरिंग पत्रिका में प्रकाशित शोध के अनुसार, दुनियाभर में एथिलीन एक अहम रसायन है। यह मुख्य रूप से पेट्रोलियम से बनाया गया है, लेकिन इसका उत्पादन प्राकृतिक गैस का उपयोग करने के लिए परिवर्तित हो रहा है। एथिलीन का उत्पादन करने की पारंपरिक प्रक्रिया में भारी मात्रा में कार्बन डाइऑक्साइड उत्पन्न होती है। नतीजतन ग्लोबल वार्मिंग से निपटने के दौरान रासायनिक विनिर्माण में दक्षता में सुधार के लिए वैकल्पिक रूपांतरण तकनीकों की सख्त जरूरत थी। इसी को ध्यान में रखकर शोधकर्ताओं ने यह प्रयोग किया।

सीओ 2 की रीसाइक्लिंग संभव

नए तरीके से जीवाश्म ईंधन पर निर्भर रहने के बजाय कार्बन डाइऑक्साइड को कच्चे माल (फीडस्टॉक) के रूप में उपयोग करके प्रभावी ढंग से कार्बन डाइऑक्साइड की रीसाइक्लिंग की जा सकती है। फोटोकैटलिसिस में प्रेरक शक्ति बिजली के बजाय सूरज की रोशनी है। बायोहाइब्रिड प्रणालियां इलेक्ट्रोकैटलिसिस या फोटोकैटलिसिस जैसी किसी चीज को रोगाणुओं के साथ जोड़ती हैं जो सीओ 2 रूपांतरण के उत्पादों को बेहतर रसायनों में उन्नत कर सकती है।

रासायनिक उद्योग को ग्रीन और अधिक ऊर्जा कुशल बनाने में मिलेगी मदद

यह नई तकनीक रासायनिक उद्योग को ग्रीन और अधिक ऊर्जा कुशल बनाने में मदद करेगी। शोधकर्ताओं का मुख्य उद्देश्य नवीकरणीय बिजली और टिकाऊ फीडस्टॉक का उपयोग करके रासायनिक उत्पादन को डीकार्बोनाइज्ड करना है। कार्बन डाइऑक्साइड को एथिलीन में विद्युतीकृत करना रासायनिक क्षेत्र को डीकार्बोनाइजिंग करने में एक महत्वपूर्ण प्रगति है।

एथिलीन सबसे अधिक उत्पादित रसायनों में से एक

एथिलीन सबसे अधिक उत्पादित रसायनों में से एक है। रासायनिक उद्योगों में एथिलीन का बहुतायत में उपयोग होता है। एथिलीन एक महत्वपूर्ण प्राकृतिक पादप हार्मोन भी है, जिसका उपयोग फलों को जल्दी पकाने में किया जाता है।

भारत ने फिर दिखाई दरियादिली, गरीबी और भूख से निपटने के लिए आईबीएसए फंड को दिए 10 लाख डॉलर

संयुक्त राष्ट्र ।
भारत एक ऐसा देश है, जो कभी भी किसी की मदद करने से पीछे नहीं हटता था। वह जरूरतमंदों की मदद के लिए हमेशा आगे खड़ा रहा है। इसी क्रम में, उसने गरीबी और भूख से निपटने के लिए 10 लाख डॉलर का योगदान दिया है। यह दान भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका द्वारा चलाए जा रहे एक फंड में दिया गया है।

रुचिरा कंबोज ने सौंपा चेक

संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका गरीबी एवं भूख उन्मूलन फंड के योगदान के रूप में संयुक्त राष्ट्र दक्षिण–दक्षिण सहयोग कार्यालय की निदेशक दीमा अल–खातिब को 10 लाख डॉलर का चेक सौंपा।

भारत का ध्यान लोगों के विकास पर

कंबोज ने कहा कि भारत की जी–20 अध्यक्षता का ध्यान लोगों का, लोगों द्वारा और लोगों के लिए विकास पर था। उन्होंने कहा कि भारत आईबीएसए फंड का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है क्योंकि हम मानते हैं कि फंड ने ग्लोबल साउथ में लाखों लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। इसके अलावा, दक्षिण–दक्षिण सहयोग की भावना को मजबूत किया है।

हर साल देते हैं 10 लाख डॉलर

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया कि भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका आईबीएसए फंड में हर साल 10 लाख डॉलर का योगदान करते हैं।

अभी तक इतना योगदान

वर्ष 2004 में आईबीएसए फंड की स्थापना और साल 2006 में काम शुरू होने के बाद से अबतक इस फंड में भारत 1.8 करोड़ डॉलर से अधिक का दान दे चुका है। संयुक्त राष्ट्र दक्षिण–दक्षिण सहयोग कार्यालय इस फंड के फंड मैनेजर और सचिवालय के रूप में कार्य करता है।

क्या है आईबीएसए फंड का काम

आईबीएसए फंड उन परियोजनाओं का समर्थन करता है, जिनका उद्देश्य खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देना और एचआईवी/एड्स को संबोधित करने के लिए, सुरक्षित पेयजल तक पहुंच प्रदान करना है। इस फंड ने ग्लोबल साउथ के 37 देशों में 45 परियोजनाओं का समर्थन करते हुए अब तक 50.6 करोड़ डॉलर आवंटित किए हैं।

तीन परियोजनाओं को दी मंजूरी

इस साल, आईबीएसए फंड ने पहले ही तीन परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है, जिनमें दक्षिणी बेलीज में माइक्रो–ग्रिड का उपयोग करके ग्रामीण विद्युतीकरण, दक्षिण सूडान में सतत कृषि को चलाने के लिए महिलाओं और युवाओं को सशक्त बनाना और फलस्तीन में कृषि–व्यवसाय विकास में निवेश शामिल हैं।

पिछले महीने हुई थी बैठक

यूएनओएसएससी ने कहा कि फंड के निदेशक मंडल की पिछले महीने यहां बैठक हुई, जिसमें बेलीज, फलस्तीन और दक्षिण सूडान के लिए 30 लाख डॉलर के नए वित्तपोषण के तीन प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इसने 2024 में शुरू होने के लिए माली में एक परियोजना के डिजाइन को भी मंजूरी दी।

एक परियोजना बेलीज के टोलेडो जिले में हाशिए के समुदायों में अक्षय ऊर्जा तक पहुंच बढ़ाएगी। देश के इस जिले में सबसे अधिक गरीबी दर है। संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने एक बयान में कहा कि परियोजना का लक्ष्य 166 घरों में सौर उपकरण, एक स्कूल और एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उपलब्ध कराना है।

दक्षिण सूडान में परियोजना का उद्देश्य सब्जी और मछली उत्पादन में वृद्धि करना और वितरण बाजारों का विस्तार करना है, ताकि राज्य में पोषण, खाद्य सुरक्षा और आजीविका में सुधार हो सके। आठ सब्जी उत्पादन समूहों में 48 मुखिया और 30 परिवार प्रमुखों के चार मत्स्य पालन समूहों का समर्थन किया जाएगा।

भारत की होगी आने वाली सदी, अबकी बार 400 के पार सीटें जीतने का लक्ष्य : शेखावत

जोधपुर (हिंस)। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित होने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। जिस गति से भारत आगे बढ़ रहा है, उससे यह बात स्पष्ट है कि आने वाली सदी भारत की होगी। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को मजबूत आधार देने के लिए अगले पांच साल काफी महत्वपूर्ण होंगे, इसलिए जनता के विश्वास के अनुरूप हमने इस बार 400 के पार सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है। शेखावत ने मंगलवार को पंचायत समिति बाप की ग्राम पंचायत हिंडालगोल और ग्राम पंचायत दयासागर के नव निर्मित कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया। शेखावत ने कहा कि जहां पिछली सरकारों के दौर में भ्रष्टाचार चरम पर था, वहीं मोदी के नेतृत्व में भ्रष्टाचार जड़ से समाप्त हो चुका है। पिछली सरकार के एक पूर्व प्रधानमंत्री जनता के सामने ये दर्द बयां किया करते थे कि हम 100 पैसे भेजते हैं तो जनता तक केवल 15 पैसे ही पहुंचे पाते हैं, यानी 85 पैसे भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाते है। यह जानते हुए भी उन्होंने भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए कोई कदम नहीं उठाए, लेकिन आज स्थिति ठीक इसके उलट है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पीएम मोदी आम लोगों के जीवन में परिवर्तन लाने के जिस लक्ष्य के साथ कार्य कर रहे हैं, उस दिशा में उतनी ही साफगोई के साथ काम भी किया जा रहा है। पिछले 10 साल में मोदी ने गरीब जनता के जीवन में परिवर्तन लाने के लिए विभिन्न मदों में 24 लाख करोड़ रुपए ट्रांसफर किए हैं। अगर यही धनराशि पिछली सरकारों के कालखंड में भेजी जाती तो जनता तक केवल 15 प्रतिशत पैसा ही पहुंच पाता। शेखावत ने कहा कि आज गरीबों के लिए जो भी योजनाएं बनाई जा रही हैं, वे न केवल भ्रष्टाचार से मुक्त हैं, बल्कि बिना किसी भेदभाव के उन्हें धरातल पर उतारा भी जा रहा है। शेखावत ने कहा कि हर क्षेत्र में देश आगे बढ़ रहा है। चाहे सड़कों का विस्तार हो, रेलवे और हवाई संसाधनों का विकास या फिर आर्थिक मोर्चे पर भारत की मजबूत उपस्थिति हो, हर क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं। जोधपुर के रेलवे स्टेशन के लिए कायाकल्प के लिए जहां 500 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं, वही फलोदी के रेलवे स्टेशन के कायाकल्प के लिए 20 करोड़ रुपए खर्च किए जाने हैं। इसी तरह हवाई अड्डों के कायाकल्प को लेकर भी तेजी से काम किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आर्थिक मोर्चे पर भी भारत जिस तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है, उससे आने वाले वर्षों में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। आज पिछली सरकारों की तुलना में कई गुना अधिक टैक्स जमा हो रहा है। पिछले महीने ही 1 लाख 84 हजार करोड़ का टैक्स जमा हुआ है, निश्चित ही यह धनराशि गरीबों के जीवन में परिवर्तन लाने के लिए खर्च की जाएगी। उन्होंने कहा कि मोदी जी का शुरू से मानना रहा है कि किसी भी देश के विकास के लिए आम आदमी के जीवन में परिवर्तन बहुत जरूरी होता है, इसलिए सरकार का पूरा फोकस आम लोगों के जीवन में परिवर्तन लाना है। विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लोगों के जीवन में परिवर्तन आया है, जिसकी वजह से उनमें एक विश्वास जगा है कि उनके जीवन में भी परिवर्तन आ सकता है, जो केवल मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में संभव है। समारोह में विधायक पब्बाराम बिश्नोई, बाप प्रधान मोन कंवर रतन सिंह भाटी, समाजसेवी बिलाल खां, सरपंच सबीना खातून, सरपंच हीरालाल, फलोदी प्रधान हाजी उमरदीन, उप सरपंच बालकिशन मांजू सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। शेखावत ने फलोदी में रात्रि विश्राम के बाद मंगलवार सुबह डाक बंगले में क्षेत्र के लोगों से मुलाकात की। बाद में लटियाल माताजी मंदिर पहुंचे और विधिवत दर्शन व पूजा अर्चना कर प्रदेश में खुशहाली की कामना की। वे पिंजरापोल श्री ओसवाल गो सेवा सदन में पहुंचे और गो माता को गुड़ व चारा खिलाकर सेवा की। यहां समाजसेवी एडवोकेट महिपाल कोठारी के निवास स्थान पर कार्यकर्ताओं और लोगों से मुलाकात की। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कृषि उपज मण्डी फलोदी सभागार में जिले के जिला अधिकारियों की बैठक में विभागवार कार्यों की क्रियान्विति और प्रगति के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अब राजस्थान में डबल इंजन की सरकार है। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में क्षेत्रीय विधायक पब्बाराम बिश्नोई, जिला व पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

पंचायत से पार्लियामेंट तक कमल ही दिख रहा है, यह भाजपा कार्यकर्ता की जीत : शाह

बीकानेर (हिंस)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को बीकानेर में आयोजित कलस्टर बैठक में बीकानेर संभाग के बीकानेर, श्रीगंगानगर और चुरू लोकसभा की प्रबंधन समिति, चुनाव समन्वय समिति और लोकसभा कोर कमेटी मंत्री, विधायक, पूर्व विधायक, सांसद क्षेत्र के वरिष्ठ पदाधिकारी सहित 250 प्रमुख कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अबकी बार चार सौ पार के लक्ष्य को जीत में तब्दील करने का मंत्र दिया। स्वागत भाषण में केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने अमित शाह का अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, लोकसभा प्रभारी सतीश पूनिया, पूर्व उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, शहर जिलाध्यक्ष विजय आचार्य, जालम सिंह भाटी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर गृहमंत्री अमित शाह का स्वागत किया। इस मौके पर केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि लोकसभा चुनाव में तीन सीट देने वाले बीकानेर से इस कलस्टर बैठक की शुरुआत हो रही है। शाह ने कहा कि दुनिया में बहुत सारे राजनीति दल हैं पर भारतीय जनता पार्टी ऐसा दल है, जिसका चुनाव जीतने का कारण नेता नहीं कार्यकर्ता है। कांग्रेस आज चंद नेताओं की पार्टी बनकर रह गई, जिसके पास अब कार्यकर्ता नहीं बचे। उन्होंने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस के पास ऐसा कोई नेता नहीं है, जिसको राज्यसभा भेज सके। इसलिए सोनिया गांधी को राजस्थान से राज्यसभा भेजा जा रहा है। कांग्रेस का हाल इतना बुरा है। 18 राज्यों में कांग्रेस विपक्ष में भी नहीं बची है। हम विचारधारा की पार्टी हैं। हमारा लक्ष्य पार्टी बनाना नहीं है। हमारा लक्ष्य देश को सक्षम बनाने का है। आज 17 प्रदेशों में हमारी सरकार है। पंचायत से पार्लियामेंट तक आज कमल ही कमल है। शाह ने कहा कि अबकी बार चार सौ पार का नारा मन को सुकून देने वाला है पर यह लक्ष्य तभी पूरा होगा, जब हम अपने बूथ पर मजबूत रहेंगे। हर नेता और कार्यकर्ता को अपने बूथ को मजबूत करने पर विशेष जोर देना होगा। नव मतदाता आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों के साथ है। जैसे महाभारत के युद्ध में कौरव और पांडव दो खेमे थे, वैसे ही आज चुनाव से पहले दो खेमे हैं। इनमें से एक खेमा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपानीत राजग है और दूसरा कांग्रेस के नेतृत्व वाला *इंडिया* गठबंधन है। *इंडिया* गठबंधन ऐसी पार्टियों का गठबंधन है, जो वंशवाद, भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण की पोषक हैं, जबकि भाजपा नीत राजग सभी दलों का गठबंधन है, जो राष्ट्र के सिद्धांतों पर चलता है। शाह ने कहा कि हम देश के लोगों को यह तय करना होगा कि वे इस बार दोनों में से किसे जनादेश देना चाहते हैं। उन्होंने इन पार्टियों को चलाने वाले परिवारों की दूसरी, तीसरी और चौथी पीढ़ी की ओर इशारा करते हुए कहा कि विपक्ष में *टू-जी, थ्री-जी* और *फोर-जी* पार्टियों की भरमार है।

योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आगे बढ़ रहा : पीयूष गोयल

लखनऊ (हिंस)। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में हिस्सा लिया। इस अवसर पर बोलते हुए केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश की दिशा और दशा बदली है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में जिस प्रकार भारत दुनिया के सामने आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है, उसी प्रकार योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आगे बढ़ रहा है। केंद्र व प्रदेश सरकार मिलकर गरीब कल्याण को नयी गति दे रहे हैं। अब उत्तरप्रदेश रूकने वाला नहीं। अब उत्तर प्रदेश थमने वाला नहीं है। पीयूष गोयल ने कहा कि विश्वभर में भारत और उत्तर प्रदेश की प्रसिद्ध हो रही है। पूरा विश्व भारत की ओर देख रहा है कि भारत विश्व की अर्थवयवस्था को बढ़ाने में एक प्रमुख भूमिका निभायेगा। उसी प्रकार भारत की अर्थव्यवस्था को आगे ले जाने में उत्तर प्रदेश महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सामाजिक न्याय तब तक अधूरा है, जब तक समाज के हर व्यक्ति तक न्याय न पहुंचे। आठ वर्षों में योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश का कायाकल्प किया है। सोमवार को 10 लाख 24 हजार करोड़ की परियोजनाओं की शुरूआत एक साथ किया है। उन्होंने कहा कि कोई भी निवेशक तभी निवेश करता है जब उसे नेतृत्व, व्यवस्था व भविष्य पर विश्वास होता है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा प्रदेश सरकार के मंत्री अनिल राजभर, राज्यमंत्री जसवंत सैनी और उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

लोकसभा चुनाव में राजद और कांग्रेस का होगा सुपड़ा साफ : शहनवाज

भागलपुर (हिंस)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने मंगलवार को भागलपुर में कहा कि तेजस्वी यादव अभी तक घर में ही यात्रा करते थे। अब बाहर निकले हैं। अच्छी बात है मंत्री रहते वह बिहार के कई जिलों में जा नहीं पाए थे। अब मंत्री से हट गए हैं तो कम से कम दौरा करेंगे तो उनकी सेहत भी अच्छी रहेगी। चुनाव में भी उनको फायदा मिल सकता है। लेकिन एनडीए के साथियों के साथ हम लोग 400 सीट से जीतेंगे। जिसमें 10 फीसदी बिहार का हिस्सा रहेगा उन्होंने कहा कि पिछली बार राजद 0 पर आउट हो गई थी और कांग्रेस को किसी तरह एक सीट मिली थी। लेकिन इस बार दोनों का सुपड़ा साफ है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में जीतेंगे मोदी ही और प्रधानमंत्री भी बनेंगे नरेंद्र मोदी ही।

राजद केवल माई की ही नहीं बाप की भी पार्टी है : तेजस्वी यादव

पटना (हिंस)। नेता प्रतिपक्ष और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव आज जन विश्वास यात्रा के पहले पड़ाव पर मुजफ्फरपुर जिले के कुढ़नी पहुंचे। यहां उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कुछ लोग कहते हैं राजद माई (माई) की पार्टी है लेकिन आज उन लोगों को बताना है कि हमारी पार्टी राजद न सिर्फ माई (माई) की पार्टी है बल्कि ये बाप की पार्टी है। अब आपको इसका मतलब समझना होगा। यहां बी का मतलब है-बहुजन, ए का मतलब-अगड़ा, ए का मतलब-आधी आबादी, पी का मतलब -पुअर या गरीब की पार्टी है। तेजस्वी यादव ने कहा कि हमलोग ए टू जेड वाले लोग हैं। सभी बहुजन आ गए, सभी अगड़ा लोग आ गए, आधी आबादी सभी महिलाएं आ गईं, सभी पूअर हमारे गरीब आ गए। तो ये माय के साथ ही साथ बाप की भी पार्टी है। तेजस्वी यादव ने कहा कि हमलोग

जोड़ने वाले लोग हैं तोड़ने वाले लोग नहीं हैं। हमलोग प्यार की बात करते हैं और एकता की बात करते हैं लेकिन भाजपा वाला लोग छोड़ना चाहता है। तेजस्वी यादव ने कहा कि हमें आप लोगों की ताकत चाहिए। अगर आप ताकत देंगे तो आपके लिए जान भी दे देंगे। हमने वादा किया था की सरकार बनी तो 10 लाख नौकरी देंगे। 2020 में हमे षड्यंत्र से हरवाया गया। जब 2020 में हमने कहा कि 10 लाख नौकरी देंगे तो नीतीश ने कहा कि कहां से नौकरी देंगे। अपने बाप के घर से नौकरी देंगे। आपने 17 महीने जो ताकत दिया उसमे हमने अपना वादा पूरा किया। हमने अबतक 5 लाख नौकरियां दिलवाने का काम किया और हमने देश भर में रिकॉर्ड कायम किया। इस दौरान तेजस्वी यादव ने नीतीश कुमार पर तंज कसते हुए कहा कि बीजेपी वाला कहता है मोदी की गारंटी है। बीजेपी बताए कि नीतीश जी की गारंटी लेंगे। नीतीश जी फिर नही बदलेंगे इसकी गारंटी लेगी भाजपा। नीतीश कुमार एक साल में तीन तीन बार पलटी मारे। हमने बिहार में बड़ी लकीर की खींच दी है। अब जो भी बात करेगा वो नौकरी की बात करेगा। हमे कोई जल्दीबाजी नही है। सत्ता मे रहेंगे तो आपके लिए काम करेंगे। विपक्ष मे रहेंगे तो आपकी आवाज उठाएंगे।

लोकसभा चुनाव बेल्ट पेपर से करवाने के लिए अधिवक्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

सिरसा (हिंस)। रानियां के अधिवक्ताओं द्वारा मुख्य चुनाव आयुक्त नई दिल्ली को रानियां के तहसीलदार शुभम शर्मा के माध्यम से मंगलवार को एक ज्ञापन भेजकर आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को ईवीएम से ना करवाकर बेल्ट पेपर से करवाने मांग की है। इस अवसर पर नायब तहसीलदार हरीश बिजारनियां भी मौजूद रहे। ज्ञापन को लेकर अधिवक्ता जरनैल सिंह बराड़ ने बताया कि उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि भारत में सभी बुद्धिजीवियों व आम जनता को ईवीएम में गड़बड़ी व हेक होने की आशंका है। जिससे मतदाता का मत गलत इस्तेमाल किया जाना संभावित है। इससे सभी का ईवीएम से भरोसा खत्म हो गया है। उन्होंने ज्ञापन में बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव 2024 बेल्ट पेपर से करवाया जाए, ताकि यह साफ हो सके कि मतदाता के मत का

इस्तेमाल सही हो रहा है या नहीं। सभी मतदाताओं के मत का सही इस्तेमाल होने की शंकाएं भी दूर कर चुनाव आयोग पर मतदाता का भरोसा कायम रह सके। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के सचिव रणजीत सिंह विर्क ने कहा कि निष्पक्ष चुनाव आयोग का यह परम कर्तव्य है कि वह आम मतदाओं के विश्वास को कायम रखें। आम जनता का निष्पक्ष चुनाव में भरोसा बना रहे इसलिए चुनाव आयोग आगामी लोकसभा चुनाव 2024 ईवीएम से ना करवाकर बेल्ट पेपर से करवाने चाहिए। जिसके संबंध में तहसीलदार के माध्यम से अधिवक्ताओं द्वारा एकत्रित होकर इस विषय पर विचार किया। मंगलवार को मुख्य चुनाव आयुक्त को ज्ञापन भेजा। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान हरपाल सिंह रंधावा, ओमप्रकाश कसंवा, कृष्ण सहारण, बलविन्द्र सिहं जोसन, नवदीप अनेजा, जरनैल सिंह बराड़, बार एसोसिएशन के सचिव रणजीत सिंह विर्क, उपप्रधान भूपेन्द्र सिंह विर्क, कोषाध्यक्ष कृष्ण सहारण बालासर, विनोद निमिवाल, नवदीप अनेजा, गोबिन्द किशन, सतपाल व अक्षय खिचड़ सहित अनेक अधिवक्ता मौजद रहे।

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ईडी कोर्ट से मांगी बजट सत्र में शामिल होने की अनुमति

रांची (हिंस)। जमीन घोटाला मामले में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को ईडी की विशेष अदालत से 23 फरवरी से शुरू हो रहे झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने की अनुमति मांगी है। मामले की सुनवाई 21 फरवरी को ईडी की विशेष अदालत में होगी। झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 23 फरवरी से शुरू होगा। हेमंत सोरेन अभी ईडी की न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद हैं। इस अनुमति के लिए अदालत में हेमंत सोरेन के अधिवक्ता ने कोर्ट में पूर्व में पारित किए गए कई आदेश पेश किए।

किसान आंदोलन के समर्थन में गुरुग्राम से दिल्ली जा रहे किसान हिरासत में

गुरुग्राम (हिंस)। किसान आंदोलन को समर्थन देने और अपनी 1810 एकड़ जमीन अधिग्रहण का मुआवजा कम देने के विरोध में मंगलवार को दिल्ली के जंतर-मंतर जा रहे किसानों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। मानेसर क्षेत्र के कई गांवों की 1810 एकड़ जमीन का अधिग्रहण सरकार ने किया है। इस जमीन की कीमत बहुत ही कम दी जा रही है। किसान सरकार के इस कदम से नाराज हैं। किसान आंदोलन और जमीन अधिग्रहण के विरोध में मंगलवार को मानेसर क्षेत्र के किसान दिल्ली के जंतर-मंतर पर जाने को तैयार थे। जैसे ही पुलिस को इसकी भनक लगी तो पुलिस सक्रिय हो गई। मानेसर के किसान उमेश यादव, कैलाश जग्गा, ओमप्रकाश व गजराज को नोटिस थमाकर पुलिस ने कहा है कि जंतर-मंतर पर ना जाएं। इस मामले में किसान नेताओं ने कहा कि सरकार किसानों के साथ ठीक व्यवहार नहीं कर रही। वे आगे की रणनीति बनाएंगे। वे पिछले एक साल से लगातार धरना दे रहे हैं, लेकिन सरकार किसानों की मांग पर कोई ठोस निर्णय नहीं ले रही। बता दें कि गुरुग्राम के मानेसर आईएमटी (इंडस्ट्रीयल मॉडल टाउनशिप) मानेसर का दायरा बढ़ाने के प्लान के साथ वर्ष 2012 में मानेसर के साथ लगते कुकड़ोला, कुफरपुर, बांस लांबी, खरखड़ी व कासन गांवों के एक हजार से अधिक छोटे-बड़े किसानों की जमीन को प्रदेश सरकार ने अधिग्रहण के नोटिस जारी किए थे। किसानों की इस उपजाऊ जमीन का रेट प्रदेश सरकार ने केवल 55 लाख प्रति एकड़ तय कर मुआवजा देने की तैयारी की। लेकिन किसान इस मुआवजे को लेने को तैयार नहीं हैं। यही वजह है कि किसान व प्रदेश सरकार पीछे हटने को तैयार नहीं है। अभी यह 1810 एकड़ जमीन पर किसानों का ही कब्जा है। इनमें से 30 फीसदी किसान जिनकी थोड़ी जमीन थी, वे कम रेट का ही मुआवजा ले चुके हैं।

पंजाब के राज्यपाल का सीमावर्ती जिलों का दौरा स्थगित

चंडीगढ़ (हिंस)। पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित का 20 फरवरी से 23 फरवरी तक निर्धारित राज्य के सीमावर्ती जिलों का दौरा संबंधित अधिकारियों के अनुरोध पर स्थगित कर दिया गया है। यह दौरा अब 12 मार्च से 14 मार्च तक होगा। बताया गया कि बनवारी लाल पुरोहित, पंजाब के सीमावर्ती जिलों के लोगों के साथ जुड़ने के लिए पूर्ण प्रतिबद्ध हैं और वह अपने आगामी दौरे के दौरान सीमावर्ती जिलों के निवासियों और अधिकारियों से मिलेंगे। संशोधित कार्यक्रम के बारे में अधिक जानकारी यथा समय सूचित की जाएगी। उल्लेखनीय है कि राज्यपाल को पठानकोट, गुरुदासपुर, अमृतसर, तरनतारन, फिरोजपुर और फाजिल्का के सीमावर्ती जिलों का दौरा करके केंद्रीय एजेंसियों और राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ समन्वय बैठकें करनी थीं।

फारूक अब्दुल्ला ने नई रेल परियोजनाएं शुरू करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी और रेल मंत्रालय को बधाई दी

श्रीनगर (हिंस)। नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के लिए नई रेल परियोजनाएं शुरू करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्रालय को बधाई दी है। फारूक अब्दुल्ला ने जम्मू संभाग में संगलदान और कश्मीर घाटी में बारामूला के बीच नई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाने के बारे में कहा कि यह रेल मंत्रालय और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक बड़ा कदम है। हम इस पहल का स्वागत करते हैं। हम उन्हें इसके लिए बधाई देते हैं। उन्होंने कहा कि रेल संपर्क कश्मीर को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ देगा, क्योंकि राजमार्ग बंद होना कश्मीरियों के लिए एक बड़ी चुनौती हुआ करती थी। इसके अलावा जो स्टॉक यहां से जाता था वह जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर फंस जाता था। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक ट्रेन हमारे लिए फायदेमंद होगी, क्योंकि यह हमारे व्यवसायों को बढ़ावा देगी। जम्मू के दौरे पर आए प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर में विभिन्न रेल परियोजनाओं को देश को समर्पित किया, जिसमें बनिहाल-खाड़ी-सुंबर-संगलदान (48 किमी) और नव-विद्युतीकृत बारामूला-श्रीनगर-बनिहाल-संगलदान खंड (185.66 किमी) के बीच एक नई रेल लाइन भी शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने घाटी में पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन और संगलदान और बारामूला स्टेशनों के बीच एक ट्रेन सेवा को भी हरी झंडी दिखाई। बनिहाल-खाड़ी-सुंबर-संगलदान खंड का चालू होना महत्वपूर्ण है क्योंकि इसमें पूरे मार्ग पर गिट्टी रहित ट्रैक का उपयोग किया जाता है जिससे यात्रियों को बेहतर सवारी का अनुभव मिलता है।

पुलिस भर्ती परीक्षा निरस्त कराने को लेकर अभ्यर्थियों ने प्रदर्शन किया

आजमगढ़ (हिंस)। यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा देने वाले सैकड़ों अभ्यर्थियों ने मंगलवार को हाथ में तख्तियां लेकर परीक्षा निरस्त कराने की मांग को लेकर डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया। अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा और परीक्षा को निरस्त कराने की मांग की। इस दौरान बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने हाथों में परीक्षा निरस्त करने की तख्तियां लिए हुए थे। प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों ने यह आरोप लगाया कि प्रश्न पत्र लीक के होने के साथ-साथ परीक्षा में बड़े पैमाने पर धांधली की गई है। छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। ऐसे में जो प्रतियोगी छात्र हैं, उनके सपने और मेहनत पर पानी फिर गया है।

मीट की दुकानों पर चला बुलडोजर

जैसलमेर (हिंस)। जगह-जगह चल रही मांस की अवैध दुकानों पर नगरपरिषद का पीला पंजा चलाया जा रहा है। शहर के बाड़मेर व जोधपुर रोड पर चल रही अवैध दुकानों को नगरपरिषद बुलडोजर चलाकर हटा रही है। नगरपरिषद कमिश्नर लजपाल सिंह ने बताया कि अवैध मीट की दुकानों की लगातार शिकायतें मिल रही थी और हाल ही में बोर्ड की बैठक में पार्षदों ने भी इन दुकानों पर आपत्ति जताई थी। नगरपरिषद ने टीम बनाकर पहले तो इन दुकानदारों को केबिन लगाकर खुले में मीट बेचने को लेकर मनाही की। जब दुकानदार नहीं माने, तब इनको हटाने की कार्रवाई की गई। ये कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। जो भी विक्रेता है उसको लाइसेंस लेकर ही काम करने के लिए कहा गया है। अगर कोई भी मांस को खुले में बिना लाइसेंस के बेचते पाया जाता है, तो उसको वहां से तत्काल हटाने की कार्रवाई की जाएगी। लजपाल सिंह ने बताया कि शहर में कई जगह बिना लाइसेंस के खुले में मांस का कारोबार किया जा रहा है। ऐसे में केबिन लगाकर खुले में मांस बेचने वालों को बुलडोजर से हटाया जा रहा है। साथ ही सभी को समझाकर लाइसेंस लेकर ही अपना व्यापार करने के लिए कहा जा रहा है। हमने इन दुकानों को एक ही जगह शहर से बाहर शिफ्ट करने का प्लान भी बनाया है और कृषि मंडी के आसपास जगह भी देखी है। अब भविष्य में इनको वहीं एक ही जगह शिफ्ट किया जाएगा ताकि शहर में कहीं भी खुलेआम मांस आदि बेचने का कार्य नहीं हो। कमिश्नर ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि जो भी मांस विक्रेता बिना लाइसेंस के खुले में अगर मांस बेचता नजर आया, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

राज्यपाल ने अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम स्थापना दिवस पर दी बधाई और शुभकामनाएं

जयपुर (हिंस)। राज्यपाल कलराज मिश्र ने अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम राज्य के स्थापना दिवस पर बधाई और शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल मिश्र ने राजभवन में मंगलवार को इन दोनों ही राज्यों के निवासियों से मुलाकात कर उनसे संवाद भी किया। उन्होंने इस दौरान कहा कि उत्तर-पूर्व के यह दोनों ही राज्य भारत की संप्रभुता से जुड़े जनजातीय संस्कृति और परंपराओं की अनूठी धरोहर लिए है। उन्होंने अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम की प्राकृतिक संपन्नता और भेदभाव रहित परस्पर मेलजोल की संस्कृति की भी इस दौरान विशेष रूप से सराहना की। मिश्र ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम विविधता में एकता की भारत भूमि के विशिष्ट उदाहरण हैं। उन्होंने *एक भारत श्रेष्ठ भारत* के लिए सभी को मिलकर कार्य करने पर भी जोर दिया। इससे पहले उन्होंने इन दोनों राज्यों की स्थापना से जुड़े

इतिहास और संविधान से जुड़ी भारतीय संस्कृति के बारे में भी स्थानीय जनों से संवाद किया। अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम के लोगों ने स्थापना दिवस पर राजभवन में आने के अपने अनुभव साझा करते राज्यपाल मिश्र का आभार जताया। मिजोरम की आपुई और फेली ने गीत और मिजोरम अरुणाचल के लोगों ने वहां की संकृति से जुड़ी समवेत प्रस्तुति दी। सभी ने बाद में राजभवन स्थित संविधान उद्यान का अवलोकन कर सराहना की। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव गौरव गोयल और प्रमुख विशेषाधिकारी गोविन्द राम जायसवाल भी उपस्थित रहे।

पीएम किसान सम्मान निधि योजना 16 वीं किस्त की राशि कब आएगी अकाउंट में, किन किसानों को नहीं मिलेगा लाभ

नई दिल्ली।
केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना चलाई जा रही है। इस योजना में किसानों को सालाना 6,000 रुपये की राशि किस्तों में दी जाती है। हर किस्त में 2,000 रुपये की राशि किसानों के बैंक अकाउंट में जमा हो जाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 नवंबर, 2023 को देश के सभी पात्र किसानों के अकाउंट में 15वीं किस्त की राशि जारी की थी। इसका लाभ 8 करोड़ से ज्यादा किसान को मिला है। अब किसान 16वीं किस्त का इंतजार कर रहे हैं। कब जारी होगी 16वीं किस्त पीएम किसान योजना में हर चार महीने में एक किस्त जारी की जाती है। 51वीं किस्त नवंबर में जारी हुई थी, अब 16वीं किस्त फरवरी से मार्च के बीच में जारी होने की उम्मीद है। हालांकि, अभी तक इसको लेकर सरकार की ओर से कोई निश्चित तारीख की घोषणा नहीं हुई है। कुछ किसानों को क्यों नहीं मिलेगा लाभ सरकार ने ई-केवाईसी को अनिवार्य कर दिया है। इसके अनुसार इस योजना का लाभ केवल उन किसानों को मिलेगा जिन्होंने ई-केवाईसी करवाना है। सरकार ने ई-केवाईसी प्रोसेस को भी काफी आसान कर दिया है। अब पीएम किसान पोर्टल पर जाकर ओटीपी आधारित ई-केवाईसी किया जा सकता है। इसके अलावा बायोमेट्रिक आधारित ई-केवाईसी के लिए किसान को नजदीकी सीएससी केंद्र में जाना होगा। ओटीपी आधारित ई-केवाईसी पीएम किसान पोर्टल पर उपलब्ध है या बायोमेट्रिक आधारित ईकेवायसी के लिए किसान अपने नजदीकी सीएससी केंद्रों से संपर्क कर सकते हैं। अगर आप भी इस स्कीम का लाभ पाना चाहते हैं तो आप आसानी से इसका रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

कैसे करें रजिस्ट्रेशन

अब फार्मर्स कॉर्नर को सेलेक्ट करें। , इसके बाद के ऑप्शन पर क्लिक करें। , इसके बाद ग्रामीण या फिर शहरी पंजीकरण में से कोई एक सेलेक्ट करें। , अब आधार नंबर, मोबाइल नंबर भरें और राज्य चुनकर ओटीपी पर सेलेक्ट करें। , मोबाइल पर आए ओटीपी को दर्ज करें। , इसके बाद राज्य, जिला और बैंक अकाउंट जैसे बाकी जानकारी भरें। , अब आधार ऑथेंटिकेशन के लिए सबमिट पर क्लिक करें। , आधार ऑथेंटिकेशन हो जाने के बाद अपने जमीन के दस्तावेज को अपलोड करें और सेव करें।

न्यूज ब्रीफ

सीबीडीटी ने पुराने टैक्स डिमांड वापस लेने के लिए एक लाख रुपये की सीमा तय की, दी यह जानकारी

Central Board of Direct Taxes (CBDT)

नई दिल्ली । आयकर विभाग ने बजट में हुई घोषणा के अनुसार आकलन वर्ष 2015-16 तक के छोटे टैक्स डिमांड (कर मांग) पर प्रति करदाता एक लाख रुपये की सीमा तय की है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से 2024-25 के अंतरिम बजट में हुई घोषणा को प्रभावी करने का आदेश जारी किया है। बजट के अनुसार आकलन वर्ष 2010-11 के लिए 25,000 रुपये तक और आकलन वर्ष 2011-12 से 2015-16 के लिए 10,000 रुपये तक की कर मांग वापस ली जाएगी। घोषणा के बाद लगभग 3,500 करोड़ रुपये की कर मांग वापस ले ली जाएगी। सीबीडीटी के आदेश में कहा गया है कि 31 जनवरी, 2024 तक आयकर, संपत्ति कर और उपहार कर से संबंधित बकाया डिमांडों को करदाता के लिए 1 लाख रुपये की अधिकतम सीमा तय करते हुए समाप्त कर दिया जाएगा। एक लाख रुपये की सीमा में कर मांग का मूल घटक, ब्याज, जुर्माना या शुल्क, उपकर और अधिभार शामिल होगा। हालांकि, आयकर कानून के टीडीएस या टीसीएस प्रावधानों के तहत कर कटौतीकर्ताओं या कर संग्रहकर्ताओं के खिलाफ की गई मांगों पर यह छूट लागू नहीं होगी। नांगिया एंडरसन इंडिया के पार्टनर मनीष बावा ने कहा कि निर्देश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि इस छूट या निरस्तीकरण से करदाताओं को क्रेडिट या रिफंड के लिए किसी भी दावे का अधिकार नहीं होगा। इसके अतिरिक्त, यह छूट या रद्दीकरण करदाता के खिलाफ किसी भी चल रहे, नियोजित या संभावित आपराधिक कानूनी कार्यवाही को प्रभावित नहीं करेगा और किसी भी कानून के तहत कोई प्रतिरक्षा प्रदान नहीं करता है। बावा ने कहा, करदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे अपने ऑनलाइन खातों का उपयोग करें। चेक करें। राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि इस तरह की 1.11 करोड़ कर मांगें हैं।

जेनिथ ड्रग्स का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुला

मुंबई । फार्मा कंपनी जेनिथ ड्रग्स लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) सब्सक्रिप्शन के लिए खोल दिया है। कंपनी अपने एसएमई आईपीओ के जरिए 40.6 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है। कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग एनएसई एसएमई प्लेटफॉर्म पर 27 फरवरी को हो सकती है। कंपनी के आईपीओ के लिए प्राइस बैंड 75-79 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। निवेशक आईपीओ को 19 फरवरी से 22 फरवरी तक सब्सक्राइब कर सकते हैं। आईपीओ 51.4 लाख शेयरों का पूरी तरह से ताजा इक्विटी इश्यू है और इश्यू के जरिए कंपनी का टार्गेट 40.6 करोड़ रुपये जुटाने का है।अक्टूबर 2023 को समाप्त अवधि के लिए, कंपनी ने 69.48 करोड़ रुपये का राजस्व और 5.4 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया। आईपीओ से जुटाई गई राशि से कंपनी मशीनरी की खरीद और नए प्लांट की स्थापना, मौजूदा मैन्युफैक्चरिंग ब्लॉक अपग्रेडेशन, वर्किंग कैपिटल आवश्यकताओं और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। ग्रेटेक्स कॉरपोरेट सर्विसेज आईपीओ की बुक-रनिंग लीड मैनेजर है, जबकि बिगशेयर सर्विसेज रजिस्ट्रार है। ऑफर का लगभग 50 फीसदी योग्य संस्थागत खरीदारों के लिए, 35 फीसदी खुदरा निवेशकों के लिए और शेष 15 फीसदी गैर-संस्थागत निवेशकों के लिए रिजर्व है।

पहले से बेहतर होगा अब हवाई सफर, अकासा एयर ने की 9 एयरपोर्ट पर डिजीयात्रा के साथ फेसियल रिकॉग्नीशन सिस्टम की शुरुआत

नई दिल्ली। अकासा एयर ने बेंगलुरु, नई दिल्ली, वाराणसी, हैदराबाद, लखनऊ, अहमदाबाद, गुवाहाटी, कोलकाता और पुणे सहित देश भर के नौ प्रमुख एयरपोर्ट पर डिजी यात्रा के फेस रिकर्गनाइजेशन सिस्टम की शुरुआत की। इसको लेकर एयरलाइन के प्रवक्ता ने कहा कि डिजीयात्रा को अपनाना अकासा एयर की इनोवेशन और अपने यात्रियों को एक अद्वितीय यात्रा अनुभव प्रदान देने के प्रयासों को दर्शाता है। डिजी यात्रा सेवा पूरी तरह से बायोमेट्रिक-आधारित सेल्फ-बोर्डिंग सॉल्यूशन है। यह यात्रियों के लिए परेशानी मुक्त यात्रा अनुभव सुनिश्चित कराती है। अब एयरपोर्ट में प्रवेश से पहले ही यात्री डिजीयात्रा ऐप पर अपनी फ्लाइट डिटेल्स के साथ अपनी आईडी और बायोमेट्रिक डेटा आसानी से रजिस्टर कर सकते हैं। यह ऐप हवाई अड्डे के माध्यम से नेविगेट करते हैं और अत्याधुनिक बायोमेट्रिक तकनीक यात्रियों की पहचान को प्रमाणित और सत्यापित करती है।

जी और सोनी मर्जर बचाने के लिए कर रहे बातचीत

रिपोर्ट में दावा - पुनीत गोयनका ने सोनी की मांग पर सहमति व्यक्त की

नई दिल्ली।
जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज और सोनी ग्रुप 10 बिलियन डॉलर के उस मर्जर को बचाने के लिए आपस में बातचीत कर रहे हैं, जिसे सोनी ने 22 जनवरी को कैंसिल कर दिया था। द इकोनॉमिक टाइम्स ने इस मामले से परिचित लोगों के हवाले से अपनी एक रिपोर्ट में जानकारी दी है। रिपोर्ट के अनुसार, दोनों कंपनियों ने पिछले 15 दिनों कई बैठकें की हैं, जिसका लक्ष्य प्रमुख मतभेदों को दूर करना और अगले 48 घंटों के अंदर एक समझौते पर पहुंचना है। रिपोर्ट में बताया गया है कि जी के एमडी और सीईओ पुनीत गोयनका ने सोनी की इस मांग पर सहमति व्यक्त की है कि वह मर्जर के बाद बनने वाली नई कंपनी को लीड नहीं करेंगे। वहीं, सोनी ने कहा है कि गोयनका नई कंपनी के लिए सबसे अच्छे सलाहकार हो सकते हैं। हालांकि, अभी तक दोनों कंपनियों की ओर से इसके बारे में कोई भी ऑफिशियल जानकारी नहीं दी गई है।

जी एंटरटेनमेंट के शेयर में 3.87 प्रतिशत की तेजी - इस खबर के बाद जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज के शेयर में 3.87 प्रतिशत की तेजी देखने को मिल रही है। सुबह 10 बजे कंपनी का शेयर 6.90 रुपए की तेजी के साथ 185.40 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। सोनी बिजनेस नहीं बढ़ा पा रही थी और जी पर कर्ज था, इसलिए मर्जर का फैसला लिया था सोनी भारत में अपने बिजनेस को बहुत ज्यादा बढ़ा नहीं पा रही थी, वहीं जी पर कर्ज का बोझ था। जी पर कर्ज का बोझ इसलिए था, क्योंकि उस पर लंबे समय से एस्सेल ग्रुप का कंट्रोल था और एस्सेल पर 2.4 बिलियन डॉलर (करीब 20,000 करोड़ रुपए) का कर्ज था। इन्हीं कारणों से इन दोनों कंपनियों ने मर्जर का फैसला लिया था। इस मर्जर से दोनों कंपनियों को बड़ा और डायवर्स ऑडियंस बेस मिलता। सोनी ने भारत में 1995 में अपना पहला टीवी चैनल लॉन्च किया था। वहीं जी ने अपना पहला चैनल 1992 में लॉन्च किया था।

2021 में हुई थी मर्जर की घोषणा - 2021 में जी ने जापान के सोनी कॉर्प की सहायक कंपनी सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया (अब कल्वर मैक्स एंटरटेनमेंट लिमिटेड) के साथ मर्जर की घोषणा की थी, लेकिन क्रेडिटर्स की आपत्तियों सहित अन्य कारणों से ये विलय पूरा नहीं पाया है। अगर मर्जर होता है तो इससे 10 बिलियन डॉलर (करीब 83 हजार करोड़ रुपए) की कंपनी बनेगी।

सोनी के 16 एंटरटेनमेंट और 10 स्पोर्ट्स चैनल - सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया टेलीविजन चैनल ऑपरेट करती है। इसके 16 एंटरटेनमेंट चैनल और 10 स्पोर्ट्स चैनल है। 1995 में इसने भारत में अपनी पहला चैनल लॉन्च किया था। इसका एक डिजिटल प्लेटफॉर्म सोनी लिव भी है। सोनी नेटवर्क्स इंडिया का नाम अब कल्वर मैक्स एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड हो गया है। यह जापान की कंपनी सोनी ग्रुप कॉर्पोरेशन की सहायक कंपनी है। कंपनी की 167 देशों में रीच है।

जी के देश में 50 चैनल, 40+ इंटरनेशनल चैनल भी चलाती है - जी ग्लोबल कंटेंट कंपनी है, जो देश में 50 चैनल चलाती है। इसमें हिंदी जनरल एंटरटेनमेंट चैनल, रीजनल एंटरटेनमेंट चैनल, हिंदी मूवी चैनल और अन्य चैनल शामिल हैं। इसके साथ ही कंपनी 120 देशों में 40 से अधिक चैनल चलाती है।

सिंगापुर से दूसरे देशों में हवाई यात्रा होगी महंगी

सिंगापुर । सिंगापुर से अन्य देशों की यात्रा करने वाले यात्रियों से ईको फ्रेन्डली विमान ईंधन के उपयोग के शुरू होने 2026 के बाद से ज्यादा किराया वसूला जा सकता है। यह जानकारी लांच किये गये सिंगापुर सस्टेनेबल एयर हब ब्लूप्रिंट में दी गई। चांगी एविएशन समिट 2024 में ब्लूप्रिंट लांच करते हुए परिवहन मंत्री ची होंग टैट ने कहा कि सिंगापुर ने 2050 तक नेट-शून्य हासिल करने के लिए कृतसंकल्प है और टिकाऊ विमानन ईंधन (एसएएफ) कार्बन उत्सर्जन में कटौती में दो-तिहाई योगदान देगा। उन्होंने कहा कि 2026 से एसएएफ का उपयोग करने वाली उड़ानें और एसएएफ-उपयोग लक्ष्य को 2026 में एक प्रतिशत से बढ़ाकर 2030 तक तीन प्रतिशत से पांच प्रतिशत के बीच करना है। दरअसल, खाद्य अपशिष्ट सहित गैर-पेट्रोलियम फीडस्टॉक से बने एसएएफ की मौजूदा कीमत पारंपरिक जेट ईंधन से लगभग तीन से पांच गुना अधिक है। मंत्री ने कहा कि इस प्रकार सिंगापुर एयरलाइंस और यात्रियों को लागत निश्चितता प्रदान करने के लिए एसएएफ लक्ष्य और अनुमानित एसएएफ मूल्य के आधार पर एक निश्चित लेवी लागू करेगा। एसएएफ लेवी वसूलने के बाद सिंगापुर से बैंकॉक की सीधी उड़ान में इकोनॉमी क्लास के यात्री के लिए टिकट की कीमत तीन सिंगापुर डॉलर (2.2 अमेरिकी डॉलर) बढ़ जाएगी, प्रीमियम क्लास के यात्रियों को अधिक लेवी का भुगतान करना होगा। गौरतलब है कि एसएएफ लेवी के अधिक विवरण की घोषणा 2025 में की जाएगी।

लग्जरी सामान बनाने वाली दुनिया की शीर्ष-100 कंपनियों में छह भारतीय

मुंबई ।
लग्जरी उत्पाद बनाने वाली दुनिया की शीर्ष-100 कंपनियों में छह भारतीय कंपनियां भी अपनी जगह बनाने में कामयाब रही हैं। इन छह कंपनियों में मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स और टाइटन के साथ चार अन्य भारतीय आभूषण निर्माता कंपनियां भी शामिल हैं। डेलॉय की जारी वैश्विक लग्जरी सामान सूची-2023 में 19वें स्थान पर काबिज मालाबार गोल्ड अग्रणी घरेलू कंपनी है। पहली बार इसे सूची में जगह मिली है। टाटा समूह की इकाई टाइटन कंपनी 24वें स्थान पर है। विविध क्षेत्रों में काम करने वाली फ्रांस की लग्जरी कंपनी एलवीएमएच इस सूची में शीर्ष स्थान पर काबिज है। पीवीएच कॉर्प दूसरे और रिचमोंट तीसरे स्थान पर है।

घरेलू लग्जरी बाजार में महत्वपूर्ण वृद्धि

डेलॉय ने रिपोर्ट में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था जैसे-जैसे बढ़ रही है, उपभोक्ताओं में प्राथमिकताएं विकसित हो रही हैं। देश के लग्जरी बाजार में महत्वपूर्ण वृद्धि देखी जा रही है, जो घरेलू ब्रांड की वैश्विक पहचान में योगदान दे रही है। देश में लग्जरी उत्पादों की मांग और बढ़ने की उम्मीद है। इससे घरेलू ब्रांड को वैश्विक स्तर पर उभरने के पर्याप्त अवसर मिलेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया की शीर्ष-100 लग्जरी उत्पाद विक्रेताओं ने 2023 में कुल 347 अरब डॉलर का कारोबार किया। यह सालाना आधार पर 13.4 फीसदी की बढ़ोतरी है। 347 अरब डॉलर के कुल कारोबार में एलवीएमएच की हिस्सेदारी 31 फीसदी है। शीर्ष-10 का 63 फीसदी बाजार पर कब्जा डेलॉय के मुताबिक, लग्जरी उत्पाद बनाने वाली दुनिया की शीर्ष-10 कंपनियों का 63 फीसदी बाजार पर कब्जा है। सालाना आधार पर इनकी बिक्री में 23 फीसदी का इजाफा देखने को मिला है। शीर्ष-100 कंपनियों के कुल शुद्ध लाभ में इनकी हिस्सेदारी 76.4 फीसदी है। अधिक नौकरियां देगी टेस्ला पावर इंडिया बैटरी बनाने वाली कंपनी टेस्ला पावर इंडिया अपनी विस्तार योजनाओं के तहत विभिन्न क्षेत्रों में दो हजार से अधिक कर्मचारियों की भर्ती करने की योजना बना रही है।

प्याज के निर्यात पर 31 मार्च तक जारी रहेगी रोक, केंद्र ने किया स्पष्ट

नई दिल्ली।
सरकार ने 8 दिसंबर 2023 को प्याज की कीमतों को कंट्रोल करने के लिए इसके निर्यात पर रोक लगा दी थी। आज एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध 31 मार्च 2024 के बाद भी जारी रहेगा। यह फैसला कीमतों को नियंत्रण में रखने और घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है।

उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने पीटीआई-भाषा को बताया कि

प्याज निर्यात पर प्रतिबंध नहीं हटाया गया है। यह लागू है और स्थिति में कोई बदलाव नहीं है। सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता उपभोक्ताओं को उचित मूल्य पर प्याज की पर्याप्त घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

वस्तु पर निर्यात प्रतिबंध हटाने की रिपोर्ट पर, देश के सबसे बड़े थोक प्याज बाजार लासलगांव में 19 फरवरी को मॉडल थोक प्याज की कीमतें 40.62 प्रतिशत बढ़कर 1,800 रुपये प्रति क्विंटल हो गईं, जो 17 फरवरी को 1,280 रुपये प्रति क्विंटल थीं।

वहीं सूत्रों ने कहा कि आम चुनावों से पहले 31 मार्च के बाद भी प्रतिबंध हटाए जाने की संभावना नहीं है क्योंकि

रबी (सर्दियों) प्याज का उत्पादन विशेष रूप से महाराष्ट्र में कम होने की उम्मीद है।

2023 के रबी सीजन में प्याज का उत्पादन 22.7 मिलियन टन होने का अनुमान लगाया गया था।

कृषि मंत्रालय के अधिकारी आने वाले दिनों में प्रमुख उत्पादक राज्यों महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और गुजरात में रबी प्याज कवरेज का आकलन करेंगे।

इस बीच अंतर-मंत्रालयी समूह से मंजूरी के बाद केस-टू-केस आधार पर मित्र देशों को प्याज के निर्यात की अनुमति दी गई है।

हूती हमलों के कारण भारत से यूरोप में डीजल भेजने की लागत बढ़ी, अब पश्चिम की बजाए पूर्व की ओर जा रहे जहाज

नई दिल्ली।

भारत से यूरोप में डीजल का शिपमेंट इस महीने अब तक 2022 के बाद से सबसे कम हो गया है। मर्चेंट शिपिंग पर हो रहे हूती हमलों से अंतरराष्ट्रीय व्यापार बाधित हो रहे हैं। लाल सागर में चल रही उथल-पुथल के बीच पश्चिम के बजाय पूर्व में कार्गो भेजना बेहतर हो गया है। इसके कारण यूरोपीय संघ और ब्रिटेन में कार्गो का प्रवाह काफी कम हो गया है।

ब्लूमबर्ग द्वारा संकलित वोर्टेक्स लिमिटेड के आंकड़ों के अनुसार, फरवरी के पहले दो हफ्तों में यूरोप में भारत आने वाले ईंधन की आवक औसतन 18,000 बैरल प्रति दिन रही, जिसमें जनवरी के औसत की तुलना में 90 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। स्पार्टा कॉमोडिटीज के एक विश्लेषक जेम्स नोएल-बेसविक के अनुसार, डीजल शिपमेंट में गिरावट का मुख्य कारण पश्चिम में शिपिंग की लागत का बढ़ना है।

नोएल-बेसविक ने कहा, पूर्व में सिंगापुर की ओर निर्यात करने के लिए अर्थशास्त्र पश्चिम की तुलना में बहुत बेहतर रहे। यूरोप या अटलांटिक बेसिन की ओर जाने वाले टैंकरों को हूती खतरे से बचाने के लिए उन्हें दक्षिण अफ्रीका के केप ऑफ गुड होप को पार करना होता है जिससे यात्रा की लंबाई और लागत बढ़ जाती है। इस कारण शिपमेंट्स की संख्या में कमी आई है।

आंकड़ों के अनुसार, फरवरी के पहले दो हफ्तों में यूरोपीय संघ में डीजल-प्रकार के ईंधन का कोई आयात नहीं हुआ और ब्रिटेन में केवल एक शिपमेंट का आयात हुआ। हालांकि, ब्लूमबर्ग द्वारा संकलित पोर्ट रिपोर्ट और टैंकर-ट्रैकिंग डेटा के अनुसार, मार्लिन सिसिली और मार्लिन ला प्लाटा ने हाल ही में भारत में बैरल लोड किए हैं और रॉटरडैम की ओर बढ़े हैं।

इन प्रोजेक्ट्स के लिए भारत को 128 अरब रुपये का लोन देगा जापान

नई दिल्ली।
जापान सरकार ने भारत में विभिन्न क्षेत्रों की नौ परियोजनाओं के लिए लगभग 12,814 करोड़ रुपये का आधिकारिक विकास सहायता लोन देने की प्रतिबद्धता जताई।

भारत की ओर से वित्त मंत्रालय के सचिव विकास शील और भारत में जापान के राजदूत सुजुकी हिरोशी के बीच समझौते के लिए नोट्स का आदान-प्रदान किया गया। यहां उन 9 परियोजनाओं को लिस्ट किया गया है।

इस परियोजनाओं को मिलेगी ओटीए लोन सहायता

उत्तर पूर्व सड़क नेटवर्क कनेक्टिविटी सुधार परियोजना (चरण 3) : धुबरी-फुलबारी पुल उत्तर पूर्व सड़क नेटवर्क कनेक्टिविटी सुधार परियोजना (चरण 7): (फुलबारी-गोएराग्रे खंड) तेलंगाना में स्टार्ट-अप और इनोवेशन को बढ़ावा देने की परियोजना चेन्नई पेरिफेरल रिंग रोड (चरण 2) के निर्माण

की परियोजना हरियाणा में सतत बागवानी को बढ़ावा देने के लिए परियोजना राजस्थान में जलवायु परिवर्तन प्रतिक्रिया और पारिस्थितिकी तंत्र सेवा संवर्धन के लिए परियोजना इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च, कोहिमा में मेडिकल कॉलेज अस्पताल की स्थापना के लिए परियोजना उत्तराखंड में शहरी जल आपूर्ति प्रणाली में सुधार के लिए परियोजना समर्पित माल गलियारा परियोजना (चरण 1) सड़क नेटवर्क कनेक्टिविटी परियोजनाओं का लक्ष्य वित्त मंत्रालय के एक बयान में कहा कि सड़क नेटवर्क कनेक्टिविटी परियोजनाओं का लक्ष्य भारत के उत्तर पूर्व क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विकास में सुधार करना है, जबकि चेन्नई परिधीय रिंग रोड परियोजना का उद्देश्य यातायात की भीड़ को कम करना और राज्य के दक्षिणी हिस्से में कनेक्शन को मजबूत करना है। नागालैंड में परियोजना सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज में योगदान देने वाले मेडिकल कॉलेज अस्पताल को विकसित करके तृतीयक स्तर की चिकित्सा सेवा वितरण विकसित करने में मदद करेगी। इस सहायता में तेलंगाना में एक अनूठी परियोजना भी शामिल है जो महिलाओं और ग्रामीण आबादी पर ध्यान केंद्रित करने के साथ उद्यमशीलता कौशल की खोज करने और एमएसएमई के व्यापार विस्तार का समर्थन करने में मदद करेगी। हरियाणा में, यह परियोजना टिकाऊ बागवानी को बढ़ावा देगी और फसल विविधीकरण और बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देकर किसानों की आय में सुधार करेगी। वहीं राजस्थान में वानिकी परियोजना वनीकरण, वन और जैव विविधता संरक्षण के माध्यम से पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं को बढ़ाएगी। उत्तराखंड में, परियोजना का लक्ष्य शहरी कस्बों को स्थिर जल आपूर्ति प्रदान करना है। डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर परियोजना की पांचवीं किश्त नई समर्पित माल रेलवे प्रणाली के निर्माण में मदद करेगी और इंटरमॉडल लॉजिस्टिक्स सिस्टम का आधुनिकीकरण करेगी ।

सोना और चांदी की चमक फीकी पड़ी, सोना 62 हजार के ऊपर, चांदी लगभग 71 हजार रुपए

नई दिल्ली । इस सप्ताह के दूसरे दिन सोने के वायदा भाव की शुरुआत मामूली तेजी के साथ हुई लेकिन बाद में इसके भाव भी सुस्त पड़ गए। चांदी के वायदा भाव गिरावट के साथ खुले। इस सुस्ती के साथ ही चांदी के वायदा भाव गिरकर 71 हजार रुपये के करीब आ गए हैं। सोने के वायदा भाव 62 हजार रुपये के ऊपर खुलने के बाद गिरकर 62 हजार से नीचे कारोबार कर रहे थे। वैश्विक बाजार में सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेज और चांदी के वायदा भाव की गिरावट के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अप्रैल कॉन्ट्रेक्ट 3 रुपये की तेजी के साथ 62,007 रुपये के भाव पर खुला और 12 रुपये की गिरावट के साथ 61,992 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के विपरीत चांदी के वायदा भाव की शुरूआत सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रेक्ट 49 रुपये की गिरावट के साथ 71,257 रुपये के भाव पर खुला और 148 रुपये की गिरावट के साथ 71,158 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक बाजार में सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी, चांदी की सुस्त रही। कॉमेक्स पर सोना 2,027.70 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,024.10 डॉलर था। फिलहाल यह 5.10 डॉलर की तेजी के साथ 2,029.20 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 23.46 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 23.47 डॉलर था। जो 0.44 डॉलर की गिरावट के साथ 23.03 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

लापता लेडीज की आईआईएम बेंगलुरु में की गई स्क्रीनिंग होस्ट

मुंबई (ईएमएस)। किरण राव के निर्देशन में बनी फिल्म लापता लेडीज रिलीज डेट करीब आ रही है, वैसे-वैसे दर्शकों की एक्साइटमेंट बढ़ती जा रही है। ट्रेलर को दर्शकों से भरपूर प्यार मिला है। फिलहाल इन दिनों मेकर्स विभिन्न शहरों में छात्रों के लिए फिल्म की स्क्रीनिंग का आयोजन कर रहे हैं। जयपुर में स्क्रीनिंग को मिली ब्लॉकबस्टर प्रतिक्रिया के बाद, टीम ने हाल ही में 13 फरवरी को सिनेपोलिस बैंगलोर में इसकी स्क्रीनिंग होस्ट की। इस दौरान आमिर खान, किरण राव और मुख्य कलाकार नितांशी गोयल, प्रतिभा रांटा और स्पर्श श्रीवास्तव मौजूद थे और स्क्रीनिंग के बाद उन्होंने आईआईएम बेंगलुरु का दौरा किया। फिल्म की स्क्रीनिंग पर आए लोगों ने फिल्म पर जमकर प्याप बरसाया है और मुख्य कलाकारों के सॉलिड परफॉर्मेंस से सजी एक और कंटेंट बेस्ड फिल्म के लिए निमार्ताओं की सराहना की। आईआईएम बेंगलुरु की अपनी यात्रा के दौरान, आमिर खान और टीम लापता लेडीज ने कॉलेज के छात्रों के साथ बातचीत की। आईआईएम बेंगलुरु उन जगहों में से एक है, जहां राजकुमार हिरानी और आमिर खान ने अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्म 3 इडियट्स की शूटिंग की थी। जियो स्टूडियोज द्वारा प्रस्तुत, लापता लेडीज किरण राव द्वारा निर्देशित और आमिर खान और ज्योति देशपांडे द्वारा निर्मित है। यह फिल्म आमिर खान प्रोडक्शंस और किंडलिंग प्रोडक्शंस के बैनर तले बनाई गई है, जिसकी स्क्रिप्ट बिप्लब गोस्वामी की अवॉर्ड विनिंग कहानी पर आधारित है।

फिल्मफेयर अवॉर्ड्स में करण जौहर पर जमकर बरसे रणवीर कपूर, वीडियो वायरल

इस साल का फिल्मफेयर पुरस्कार समारोह कुछ दिन पहले गुजरात के गांधीनगर में आयोजित किया गया था। इस साल कार्यक्रम का संचालन निमार्ता-निर्देशक करण जौहर और अभिनेता आयुष्मान खुराना ने किया था। पुरस्कार वितरण के दौरान अक्सर संचालक कई चुटकुले शेयर करते हैं। अब इस पुरस्कार समारोह वितरण समारोह में रणवीर कपूर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसे लेकर रणवीर चर्चा में है। फिल्मफेयर समारोह के इस वायरल वीडियो में आयुष्मान, करण और रणबीर एक साथ बातचीत करते नजर आ रहे हैं। इस वायरल वीडियो में करण जौहर एक्टर रणवीर पर निशाना साधते हुए कहते हैं, "केवल रणवीर ही ऐसा कर सकते हैं, रणवीर ही ऐसा करेंगे, रणवीर को यह करना ही चाहिए, रणवीर को हमारी मदद करनी चाहिए।" आखिरकार करण की सारी बातें सुनने के बाद रणवीर गुस्सा हो जाते हैं और फिल्म 'एनिमल' का अपना मशहूर डायलॉग बोलते हैं। रणबीर करण से कहते हैं, 'सुनाई दे रहा है, बहरा नहीं हूं मैं।' रणबीर का यह डायलॉग सुनकर करण और आयुष्मान चौंक जाते हैं। इस अवॉर्ड सेरेमनी वीडियो में भले ही रणवीर, करण और आयुष्मान जमकर भड़ास निकालते नजर आ रहे हों, लेकिन अब यह साफ हो गया है कि यह पूरा मामला दरअसल शो की स्क्रिप्ट का हिस्सा था। यह वीडियो इस समय सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस बीच, इस साल का फिल्मफेयर समारोह में रणवीर को फिल्म 'एनिमल' में अपने अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला था। रणबीर ने यह पुरस्कार अपने पिता और दिवंगत अभिनेता ऋषि कपूर को समर्पित किया। दिसंबर 2023 को रिलीज हुई फिल्म 'एनिमल' ने बॉक्स ऑफिस पर सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए।

इंडस्ट्री में हर दिन एक नई चुनौती : मौनी रॉय

-टाइपकास्ट होने के बारे में बात की एक्ट्रेस ने

मुंबई (ईएमएस)। बालीवुड एक्ट्रेस मौनी रॉय ने कहा कि कल्पना के किसी भी स्तर पर इस इंडस्ट्री में काम करना आसान नहीं है क्योंकि हर दिन एक नई चुनौती है और यह अपने कलाकारों से बहुत कुछ डिमांड करती है। मौनी रॉय ने कहा, मुझे टाइपकास्ट कर दिया गया है, हां बिल्कुल। लेकिन, मैं उन निर्देशकों के मामले में भी बहुत भाग्यशाली रही हूं, जिनके पास मुझे अलग-अलग भूमिकाओं में देखने का नजरिया है। हां, मेरा मतलब है, जैसा कि यह एक निष्पक्ष इंडस्ट्री हो सकती है, लेकिन, मैं सचमुच मानती हूं कि यह एक बहुत ही मुश्किल इंडस्ट्री है। कड़ी मेहनत के साथ-साथ इसमें बहुत सारी चुनौतियां भी आती हैं। यह वह संघर्ष है, जिसे आप नकार नहीं सकते। उन्होंने आगे कहा, कड़ी मेहनत का कोई शॉर्टकट नहीं है, जिसे आप अपना सकते हैं। मेरा सचमुच मानना है कि काम से ही काम बनता है। जब आप किसी प्रोजेक्ट पर फोकस करते हैं, चाहे वह डांस हो या एक्टिंग, अगर आप अपना 100 प्रतिशत देते हैं, अगर आप अपना करेक्टर बखूबी से निभाते हैं और उसे सही ठहराते हैं, तो मुझे लगता है कि देर-सबेर आप सफल हो ही जाएंगे। यही मेरे जीवन का एकमात्र मंत्र रहा है। सीरीज शोटाइम में इमरान हाशमी, महिमा मकवाना, राजीव खंडेलवाल, श्रिया सरन, विशाल वशिष्ठ, नीरज माधव, विजय राज और नसीरुद्दीन शाह भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

विनी हार्लो के साथ तस्वीर शेयर की करीना ने

दुबई में कनाडाई फैशन मॉडल विनी हार्लो के साथ एक्ट्रेस करीना कपूर खान एक तस्वीर शेयर की। पहली तस्वीर में, वह ओसियन ग्रीन शिमरी ड्रेस पहने हुए मिरर सेल्फी ले रही है। एक्ट्रेस ने इसे कैप्शन दियाः इस तरह जागी। दूसरी तस्वीर में वह लिफ्ट के मिरर में भी सेल्फी क्लिक कर रह है और लिखाः और इस तरह बिस्तर पर। इसके बाद एक्ट्रेस ने हार्लो के साथ एक तस्वीर साझा की, जो विटलिगो स्किन को लेकर पब्लिक स्पोकपर्सन भी हैं। इवेंट में भारत का प्रतिनिधित्व कर रही करीना ने लिखा, खूबसूरत विनी हार्लो के साथ। बता दें, विनी हार्लो ने 2014 में टीवी सीरीज अमेरिका नेक्स्ट टॉप मॉडल से सुर्खियां बटोरीं। 2016 में, वह विक्टोरिया सीक्रेट फैशन शो में चलने वाली विटिलिगो से पीड़ित पहली मॉडल बनीं। हार्लो बेयोंसे द्वारा निर्देशित विजुअल एल्बम बेयोंसेः लेमोनेड में भी दिखाई दी हैं। बता दें कि करीना ने इंस्टाग्राम स्टोरीज सेक्शन में एक इवेंट की कई तस्वीरें साझा कीं।

सोभिता धूलिपाला ने शेयर किया सेट से लिया हुआ बीटीएस

द नाइट मैनेजर इंडियन एडेप्टेशन के पहले सीजन की आज एनिवर्सरी है। यह कहना गलत नहीं होगा की इस बेहद शानदार सीरीज को सेलिब्रेट करने का यह अच्छा मौका है, जिसमें इंडियन सिनेमा के बेहद टैलेंटेड और वसेर्टाइल एक्टर्स आदित्य रॉय कपूर, अनिल कपूर, और सोभिता धूलिपाला ने काम किया है। समीक्षकों ने इस सफल हॉलीवुड फिल्म से प्रेरित एडेप्टेशन की आकर्षक स्टोरीलाइन, परफॉर्मेंस और भारतीय पहलुओं की तारीफ की है। अभिनेत्री सोभिता धूलिपाला ने सोशल मीडिया पर बिहाइंड द सीन की पहले कभी न देखी गई तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा है, द नाइट मैनेजर पार्ट 1का एक साल। वहां मजेदार पल थे। हां। मेरे लिए, फायरफ्ली वेटलैंड, सुबह की धूप, मच्छर वाला कोइल, और सुगरी ड्रिंक्स सभी एक टाइमटेबल में भर दिए गए थे। स्क्रीन पर अपनी शानदार मौजूदगी से आदित्य रॉय कपूर ने एक असाधारण परफॉर्मेंस दिया है और रहस्यमय लीड किरदार के रूप में उन्होंने दर्शकों को अपना दीवाना बनाया है।

जी रिश्ते अवाड्र्स के लिए तैयारी में जुटा जी टीवी

मुंबई (ईएमएस)। जी टीवी अपने वार्षिक उत्सव, जी रिश्ते अवाड्र्स के लिए तैयारी कर रहा है, जहां वे अभिनेताओं, निर्देशकों, निमार्ताओं और हमारे पसंदीदा टीवी पात्रों को जीवंत बनाने वाले सभी लोगों की कड़ी मेहनत का सम्मान करते हैं। इस साल का आयोजन, होली के करीब, अतिरिक्त विशेष होने का वादा करता है। यह परिवारों के लिए एक साथ आने और रंगों के त्यौहार का आनंद लेने का सही अवसर है। जी टीवी ने स्टार-स्टडेड नॉमिनेशन पार्टी की मेजबानी करके जी रिश्ते अवाड्र्स के वार्षिक उत्सव की शुरूआत की, जिसमें शीर्ष टीवी हस्तियों को उनके सबसे ग्लैमरस अवतार में रेड कार्पेट पर देखा गया। रात का मुख्य आकर्षण हमारे पसंदीदा धारावाहिक नामांकितों द्वारा किया गया शानदार नृत्य प्रदर्शन था। चाहे वह भाग्य लक्ष्मी का मोरनी बनके हो या क्योंकि... सास मां बहू बेटी होती है का गुड़ नाल इश्क मीठा नृत्य प्रदर्शन हो, प्रत्येक एक्ट ने दर्शकों के दिल को लुभाने का वादा किया। जोड़ी नामांकितों ने मंच पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, शिव (अर्जुन बिजलानी) और शक्ति (निक्की शर्मा) ने भावपूर्ण ट्रैक- सतरंगा पर प्रदर्शन किया, ऋषि (रोहित सुचांती) और लक्ष्मी (ऐश्वर्या खरे) ने लाल पीली अंखियां गीत पर रोमांटिक प्रदर्शन किया। करण (शक्ति आनंद) और प्रीता (श्रद्धा आर्य) ने गेरुआ गीत पर एक सुंदर अभिनय किया, और हीर (तनिषा मेहता) - रांझा (अविनेश रेखी) और राजवंश (अबरार काजी) - पूर्वी (राची शर्मा) के बीच एक विशेष जुगलबंदी भी थी। तेरे वास्ते फलक से मैं चांद लाऊंगा गाने पर।

आयशा टाकिया को क्यों ट्रोल कर रहे लोग....जान लें वजह

वांटेड गर्ल आयशा टाकिया एक समय पर बॉलीवुड की सबसे खूबसूरत अभिनेत्री में से एक थीं। उनकी मासूमियत और खूबसूरती के कई दीवाने थे। करियर में अच्छा कर रही आयशा टाकिया शादी के बाद फिल्मों से दूर हो गईं थी। इतना ही नहीं उन्हें पब्लिक प्लेस पर भी बेहद कम देखा गया है। सुर्खियों से काफी दूर रहने के बाद आयशा टाकिया को दिखाई दीं। आयशा की झलक एयरपोर्ट पर मिली जब वे अपने बेटे मिकाइल के साथ थीं। इस दौरान आयशा को पहचानना काफी मुश्किल था। इसके बाद लोगों ने आयशा को बेरहमी से ट्रोल किया। जहां कई लोगों ने बताया कि उन्होंने प्लास्टिक सर्जरी के बाद अपना चेहरा बर्बाद कर लिया। हालांकि आयाशा पर ऑनलाइन ट्रोलिंग का जरा भी असर नहीं पड़ा और ट्रोल्स को करारा जवाब दिया।

शादी से पहले अभिनेत्री दिव्या अग्रवाल ने कराया प्री-वेडिंग फोटोशूट

अभिनेत्री दिव्या अग्रवाल जल्द शादी के बंधन में बंधने जा रही हैं। दिव्या अग्रवाल 20 फरवरी को दुल्हनिया बनेंगी। 20 फरवरी को दिव्या अग्रवाल मंगेतर अपूर्व पडगांवकर के साथ सात फेरे लेंगी। शादी से चंद दिन पहले दिव्या ने एक खूबसूरत प्री-वेडिंग फोटोशूट कराया है। दिव्या ने ऑरेंज कलर के लहंगे में बहुत खूबसूरत लग रही थीं। दिव्या ने लहंगे के साथ फुल बाजू वाली चोली पेयर की थी। उन्होंने अपने लुक को इयररिंग्स, नथ, कलीरे और अंगूठियों से स्टाइल किया था। सॉफ्ट कर्ल हेयर और लाइट मेकअप में दिव्या की खूबसूरत निखरकर आ रही थी। वहीं अपूर्व रेड कलर के कुर्ता-पायजामा में जच रहे थे। तस्वीरों में दिव्या और अपूर्व एक-दूसरे के साथ रोमांटिक पोज देते हुए नजर आ रहे हैं। अपूर्व की बाहों में खोने से लेकर सीढ़ियों पर मस्ती करने कपल गोल्स देने तक दिव्या ने इस शूट को ग्लैमरस बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

तलाक के एलान के बाद पहली बार मीडिया के सामने आई ईशा देओल

ईशा देओल बॉलीवुड की लोकप्रिय अभिनेत्रियों में से एक हैं। ईशा ने अपनी एक्टिंग से दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई है। फिलहाल ईशा एक्टिंग से तो दूर हैं लेकिन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। वह तरह-तरह की तस्वीरें और वीडियो शेयर कर अपने फैंस को अपडेट करती रहती हैं। एक्टिंग के अलावा ईशा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। शादी के 11 साल बाद ईशा अपने पति भरत तख्तानी से तलाक लेने जा रही हैं। कुछ दिनों पहले मीडिया को दिए इंटरव्यू में ईशा ने इस बात का ऐलान किया था। ईशा के इस बयान के बाद कई तरह की चचाएं छिड़ गई हैं। इस बीच तलाक के ऐलान के बाद ईशा पहली बार मीडिया के सामने आईं। ईशा एक्टर जैकी भगनानी और एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह की शादी के लिए गोवा गई हैं। जैसे ही ईशा को मुंबई एयरपोर्ट पर देखा गया, पपराजी तस्वीरें और वीडियो लेने के लिए इकट्ठा हो गए। इस बार ईशा ने सफेद क्रॉप टॉप और जींस पहनी हुई थी, जबकि सिर पर सफेद गोल टोपी लगाई हुई थी। पैपराजी ने उनसे यह भी पूछा कि आप कैसी हैं। इस पर ईशा ने जवाब दिया मैं ठीक हूं। ईशा का ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इस पर कई फैंस ने कमेंट किए हैं। उल्लेखनीय है कि ईशा देओल ने 29 जून 2012 को बिजनेसमैन भरत तख्तानी से शादी की थी। ईशा और भरत की दो बेटियां हैं, जिनका नाम राध्या और मिराया है। ईशा अक्सर अपने पति और बेटियों के साथ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। हालांकि, पिछले कुछ दिनों से दोनों को एक साथ नहीं देखा गया है। इसलिए ऐसी अफवाहें थीं कि ईशा और भरत के बीच कुछ गड़बड़ है।

सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म 'योद्धा' का टीजर रिलीज

बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा की बहुप्रतीक्षित फिल्म योद्धा काफी समय से चर्चा में है। हाल ही में इस फिल्म का पोस्टर दुबई में लॉन्च किया गया था। अब मेकर्स ने दमदार एक्शन सीक्वेंस के साथ फिल्म का टीजर रिलीज कर दिया है। सिद्धार्थ मल्होत्रा ने टीजर को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। उन्होंने अपने कैप्शन में लिखा है, "हमने उड़ान भर ली है... आप सभी इस हाई-ऑक्टेन एक्शन के लिए तैयार हो जाएं...।' टीजर की बात करें तो सिद्धार्थ मल्होत्रा फुलऑन एक्शन में नजर आ रहे हैं। एक आर्मी ऑफिसर की भूमिका में सिद्धार्थ हाथ में बंदूक लिए आतंकियों से जमकर लोहा लेते दिखे। फैंस को एक्टर का ये डैशिंग अवतार काफी पसंद आया है। इस टीजर को दर्शकों से पॉजिटिव रिस्पॉन्स भी मिल रहा है। एक यूजर ने कमेंट में लिखा है कि ये फिल्म इतिहास रचने वाली है। कुछ अन्य यूजर्स ने टीजर को सुपरहिट बताया। योद्धा की कहानी एक ऐसे योद्धा की कहानी है जो एक विमान को हाईजैक करने वाले आतंकवादियों से लड़ता है और विमान में मौजूद सभी यात्रियों को सुरक्षित वापस लाता है। इस योद्धा की भूमिका में सिद्धार्थ मल्होत्रा नजर आएंगे और वह एक सैनिक की भूमिका में नजर आएंगे। पहले सिद्धार्थ ने 'शेरशाह' में एक सैनिक का किरदार निभाया था। ऐसे में फैंस अपने पसंदीदा स्टार को बड़े पर्दे पर देखने के लिए उत्सुक हैं। इस फिल्म में दिशा पटानी पहली बार सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी। योद्धा में इन दोनों के अलावा राशि खन्ना भी अहम भूमिका में नजर आएंगी। यह फिल्म 15 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है।

सूडोकु नवताल- 6709

★★★★☆ मध्यम

3				8				9
		8	6		9	5		
6	5			4			7	1
	4						2	
1	2			6			9	8
		6	4		5	8		
9				1				7

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6708 का हल

2	3	8	5	1	9	6	4	7
9	6	4	7	3	8	2	5	1
5	1	7	4	6	2	8	3	9
3	2	5	1	9	7	4	6	8
1	8	9	6	4	3	7	2	5
4	7	6	2	8	5	1	9	3
6	4	3	8	5	1	9	7	2
8	9	2	3	7	4	5	1	6
7	5	1	9	2	6	3	8	4

शब्दजाल - 7456

अ	क	ल	व	दे	ह	रा	दू	न	ल	क
र	ल्मो	ल	रु	व	जी	ग	द	इ	ट	ली
ग	स	ड्र	ल	द्र	छ	पु	चं	पा	व	त
क	ढ़	ज	य	पु	प्र	न	प	न	ल	उ
क	क	वा	ग	श्री	लं	या	तू	ग	झ	ध
जी	क	ल	ल	ह	झ	पू	ग	ण	घ	म
उ	आ	नै	नी	ता	ल	ल	श	र	ला	सिं
क	त्त	दा	ई	धा	ब	क	फ	लो	श	ह
च	बा	र	न	ब्रा	जी	ल	री	ग	प	न
मो	पा	ल	का	व	ह	रि	द्वा	र	प	ग
ली	क	ल	प	शी	न	रा	बा	द	प	र

शब्द जाल में उत्तरांचल के 10 जिलों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

अल्मोडा, चमोली, चंपावत, देहरादून, गढ़वाल,हरिद्वार,नैनीताल,रुद्रप्रयाग, उधमसिंह नगर, उत्तरकाशी

शब्दजाल - 7455 का हल

ब	क	दो	यु	ला	प	ब	रे	ली	झ	क
जे	ल	ल	प	आ	रिं	पू	ना	दि	शा	ऊ
अं	इ	रा	म	स	ग	ल	श	र	न	ल
क	कु	दा	म	धा	ब	रा	प	ख	श	र
क	ति	ब	न	पु	क	र	ल	ग	वी	इ
ब	स्ती	ल	लि	व	र	र्त	ऐ	ढ़	प	ला
ती	अ	ल	श	या	प	म	ग	कौ	ला	ह
क	ली	अ	ब	त	क	म	प्प	न	श	बा
क	ग	थो	तें	व	ज	ज	द	शा	जू	द
द	ढ़	ल	प	आ	रं	र्त	ऐ	बें	प	रु
थो	त	सा	बि	ज	नौ	र	जा	एं	प	क

Jagrutidaur.com, Bangalore

अष्टयोग- 6409

		3	4	5		
2	23	1	26		40	6
	7		4		6	
4	38		24	4	29	4
		6		2		
6	47	7	35		26	2
7			4	3		1

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 6408 का हल

7	5	3	6	1	2	4
2	31	7	31	4	28	2
4	2	1	6	3	5	7
5	28	6	31	6	39	3
1	5	4	3	2	7	6
3	29	5	32	7	40	5
6	3	2	4	5	7	1

Jagrutidaur.com, Bangalore

मैनचेस्टर यूनाइटेड की लगातार चौथी जीत, लूटन टाउन को हराया; रियल मैड्रिड को खेलना पड़ा ड्रॉ

नई दिल्ली ।
रेसमस के दोहरे गोल की मदद से मैनचेस्टर यूनाइटेड ने इंग्लिश प्रीमियर लीग में लूटन टाउन को 2-1 से हराकर लगातार अपनी चौथी जीत दर्ज की। रेसमस ने पहले और सातवें मिनट में गोल किए। पहला गोल तो उन्होंने 37 सेकंड में ही कर दिया था। यह यूनाइटेड का गैर-घरेलू मैदान में सबसे तेज गोल है। 21 साल के डेनमार्क के रेसमस ने प्रीमियर लीग में लगातार छठे मैच में गोल किया। वह ऐसा करने वाले सबसे युवा फुटबालर हैं। लूटन ने 14वें मिनट में कार्लटन मोरिस की मदद से एक गोल कर वापसी का प्रयास किया लेकिन टीम हार न टाल सकी। यूनाइटेड ने इस जीत से शीर्ष चार टीमों के लिए अपना दावा मजबूत किया है। यह यूनाइटेड की लीग में लगातार चौथी जीत है। रेसमस अगस्त में इटालियन क्लब अटलांटा से 72 मिलियन पौंड (लगभग 753 करोड़ रुपये) में यूनाइटेड में आए हैं। मुकाबले में 14 मिनट में तीन गोल हो गए लेकिन उसके बाद कोई गोल नहीं हो सका। दोनों ही टीमों ने मौके गंवाए। लूटन के रॉस बार्कले ने स्टॉपेज टाइम में हेडर से अच्छा प्रयास किया लेकिन गेंद क्रॉसबार से लगकर रह गई।

मैड्रिड को खेलना पड़ा ड्रॉ - रियल मैड्रिड ने स्पेनिश लीग में रायो वैलेकानो के खिलाफ मुकाबला 1-1 से ड्रॉ खेला। जबकि अंतिम स्थान पर मौजूद अल्मेरिया पहली टीम बन गई जिसे 28 मैचों में एक भी जीत नहीं मिली है। अल्मेरिया ने ग्रेनाडा के साथ मुकाबला 1-1 से बराबरी पर खेला। उसे पिछले सीजन में अपने अंतिम तीन मैचों में भी जीत नहीं मिली थी।

हेजर्ड ने तोते को समर्पित किया गोल - बेल्जियन फुटबॉल लीग में एंडरलेक्ट के लिए गोल करने के बाद थोर्गन हेजर्ड ने खास अंदाज में जश्न मनाया। इस मिडफील्डर ने एक परिंदे की तरह अपने हाथ फैलाकर कुछ संदेश देने का प्रयास किया। एंडरलेचट ने सिंट ट्रूरुडेंस के खिलाफ मैच 4-1 से जीतकर प्लेऑफ में जगह पक्की की। हेजर्ड ने यह जश्न टीम को 1-1 से बराबरी दिलाने के बाद किया था। बोर्सिया डोर्टमंड से सितंबर में एंडरलेक्ट में शामिल होने वाले 30 साल के फुटबॉलर ने बताया कि उनके बच्चों ने उनसे अपील की थी कि वह अपना एक गोल उस तोते को समर्पित करें जिसका हाल में निधन हो गया है। हेजर्ड ने कहा कि हमारे पास तीन तोते थे लेकिन इस हफ्ते एक का निधन हो गया। थोर्गन चेल्सी और रियल मैड्रिड के पूर्व स्टार ईडन हेजर्ड के छोटे भाई हैं। एंडरलेक्ट बेल्जियम के सबसे सफल क्लबों में से एक है। क्लब 34 बेल्जियम लीग खिताब जीत चुका है हालांकि पिछला उसने 2017 में जीता था।

न्यूज ब्रीफ

दिल्ली लीग में आत्मघाती गोल की बौछार, सोशल मीडिया पर फैन ने मैच फिक्सिंग का लगाया आरोप, देखें वीडियो

नई दिल्ली । दिल्ली फुटबॉल लीग से खिलाड़ियों के संदिग्ध आत्मघाती गोल करने के वीडियो सामने आने के बाद भारतीय फुटबॉल में मैच फिक्सिंग का बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। भारतीय फुटबॉल क्लब मिनर्वा पंजाब और दिल्ली एफसी के मालिक रंजीत बजाज ने अधिकारियों से दिल्ली लीग में चल रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने का आग्रह किया। बजाज ने खुद दिल्ली लीग में अहबाब एफसी और रेंजर्स एफसी के बीच मैच के दौरान किए गए संदिग्ध गोलों के वीडियो साझा किए। सोशल मीडिया पर एक सनसनीखेज पोस्ट में बजाज ने यहां तक दावा किया कि आई-लीग पूरी तरह से तय है। मैच में क्या हुआ था अहबाब एफसी विपक्षी टीम रेंजर्स एफसी के खिलाफ 4-0 से आगे चल रहा था जब रेंजर्स के खिलाड़ियों ने अचानक कुछ चौंकाने वाले आत्मघाती गोल किए। खिलाड़ियों ने अजीब तरीके से गेंद को अपने गोलकीपर को पास करना शुरू कर दिया। देखने से लग रहा था कि खिलाड़ी यह दिखाने की कोशिश कर रहे थे कि उन्होंने गेंद गोलकीपर को पास किया, पर वह अपनी ही गोल पोस्ट में गेंद को पहुंचा रहे थे। कहीं से भी ऐसा नहीं लगा कि उन्होंने गोलकीपर को पास देने की कोशिश की। सोशल मीडिया पर लगे आरोप इसके बाद बजाज ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट कर लिखा, मैं गारंटी दे सकता हूं कि दिल्ली फुटबॉल सीनियर प्रीमियर डिवीजन में फिक्सिंग बड़े पैमाने पर जारी है। यही कारण है कि हम तब तक इस क्लब से दूरी बनाएंगे जब तक इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं होती है। मैं इस मामले को बार-बार उठा रहा हूं। देश में सबसे भ्रष्ट लीग - आई-लीग भी इससे पीछे नहीं है। रेफरी, टीम के मालिक भी इसमें शामिल हैं। पांच टीमें मैच फिक्सिंग में शामिल हैं और सभी खिलाड़ी इसके बारे में जानते हैं। किसी को परवाह नहीं है और अनुमान लगाएं कि दिल्ली फुटबॉल एसोसिएशन का मुख्य भागीदार कौन है- एक सट्टेबाजी कंपनी। बजाज ने इसके साथ दिल्ली पुलिस को भी टैग किया है।

नासिर हुसैन ने बेन डकेट के बयान की आलोचना की: बोले- यशस्वी जायसवाल ने आपसे कुछ नहीं सीखा, इंग्लैंड को उनसे सीखना चाहिए

नई दिल्ली । इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने बेन डकेट के बयान की आलोचना की है। इंग्लिश

टीम के ओपनर डकेट ने यशस्वी की पारी पर कहा था कि इंग्लैंड के बैजबॉल को देखकर ही भारतीय खिलाड़ी भी तेज खेल रहे हैं। इस पर नासिर हुसैन ने स्काई स्पोर्ट्स के पॉडकास्ट शो में कहा, यशस्वी जायसवाल ने तुमसे कुछ नहीं सीखा है, उसने अपने जीवन की कठिनाइयों से सीखा है। उसने इंडियन प्रीमियर लीग से सीखा है। इंग्लैंड की टीम को उनसे (यशस्वी जायसवाल) से सीखना चाहिए। यशस्वी के तेज खेलने का क्रेडिट हमें जाना चाहिए- डकेट यशस्वी तीसरे मैच के तीसरे दिन दूसरी पारी में बैक इंजरी की वजह से अपने 104 रन के स्कोर पर रिटायर्ड हर्ट हो गए थे। हालांकि, यशस्वी दूसरी पारी के चौथे दिन फिर बैटिंग करने उतरे और नाबाद 214 की पारी खेली। तीसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद डकेट ने कहा, उन्होंने (यशस्वी) जिस अंदाज में बल्लेबाजी की उसका श्रेय इंग्लैंड की टीम को जाना चाहिए। क्योंकि इंग्लैंड की (बैजबॉल) बल्लेबाजी को देखकर ही उन्होंने तेजी से रन बनाने का सोचा, जिसमें वो सफल रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, जब आप विपक्षी टीम के खिलाड़ियों को इस तरह से बैटिंग करते देखते हैं, तो ऐसा लगता है कि हमें कुछ क्रेडिट लेना चाहिए। वे टेस्ट क्रिकेट खेलने के तरीके से अलग खेल रहे हैं। इंग्लैंड टीम चौथी पारी में 122 रन ही बना सकी टीम इंडिया ने राजकोट टेस्ट रिकॉर्ड 434 रन से जीत लिया। मैच के चौथे दिन 557 रन के टारगेट के सामने इंग्लैंड टीम चौथी पारी में 122 रन ही बना सकी। रन के अंतर से टीम इंडिया की यह सबसे बड़ी जीत रही। इससे पहले टीम ने 2021 में मुंबई के वानखेड़े मैदान पर न्यूजीलैंड को 372 रन से हराया था। निरंजन शाह स्टेडियम में पहली पारी में भारत ने 445 और इंग्लैंड ने 319 रन बनाए थे। भारत ने दूसरी पारी 430/4 पर डिक्लेयर की थी। भारत पांच मैचों की पारी में 2-1 से आगे है। क्या होता है बैजबॉल क्रिकेट बुक में कोई ऑफिशियल बैजबॉल थ्योरी नहीं है, लेकिन इसे इंग्लैंड की टेस्ट टीम के नए अटैकिंग अप्रोच को दर्शाने के लिए नाम दे दिया गया। बैजबॉल 2 शब्दों से मिलकर बना है, इसमें बैज और बॉल शामिल हैं। बैज इंग्लैंड की टेस्ट टीम के हेड कोच ब्रेंडन मैक्कुलम का निकनेम है और बॉल क्रिकेट का एक एलिमेंट, जिसके बिना खेल पॉसिबल ही नहीं है। इन दोनों शब्दों को मिलाकर बैजबॉल बनाया गया। मैक्कुलम न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर हैं और वे अपने करियर के दौरान बहुत अटैकिंग बैटिंग करते थे।

ये आजकल के बच्चे

रोहित ने अलग अंदाज में यशस्वी, सरफराज और जुरेल की तारीफ की; युवा सितारों की फोटो इंस्टा स्टोरी पर लगाई

नई दिल्ली ।
टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने यशस्वी जायसवाल, सरफराज खान और ध्रुव जुरेल की अलग अंदाज में तारीफ की है। रोहित ने तीनों युवा सितारों की फोटो इंस्टाग्राम स्टोरी में लगाई। फोटो पर ये आजकल के बच्चे कैप्शन लिखा है। भारत ने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के तीसरे मुकाबले में इंग्लैंड को रिकॉर्ड 434 रन से हरा दिया। भारत की इस जीत में यशस्वी, सरफराज और जुरेल का काफी योगदान रहा। वहीं सरफराज और जुरेल का यह इंटरनेशनल डेब्यू मैच था। यशस्वी जायसवाल ने 214 रन की नाबाद पारी खेली, 12 सिक्स लगाए

यशस्वी जायसवाल ने तीसरे टेस्ट के दूसरी पारी में नाबाद 214 रन की पारी खेली। इस इनिंग्स में उन्होंने 12 सिक्स लगाए, जो किसी भी भारतीय द्वारा एक इनिंग में सबसे ज्यादा हैं। यशस्वी का इस सीरीज में यह दूसरा दोहरा शतक था। उन्होंने सीरीज के पहले मैच में भी डबल सेंचुरी लगाई थी। यशस्वी ने अब तक केवल 7 ही टेस्ट खेले हैं। पिछले साल ही उन्होंने टेस्ट डेब्यू किया था।

सरफराज ने डेब्यू मैच में दोनों इनिंग्स में अर्धशतक जमाए

26 साल के राइट हैंड बैटर सरफरज खान का यह पहला इंटरनेशनल मैच था। सरफराज ने डेब्यू मैच की दोनों इनिंग्स में अर्धशतक जमाए। पहली इनिंग्स में उन्होंने 66 बॉल पर 62 रन की पारी खेली। रवींद्र जडेजा के साथ कन्फ्यूजन के चलते सरफराज रनआउट हो गए। 82वें ओवर की पांचवीं बॉल पर मिड ऑन की ओर शॉट खेलने के बाद जडेजा रन लेने के लिए आगे आए, सरफराज भी दूसरे छोर से दौड़ पड़े। जडेजा ने सरफराज को रन लेने के लिए मना किया, लेकिन जैसे ही सरफराज क्रीज की ओर वापस आ रहे थे, मार्क वुड ने डायरेक्ट थ्रो कर उन्हें रनआउट कर दिया।

दूसरी पारी में सरफराज 68 रन बनाकर नाबाद लौटे।

डेब्यू में दोनों पारियों में अर्धशतक जमाने वाले चौथे भारतीय बने सरफराज

सरफराज खान डेब्यू मैच की दोनों इनिंग्स में अर्धशतक लगाने वाले चौथे भारतीय बल्लेबाज बने। सरफराज से पहले, 1934 में इंग्लैंड के खिलाफ दिलवार हुसैन, 1971 में वेस्टइंडीज के खिलाफ सुनील गावस्कर ने और श्रेयस अय्यर ने 2021 में न्यूजीलैंड के खिलाफ डेब्यू पर दो बार 50 से ज्यादा का स्कोर बनाया था।

जुरेल ने 46 रन की पारी खेली

23 साल के विकेटकीपर बैटर ध्रुव जुरेल ने राजकोट में टेस्ट डेब्यू किया। जुरेल टेस्ट में डेब्यू करने वाले 312वें खिलाड़ी रहे। जुरेल ने भी इस मुकाबले में 46 रन की पारी खेली। उन्होंने विकेटकीपिंग में अहम योगदान दिया। पहली पारी में रवींद्र जडेजा की बॉल पर टॉम हार्टले को स्टंप आउट किया। दूसरी पारी में भी जडेजा की ही बॉल पर बेन फॉक्स को स्टंप आउट किया। वहीं बेन डकेट को मोहम्मद सिराज के थ्रो पर रन आउट कराया।

पूर्व क्रिकेटर मनोज तिवारी ने धोनी पर लगाये गंभीर आरोप, शतक के बाद भी मुझे बाहर रखा गया

कोलकाता ।
हाल की में सन्यास लेने वाले क्रिकेटर क्रिकेटर मनोज तिवारी ने भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी पर गंभीर आरोप लगाये हैं। मनोज ने कहा कि अच्छे प्रदर्शन के बाद भी धोनी ने उनकी उपेक्षा की। मनोज के अनुसार वह धोनी से पूछना चाहते हैं कि शतक लगाने और प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीतने के बाद भी उन्हें लगातार 14 मैचों तक क्यों बाहर रखा गया। मनोज का कहना है कि घरेलू क्रिकेट में भी उनका रिकार्ड काफी अच्छा रहा है, इसके बाद भी उन्हें अवसर नहीं दिया गया। मनोज ने बंगाल की ओर से अपना रणजी ट्रॉफी मैच खेला था। इसके बाद उनके दिल का दर्द फूट पड़ा और उन्होंने धोनी के रवैये के प्रति अपनी निराशा व्यक्त की।

गौरतलब हे कि इस क्रिकेटर ने साल 2008 में भातरीय टीम की ओर से पदार्पण करने के बाद 12 एकदिवसीय और तीन टी20 मैच खेले थे। दिसंबर 2011 में, उन्होंने चेन्नई में वेस्टइंडीज के खिलाफ नाबाद 104 रन बनाकर अपना पहला अंतरराष्ट्रीय शतक लगाया था पर इसके बाद दूसरा अवसर उन्हें 7 महीने के बाद मिला।

इसी को लेकर इस क्रिकेटर ने सवाल उठाया है। उसका कहना है कि वह किसी दिन पूर्व कप्तान धोनी से यह जानना चाहेंगे कि ऐसा क्यों किया गया। उन्हें जानबूझकर 2012 में ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भी शामिल नहीं किया गया जबकि उस समय विराट कोहली, रोहित शर्मा और सुरेश रैना जैसे अनुभवी



खिलाड़ी भी रन नहीं बना पा रहे थे।

उन्होंने कहा, मौका मिलने पर मैं धोनी से सलाज जरुर करुंगा कि मुझे शतक के बाद भी किस कारण से बाहर किया गया। ये भी तब जब कोई भी अन्य खिलाड़ी रन नहीं बना पा रहा था। इसके अलावा मनोज ने टेस्ट टीम में जगह नहीं मिलने पर भी दुख जताया। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाफ अभ्यास मैचों के अलावा प्रथम श्रेणी क्रिकेट में भी उनके आंकड़े बेहतर थे। इसके बाद भी इसमें युवाराज को अवसर दिया गया। उन्होंने साथ ही कहा, जब मैंने 65 प्रथम श्रेणी मैच पूरे कर लिए थे, तो मेरा बल्लेबाजी औसत लगभग 65 था। तब ऑस्ट्रेलिया टीम भारत दौरे पर आई थी, और मैंने अभ्यास मैच में 130 रन बनाए थे, फिर इंग्लैंड के खिलाफ अभ्यास मैच में 93 रन बनाए थे। इसके बाद भी उन्होंने मेरी जगह युवराज को अवसर दिया। साथ ही कहा कि इस प्रकार के व्यवहार से किसी भी खिलाड़ी का मनोबल टूट जाता है।

अनुष अगरवाल्ला ने ड्रेसेज में दिलाया पेरिस ओलंपिक का कोटा, भारत को पदक दिलाने का है लक्ष्य

नई दिल्ली ।
हांगझोऊ एशियाई खेलों में ड्रेसेज का ऐतिहासिक कांस्य पदक जीतने वाले घुड़सवार अनुष अगरवाल्ला ने देश को घुड़सवारी में पहला पेरिस ओलंपिक का कोटा दिलाया है। देश को यह कोटा अनुष के अंतरराष्ट्रीय घुड़सवारी संघ की चार इवेंट में दिखाए गए प्रदर्शन की बदौलत मिला है।

ओलंपिक में खेलना अनुष का सपना

अनुष ने वारक्ला (पोलैंड) में 73.485 प्रतिशत, क्रोनेनबर्ग, नीदरलैंड में 74.4 प्रतिशत, फ्रैंकफर्ट, जर्मनी में 72.9 प्रतिशत, मिचलेन, बेल्जियम में 74.2 प्रतिशत अंक जुटाए। भारतीय घुड़सवारी संघ का कहना है कि यह कोटा देश के लिए है, आयोजकों को घुड़सवार का नाम भेजने के लिए ट्रायल कराए जाएंगे। 24 वर्षीय अनुष ने कहा कि ओलंपिक में खेलना उनका बचपन का सपना है, वह देश के लिए इस ऐतिहासिक पल का गवाह बनने के लिए गौरवान्वित महसूस करेंगे। टोक्यो ओलंपिक में फवाद मिर्जा खेले थे।

अनुष को इस बात की है उम्मीद

अनुष ने कहा, पेरिस ओलंपिक खेलों में भारत के लिए कोटा हासिल करने में सफल होने पर मुझे बहुत गर्व और आभारी हूं। ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा करना हमेशा से मेरे लिए बचपन का सपना रहा है और मुझे देश के लिए इस ऐतिहासिक क्षण का हिस्सा बनने पर गर्व है। मैं वही करता रहूंगा जो मैं हमेशा से करता आया हूं। हमेशा खुद को लक्ष्य पर केंद्रित करना, अनुशासित रहना, कड़ी मेहनत करना, लक्ष्य निर्धारित कर उसे हासिल करना। मुझे विश्वास है कि मुझे इस प्रतिष्ठित मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना जाएगा।

जयवीर सिंह ने भी दी बधाई

युवा राइडर को उम्मीद थी कि वह कोटा बरकरार रखने में सफल रहेंगे। भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) महासचिव कर्नल जयवीर सिंह ने भी अनुष को बधाई दी है। जयवीर ने कहा, हमें ड्रेसेज इवेंट में व्यक्तिगत कोटा के आवंटन के बारे में ईएफआई से पुष्टि मिल गई है। यह गर्व की बात है कि ईएफआई इवेंट में अनुष के लगातार प्रदर्शन के कारण भारत को कोटा मिला है। ईएफआई स्पर्धाओं में और यह बिल्कुल भी आश्चर्य की बात नहीं है कि घुड़सवारी स्पर्धाओं में भारत को एक बार फिर ओलंपिक में प्रतिनिधित्व मिलेगा।

ऑस्ट्रेलियाई के लिए टी20 ओपनर होंगे वार्नर और हेड

वेलिंगटन।
डेविड वार्नर और ट्रेविस हेड टी20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया के लिए बल्लेबाजी की शुरुआत करते नजर आ सकते हैं, क्योंकि वेलिंगटन में न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू होने वाली तीन मैचों की सीरीज के लिए इन दोनों की सलामी जोड़ी की पुष्टि हो गई है।

तीन मैचों की टी20 सीरीज के कप्तान ऑस्ट्रेलिया के हरफनमौला खिलाड़ी मिशेल मार्श ने भी पुष्टि की कि वह हाल के वर्षों में 20 ओवर के प्रारूप में नंबर तीन की भूमिका में बने रहेंगे।

चौथे नंबर पर ग्लेन मैक्सवेल के शानदार प्रदर्शन और छठे नंबर पर टिम डेविड के लगातार योगदान से ऑस्ट्रेलिया का शीर्ष क्रम जून में होने वाले विश्व कप से पहले अच्छी तरह से स्थापित होता दिख रहा है।

जैसा कि ऑस्ट्रेलिया विश्व कप से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ अपनी अंतिम द्विपक्षीय टी20 श्रृंखला की तैयारी कर रहा है, स्टार गेंदबाज पैट कमिंस और मिशेल स्टार्क की वापसी से टीम को और ताकत मिलेगी।

मार्श, जिन्हें औपचारिक रूप से ऑस्ट्रेलिया टी20 कप्तान के रूप में आरोन फिंच के स्थान पर नियुक्त नहीं किया गया है, सीरीज-दर-सीरीज कप्तानी करना जारी रखे हुए हैं, ने टेस्ट और वनडे कप्तान पैट कमिंस की जगह लेने की संभावनाओं पर मजाक में कहा, मैं उसे यह बताने के लिए इंतजार नहीं कर सकता कि क्या करना है। मैं आम तौर पर उनकी प्रेस कॉन्फ्रेंस में तब शामिल होता हूं जब उनका काफी समय हो चुका होता है, इसलिए किसी स्तर पर मैं उन्हें वापस बुला लूंगा।

उन्होंने कहा,लेकिन मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानता हूं कि पैट जैसा कोई व्यक्ति हमारे समूह के भीतर एक और लीडर के रूप में है, जिसका हम समर्थन कर सकते हैं, और हमारे पास जो अनुभवी प्रमुख हैं, वे इस श्रृंखला में निश्चित समय पर मेरी मदद करेंगे।

मुझे लगता है कि उनका अनुभव (कमिंस और स्टार्क), निश्चित रूप से इस स्तर पर है और वे तीनों (हेज़लवुड के साथ) एक साथ बहुत अच्छा काम करते हैं।

मार्श ने कहा, हम भाग्यशाली हैं कि वे लोग वापस आ गए। अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम के दौरान आपने उन लोगों को एक साथ बहुत अधिक टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलते हुए नहीं देखा है, इसलिए उन्हें वापस लाना और विश्व कप की तैयारी करना बहुत अच्छा है।

संयुक्त राज्य अमेरिका और वेस्ट इंडीज में जून में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला छोटे प्रारूप में ऑस्ट्रेलिया की आखिरी सीरीज है।

मास्टर बैडमिंटन प्रतियोगिता

कुल्लू की डिंपल और पिंकी की जोड़ी ने जीता खिताब

धर्मशाला/हमीरपुर ।
इंडोर स्टेडियम में राज्य स्तरीय मास्टर बैडमिंटन प्रतियोगिता शुरू हुई। इस प्रतियोगिता के पहले दिन 35 से 50 आयु वर्ग के एकल, युगल और मिक्स डबल मुकाबले आयोजित किए गए। महिलाओं के 35 वर्ष आयु वर्ग के युगल फाइनल मुकाबले में कुल्लू की डिंपल और डॉ. पिंकी रॉय की जोड़ी ने कांगड़ा की हर्षिता और निशा को हरा कर खिताब जीता। एकल मुकाबले में कुल्लू की पिंकी रॉय ने कांगड़ा की रीना राठौर को हराकर फाइनल में जगह बनाई। इसी आयु वर्ग के मिक्स डबल फाइनल मुकाबले में योगेश और डिंपल की जोड़ी विजेता बनी। 40 वर्ष आयु वर्ग के मिक्स डबल मुकाबले में कांगड़ा के गौरव और कोलीन जीते। पुरुषों के 35 वर्ष आयु वर्ग के एकल मुकाबलों में ऊना के पुनीत ने सोलन के

मनमोहन पाठक को, डॉ. मोहित ने धर्मेंद्र, मंडी के कोमल ने कांगड़ा के अजय, शिमला के प्रकाश ने मंडी के हैरी, कांगड़ा के पंकज जसवाल ने ऊना के अजय, चंबा के इतुल ने ऊना के डॉ. नीरज, सोलन के प्रिंस ने बिलासपुर के अनिल, 40 वर्ष आयु वर्ग के एकल में सोलन के योगेश चौहान ने कांगड़ा के गौरव चड्ढा, शिव धीमान ने सुनील कुमार, कांगड़ा के मनीष राणा ने हमीरपुर के राजेश ठाकुर, सोलन के अरुण रावत ने कांगड़ा के निरंजन, शिमला के हिमांशु परमार ने कांगड़ा के डॉ. गौरव, बिलासपुर के डॉ. कपिल कुमार ने कांगड़ा के राजेश भारती, मंडी के राहुल अरोड़ा ने कुल्लू के दीपक को हराया। 45 वर्ष आयु वर्ग के एकल में ऊना के राजेश सिंह ने कांगड़ा के विनोद कुमार, कांगड़ा के हितेंद्र सैनी ने हमीरपुर के सुनील कुमार, 50 वर्ष आयु वर्ग के एकल में सोलन के रविंद्र ठाकुर ने मंडी के खजान सिंह, कांगड़ा के रजनीश कुमार ने ऊना के सुनील ठाकुर, 35 वर्ष आयु वर्ग में मंडी के कोमल और दिनेश की जोड़ी ने ऊना के डॉ. नीरज, पुनीत, सोलन के धर्मेंद्र और प्रिंस ने कांगड़ा के अमन, कर्मदीप, शिमला के हिमांशु परमार और सनी पापटा ने ऊना डॉ. मोहित, डॉ. निशांत को हराया। 40 वर्ष आयु वर्ग में हमीरपुर के सुरेश और सुशील ठाकुर ने मंडी के कुणाल, प्रशांत, कांगड़ा के अमित, विशाल ने सोलन के हेमदत्त और मोहन, मंडी के मनीष ठाकुर, सुनील ने कांगड़ा के निरंजन और शुक्राचार्य, कांगड़ा के रिशव, पवनेश ने बिलासपुर के डॉ. कपिल और सुनील को हराया। 50 वर्ष आयु वर्ग में चंबा के कमलेश, संजय ने मंडी के खजान सिंह, विनोद, कांगड़ा के विक्रम चौधरी, विश्वनाथ मलकोटिया ने ऊना के हरीश और मनोज को हराया। इससे पहले स्पर्धा का शुभारंभ हिमालयन गद्दी यूनियन के अध्यक्ष मोहिंद्र कुमार ने किया।

तकनीकी विवि की तीन दिवसीय अंतर विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न - वहीं, हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर की अंतर विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता के अंतिम दिन टेबल टेनिस, शतरंज, लूडो, कैरम बोर्ड और कबड्डी के मुकाबले खेले गए। टेबल टेनिस के पुरुष वर्ग के एकल में एमबीए विभाग के अंशुल विजेता, बीटेक के मानस उपविजेता और बीटेक के ही प्रियांशु तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग के एकल में एमएससी पर्यावरण विज्ञान विभाग की मेघा प्रथम, एमबीए की अंजना द्वितीय और एमबीए पर्यटन विभाग की पल्लवी ने तृतीय स्थान हासिल किया। कैरम बोर्ड के पुरुष वर्ग के एकल में एमबीए पर्यटन विभाग का रोहित ने पहला, एमसीए के राहुल ने दूसरा और बीएचएमसीटी के सौरव ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं, कैरम बोर्ड के युगल में बीएचएमसीटी के सौरव व एमबीए के रजत की टीम ने पहला, एमबीए पर्यटन विभाग के अभिलाष व रोहित की टीम ने दूसरा और एमबीए पर्यटन के विकास व पीयूष की टीम तीसरे स्थान पर रही। वहीं, कबड्डी का फाइनल मुकाबला एमबीए व एमबीए पर्यटन विभाग की टीम के मध्य खेला गया।

आईपीएस अधिकारी ने खालिस्तानी कहने का लगाया आरोप, सुवेंदु ने किया इनकार

कोलकाता। बंगाल में भाजपा के वरिष्ठ नेता सुवेंदु अधिकारी को मंगलवार को अशांत संदेशखाली का दौरा करने से रोकने के लिए रास्ते में धामखाली में तैनात एक सिख आईपीएस अधिकारी पर पार्टी कार्यकर्ताओं के एक समूह द्वारा कथित तौर पर खालिस्तानी कहे जाने को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। टिप्पणी से आक्रोशित आईपीएस अधिकारी जसप्रीत सिंह ने घटनास्थल पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा नेताओं से यह कहते हुए सुने गए कि सिर्फ इसलिए कि मैंने पगड़ी पहनी है, आप लोग मुझे खालिस्तानी कह रहे हैं? क्या आपने यही सीखा है? यदि कोई पुलिस अधिकारी पगड़ी पहनता है और अपना कर्तव्य ईमानदारी से निभाता है, तो वह आपके लिए खालिस्तानी बन जाता है? आपको शर्म आनी चाहिए। हालांकि इस मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने आईपीएस के आरोपों को खारिज करते हुए साफ कहा कि हमने या हमारे किसी नेता ने उन्हें खालिस्तानी नहीं कहा था। उन्होंने उक्त अधिकारी पर अपना कर्तव्य नहीं निभाने और झूठी खबरें फैलाने का आरोप लगाया। वहीं, सिख पुलिस अधिकारी के आरोपों के बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक्स पर एक वीडियो

क्लिप साझा किया और कहा कि भाजपा की विभाजनकारी राजनीति ने बड़ी ही निर्लज्जता के साथ सभी संवैधानिक सीमाएं लांघ दी हैं। ममता ने सिखों की प्रतिष्ठा को धूमिल करने के दुस्साहसिक प्रयास की निंदा की और कहा कि उन्हें हमारे राष्ट्र के लिए उनके बलिदान और अटूट दृढ़ संकल्प के लिए सम्मान दिया जाता है। ममता ने लिखा कि भाजपा के अनुसार पगड़ी पहनने वाला हर व्यक्ति खालिस्तानी है। मैं हमारे सिख भाइयों और बहनों की प्रतिष्ठा को धूमिल करने के इस दुस्साहसिक प्रयास की कड़ी निंदा करती हूं, जिन्हें हमारे राष्ट्र के लिए उनके बलिदानों और अटूट दृढ़ संकल्प के लिए सम्मान दिया जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम बंगाल के सामाजिक सौहार्द की रक्षा के लिए दृढ़ हैं और इसे बाधित करने के किसी भी प्रयास को रोकने के लिए सख्त कानूनी कदम उठाएंगे। इधर, इस प्रकरण पर राज्य पुलिस के एडीजी, दक्षिण बंगाल सुप्रतीम सरकार ने एक संवाददाता सम्मेलन कर सिख अधिकारी पर टिप्पणी के लिए भाजपा नेता सुवेंदु की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि एक नेता के मुंह से हम यह अपमानजनक टिप्पणी सुनकर हतप्रभ हैं। यह निंदनीय ही नहीं, दंडनीय अपराध भी है। यह जानबूझकर एक धर्म पर आघात है। ऐसी भाषा अस्वीकार्य है। इसके लिए जो भी जरूरी होगा हम कानूनी कदम उठाएंगे। दूसरी तरफ, सुवेंदु ने आरोपों को खारिज करते हुए दावा किया किसी ने भी सिख अधिकारी के साथ दुर्व्यवहार नहीं किया है या खालिस्तानी शब्द का इस्तेमाल किया है। वह एक मुद्दा बनाने की कोशिश कर रहे हैं। सुवेंदु ने दावा किया कि उक्त अधिकारी अपना नंबर बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री व तृणमूल को यह मुद्दा बनाने को दिया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान, खालिस्तानी, ये बातें हमें कहने की जरूरत नहीं है। हम गुरु नानक जी का सम्मान करते हैं। सिख धर्म को सलाम है। वे सच्चे देशभक्त हैं। देश को स्वतंत्र कराने में सिखों का योगदान सबसे अधिक है। सुवेंदु के साथ मौजूद भाजपा विधायक अग्निमित्रा पाल ने भी दावा किया कि पुलिस अधिकारी अपने कर्तव्यों का पालन नहीं कर रहे थे और इस आरोप को खारिज कर दिया कि भाजपा नेताओं ने उन्हें खालिस्तानी कहा था। दरअसल, आईपीएस अधिकारी जसप्रीत सिंह अपनी टीम के साथ धामाखाली में तैनात थे और उन्होंने सुवेंदु को कालिंदी नदी के पार स्थित संदेशखाली जाने से रोकने के लिए बैरिकेड लगाए थे।

मायोंग में छह सूदखोर गिरफ्तार

मोरीगांव (हिंस)। मायोंग की पुलिस ने छह सूदखोरों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आज बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान शाहिदुल्लाह, इंसां, रजब अली, इजाजुल, मोफिजुद्दीन और उस्मान अली के रूप में हुई है। ये सभी मायोंग के गागलमारी के निवासी बताये गये हैं। इन गिरफ्तार लोगों को पूरे इलाके में सूदखोर के नाम से जाना जाता है। इन सभी को पुलिस द्वारा नामित किया गया है। कई अन्य अभी भी फरार हैं।

सत्यमेव जयते
असम सरकार

क्या कोई सरकारी अधिकारी या कर्मचारी आपसे रिश्वत मांग रहा है ?

कृपया हमें सूचित करें

व्हाट्सएप नम्बर	60269 01243
टोल फ्री नम्बर	18003453767
नियंत्रण कक्ष	03612462295
एस. पी (I)	6026903481
एस. पी (II)	6026903483
एडिशनल एस. पी	6026903418
ईमेल	complaints.vac@gmail.com
ट्विटर	@DIR_VAC_ASSAM

सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय, असम गुवाहाटी ७८१०३२

https://dgvigilance.assam.gov.in/

-- Janasanyog /D/ 18059 / 23/ 21-Feb-24

नलबाड़ी में मां-बेटे का शव बरामद

नलबाड़ी (हिंस)। नलबाड़ी में एक महिला और उसके बेटे का शव घर के अंदर मिलने के बाद पूरे गांव में सन्नाटा पसर गया है। महिला के बेडरूम में बिस्तर पर दोनों शव मिले। परिजनों ने शव देखकर इसकी सूचना अपने पड़ोसियों को दी। मृतक महिला की पहचान कविता हालोई और बेटे की ऋषिकेश कश्यप के रूप में हुई है। ऋषिकेश दिब्यांग था। नलबाड़ी के बारसरकुची में यह घटना घटित हुई। पिता जगदीश हालोई अपनी पत्नी और बेटे की मौत के बाद से फरार हैं। मां-बेटे की मौत की घटना रहस्य का विषय बन गया है। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

महिला कांग्रेस ने बढ़ती महंगाई को लेकर सरकार पर साधा निशाना, न्याय मिलने तक संघर्ष

वाराणसी (हिंस)। लगातार बढ़ती महंगाई से परेशान गृहणियों की चिंता को लेकर महिला कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। पार्टी की स्थानीय जिलाध्यक्ष अनुराधा यादव, महानगर अध्यक्ष पूनम विश्वकर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार की विफल नीतियों के चलते *बढ़ती महंगाई* का साया भारतीय घरों पर गहरा गया है। इसका सबसे अधिक असर गृहणियों पर पड़ रहा है। ये अनसुनी नायिकाएं जो परिवार, वित्त और कल्याण के बीच संतुलन बनाती हैं, लेकिन अब लगातार बढ़ती कीमतों के तूफान में जूझ रही हैं। मंगलवार को मैदागिन स्थित पार्टी के कार्यालय में दोनों पदाधिकारी मीडिया से रूबरू थीं। सरकार पर हमला बोलते हुए दोनों महिला पदाधिकारियों ने कहा कि सब्जियों में टमाटर 40 से 70 रुपए किलो, प्याज 15 से बढ़ कर 25 रुपए किग्रा, एलपीजी सिलेंडर 1050 रुपए में मिल रहा है। इसी तरह अरहर की दाल 130 से 150 रुपए प्रति किग्रा, सूरजमुखी तेल की कीमत भी आसमान छू रही है। खाद्य पदार्थों, ईंधन और बुनियादी जरूरतों से जुड़ी वस्तुओं की बढ़ती कीमतें आय वृद्धि को पछाड़ रही हैं, जिससे गृहणियों का घरेलू बजट सिकुड़ रहा है।

पृष्ठ तीन का शेष

हिंदुओं के लिए...

से प्रेम नहीं है? क्या आप हमेशा *रजाकारों* और बाबर के साथ रहेंगे। शर्मा ने कहा कि देश रजाकारों और बाबर के साथ खड़ा नहीं होगा। उन्होंने इतिहास की ओर इशारा करते हुए यह स्पष्ट नहीं किया कि वह वर्तमान में किसका जिक्र कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस ने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण की अनुमति नहीं दी। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए दावा किया कि कांग्रेस आगामी लोकसभा चुनाव में 30 सीट भी नहीं जीत पाएगी।

मिजोरम-मणिपुर से ...

फ्यूज बरामद कर एक आरोपित लालरुनमाविया को गिरफ्तार कर लिया। वहीं असम राइफल्स ने मणिपुर पुलिस के साथ संयुक्त अभियान चलाकर कांगपोकपी जिले के कोउब्रू रिज के सामान्य क्षेत्र से भी बड़ी मात्रा में हथियार बरामद किए। इनमें मैगजीन के साथ एसएलआर, एक नौ एमएम की पिस्तौल, 36 हैंड ग्रेनेड और 7.62 एमएम के 10 लाइव राउंड थे।

अलग राज्य की ...

सरकार के खिलाफ तीखी आलोचना की। सिंह की निंदा राज्य अधिकारियों द्वारा तापस राय और केएलओ महासचिव कैलाश कोच सहित केएलओ सदस्यों की कथित गिरफ्तारी और दुर्व्यवहार के मद्देनजर आई है। सिंह ने अलग कामतापुर के लिए भारत सरकार के साथ चल रही शांति वार्ता के बीच बोलते हुए ममता सरकार के कार्यों की निंदा की। उन्होंने राज्य प्रशासन पर कामतापुरी लोगों की आकांक्षाओं को दबाने के लिए औपनिवेशिक शासन की याद दिलाने वाली दमनकारी रणनीति का सहारा लेने का आरोप लगाया। सिंह के गुस्से का एक केंद्र बिंदु चिलाराय दिवस के उत्सव में सरकार की बाधा थी, जो कामतापुरी समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम था। इस हस्तक्षेप पर आक्रोश व्यक्त करते हुए, सिंह ने कामतापुर में रहने वाले विविध समुदायों को केएलओ की राष्ट्रीय मुक्ति के संघर्ष में शामिल होने और पश्चिम बंगाल सरकार के दमनकारी उपायों का विरोध करने के लिए एकजुट किया।

कश्मीर को बनाएंगे ...

दुर्भाग्य बना दी गई थीं। लेकिन आज जम्मू-कश्मीर विकसित होने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। अपने 30 मिनट के भाषण के दौरान मोदी ने हिंसा और अलगाववाद से प्रभावित जम्मू-कश्मीर के उथल-पुथल भरे अतीत को याद किया और सौहार्दपूर्ण एवं समृद्ध जम्मू-कश्मीर की ओर बढ़ रहे मौजूदा बदलाव की सराहना की तथा इसका श्रेय संतुलित विकास पहलों को दिया। बारिश के बावजूद हजारों स्थानीय लोगों ने रैली में भाग लिया। अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद जम्मू क्षेत्र का यह मोदी का दूसरा दौरा था। इससे पहले उन्होंने अप्रैल 2022 में सांबा जिले में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित किया था। मोदी ने विकसित जम्मू-कश्मीर के लिए अपनी दृष्टि को साझा करते हुए कहा कि हमने जम्मू कश्मीर के विकसित होने का संकल्प लिया है और मुझे पूरा भरोसा है कि हम इसको और विकसित बनाएंगे तथा अगले कुछ साल में आपके सभी सपनों को पूरा करेंगे... हम कश्मीर में ऐसी अवसंरचना तैयार करेंगे कि लोग स्विट्जरलैंड जाना भूल जाएंगे। प्रधानमंत्री ने क्षेत्र के युवाओं की नई भावना की सराहना की और उनकी रोजमर्रा की जिंदगी में बदलावों को रेखांकित किया तथा खाड़ी देशों से निवेश के संबंध में अपनी उम्मीदें भी साझा की। श्रीनगर में जी20 सम्मेलन के आयोजन के बाद इस पूर्ववर्ती राज्य को लेकर बढ़ती वैश्विक रुचि का उल्लेख करते हुए मोदी ने माता वैष्णो देवी मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटन में वृद्धि पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आज जब दुनिया, जम्मू-कश्मीर में जी20 का आयोजन होते देखती है तो इसकी गूंज बहुत दूर तक पहुंचती है। पूरी दुनिया यहां की सुंदरता, परंपरा, संस्कृति और आप सभी के स्वागत से बहुत प्रभावित हुई है। आज हर कोई जम्मू-कश्मीर आने के लिए तत्पर है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष जम्मू-कश्मीर में 2 करोड़ से ज्यादा पर्यटक आए, जो एक रिकॉर्ड है। अमरनाथ जी और श्री माता वैष्णो देवी के दर्शन करने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या पिछले एक दशक में सबसे ज्यादा हो गई है। मोदी ने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाला अनुच्छेद 370 को पूर्ववर्ती राज्य के विकास की राह में सबसे बड़ी दीवार करार दिया और कहा कि भाजपा ने उस दीवार को गिरा दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि इसे समाप्त करने के बाद जम्मू-कश्मीर ने सभी इलाकों और सभी क्षेत्रों में संतुलित विकास देखा है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार पहली बार जम्मू-कश्मीर में लोगों के दरवाजे पर पहुंची है। उन्होंने कहा कि यह मोदी का गारंटी है और यह जारी रहेगा।

सात वर्ष में अरुणाचल...

पर ध्यान केंद्रित करने के कारण हो रहा है। बीते 7 वर्ष के दौरान राज्य में 20 हजार किलोमीटर की सड़कों का निमार्ण हुआ, डोनी पोलो हवाई अड्डा व रेलवे लाइन आदि निर्माण ने राज्य के विकास की तस्वीर बदल दी है। राज्य के अंतिम गांव को देश का पहले गांव के रूप में विकसित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णय की प्रशंसा करते हुए उन्होंने वादा किया कि वह बहुत जल्द इनमें से किसी एक गांव का निरीक्षण करेंगे। इससे पहले मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने उपराष्ट्रपति और उनकी पत्नी का स्वागत कर राज्य के सभी क्षेत्र में हो रहे विकास के बारे में बताया। खांडू ने कहा कि मोदी नेतृत्वाधीन भाजपा सरकार की सहायता से राज्य अपनी मंजिल को छू रहा है। इस अवसर पर राज्यपाल ले. जनरल (सेवानिवृत्त) केटी परनायक, केंद्रीय पृथ्वी एवं विज्ञान मंत्री किरण रिजिजू, उपमुख्य मंत्री चोना मिन समेत अन्य कई मंत्री, सरकारी अधिकारी एवं प्रमुख व्यक्ति मौजूद थे। उप राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया और परेड की सलामी ली। इस मौके पर राज्य की अनेक जनजातियों ने अपने नृत्य कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

दिल्ली कूच को तैयार...

मॉडिफाई भी किया गया है। पूरे केबिन को लोहे की मोटी-मोटी शीट्स से फुलप्रूफ कर दिया है। अगर हरियाणा पुलिस किसानों को रोकने की कोशिश करती है, आंसू गैस के गोले या बल प्रयोग करती है तो किसानों ने मशीन के ड्राइवर को उससे बचने के लिए ड्राइवर के कैबिनेट को लोहे की मोटी चादर से ढक कर बख्तरबंद बनाया है। किसानों का दावा है कि ये केबिन बुलेट प्रूफ है। वो अब करो या मरो की सोच के साथ आए हैं। जानकारी के मुताबिक, किसानों ने ऐसी तकरीबन 7 से 8 मशीनें तैयार की हैं, जिन्हें पंजाब और हरियाणा के अलग-अलग बॉर्डर शंभू, खन्नौरी और डबवाली बॉर्डर पर तैनात किया जा रहा है। किसान कल सुबह 11 बजे इन मशीनों की मदद से हरियाणा पुलिस की बैरिकेडिंग को तोड़कर ट्रालियों के लिए रास्ता बनाने की कोशिश करेंगे। गौरतलब है कि रविवार को पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने हरियाणा-पंजाब के सीमावर्ती नाकों पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के बाद सिरसा,डबवाली व फतेहाबादद के पुलिस अधीक्षकों को सुरक्षा प्रबंध और कड़े करने के निर्देश दिए थे। सिरसा के पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण मंगलवार को दिनभर हरियाणा पंजाब सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। उन्होंने इससे पहले स्थानीय पुलिस लाइन में रिर्जव फोर्स के जवानों से मिलकर दिशा निर्देश दिए। उधर, संयुक्त किसान मोर्चा किसानों के समर्थन में उतर आया है। संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा सोमवार को जींद में हुई बैठक में निर्णय लिया गया था कि 21 फ रवरी को जिला स्तर पर सभी भारतीय जनता पार्टी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करने के साथ सरकार के पुतले दहन किए जाएंगे। इसके अलावा प्रदेश सरकार की दमनकारी नीतियों, रास्ता खलुवाने तथा किसानों के लंबित मुद्दों की मांग का ज्ञापन सौंपा जाएगा। गुरुवार को राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में भविष्य के आंदोलन को लेकर फै सला लिया जाएगा। आयोजित बैठक की अध्यक्षता किसान नेता प्रहलाद भारू खेड़ा ने की। बैठक में गिरफ्तार किए गए किसानों की रिहाई की मांग की गई। प्रहलाद भारू खेड़ा का कहना है कि किसान आंदोलन-एक के लंबित मुद्दों को लेकर संयुक्त कि सान मोर्चा का आंदोलन जारी है। केंद्र सरकार ने देश के किसानों की मांग को पूरा करने का आश्वासन देकर विश्वासघात किया है, इसलिए मोर्चा राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर अपने आंदोलन को जारी रखे हुए है। मोर्चा ने प्रदेश सरकार से रास्ता रोके जाने, किसानों पर मकु दमें दर्ज करने, आंसू गैस के गोले छोड़ने, इंटरनेट पाबंदी और हर प्रकार की दमनात्मक कारर्वाई की निंदा की। किसान मोर्चा सभी किसान संगठनों, ट्रेड यूनियनों, सामाजिक संगठनों को एकजुट करने का प्रयास करेगा।

रास निर्वाचन : कांग्रेस...

किए गए। कांग्रेस से दो और विपक्षी दल बीआरएस से एक नामांकन दाखिल किया गया था। रिटर्निंग ऑफिसर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी से रेणुका चौधरी, अनिल कुमार यादव और बीआरएस से वद्दीराजू रविचंद्र ने राज्यसभा के सदस्य के रूप में सर्वसम्मति से जीत हासिल की।

सात वर्ष में अरुणाचल ...

मुखातिब होकर सदन को बताने लगे। इससे हतप्रभ विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने उन्हें टोकते हुए कहा कि आसन की ओर देखिए और बोलिए। आपने अपने कार्यकाल के कई राज सदन में खोले। उन्होंने कहा कि आपने पद गोपनीयता की शपथ ली है। फिर कैबिनेट की बातें यहां कैसे सार्वजनिक कर सकते हैं? मगर प्रो.चंद्रशेखर अपनी ही बात कहते रहे। प्रो. चंद्रशेखर ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री के पैर छूता हूं, परंतु बड़े भाई के तौर पर। ये मेरा निजी मामला है, लेकिन जब सिद्धांतविहीन राजनीति की बात आती है, तो मेरा स्टैंड अलग है। इस पर भाजपा विधायक संजय सरावगी ने चंद्रशेखर के इस भाषण पर टोका। उन्होंने आसन से कहा कि चर्चा जल संसाधन विभाग पर है और ये शिक्षा पर बोल रहे हैं। क्या इन्होंने मंत्री रहते हुए बहाली पर साइन किया था? प्रो. चंद्रशेखर ने आगे कहा कि मैंने शिक्षा दान योजना लागू करने की इच्छा जताई पर ईर्ष्यावश लागू नहीं हुई। मैंने बिहार लोक सेवा आयोग से शिक्षक नियुक्ति को लेकर मुख्यमंत्री से जाकर मुलाकात की। उस समय विजय कुमार चौधरी मौजूद थे। डोमिसाइल को लागू करने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से बात की। पहले स्वीकार किया गया, लेकिन बाद में निरस्त कर दिया।

भारत में 71वीं ...

से किया जाएगा। 71वीं मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता इस वर्ष के आयोजन स्थलों में जी-20 साइट, नई दिल्ली का भारत मंडपम और मुंबई का चमकदार जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर है। आज द *ओपनिंग सेरेमनी* और *इंडिया वेलकम्स द वर्ल्ड गाला,* नई दिल्ली के होटल अशोक में होगा। जूलिया का कहना है कि वह भारत को पसंद करती हैं। उल्लेखनीय है कि भारत की ऐश्वर्या राय 1994 में मिस वर्ल्ड का ताज अपने घर ला चुकी हैं। डायना हेडन को 1997 में मिस वर्ल्ड का ताज पहनाया गया। युक्ता मुखी 1999 में भारत की चौथी मिस वर्ल्ड बनीं। प्रियंका चोपड़ा ने वर्ष 2000 में मिस वर्ल्ड का खिताब जीता। मानुषी छिल्लर को मिस वर्ल्ड का ताज 2017 में ताज पहनाया गया। पोलैंड की कैरोलिना बिलावस्का आखिरी विजेता थीं।

शख्स ने लॉटरी में ...

की जन्मतिथि का उपयोग करके टिकट के नंबरों का चयन करता था। इस बार भी उसने ऐसा ही किया।अगले ही दिन जब उसने डीसी लॉटरी का रिजल्ट देखा तो खुशी में झूम उठा। 340 मिलियन डॉलर यानी 28 अरब रुपयों का मेगा जैकपॉट उसके हाथ लगा था। क्योंकि उसके नंबर वेबसाइट पर घोषित रिजल्ट में दिए गए नंबरों से मेल खा रहे थे। चीक्स ने कहा कि मुझे विश्वास नहीं हो रहा था कि मैं अरबपति बन गया था। चीक्स के अनुसार उसने सबसे पहले अपने मित्र को फोन किया और रिजल्ट की एक फोटो लेने को कहा। तीन दिन तक वेबसाइट पर उसके लॉटरी नंबर ही जैकपॉट विनर के रूप में दिखाए गए। मगर अगले दिन जब लाइव प्रसारण किया गया तो नंबर बदल दिए गए। मेरा कोई भी नंबर उससे मेल नहीं खा रहा था। वह तुरंत लॉटरी सेंटर पहुंचा लेकिन वहां जो बताया गया उसे जानकर पैरों तले से जमीन खिसक गई। चीक्स ने कहा, जब मैंने उन्हें अपना टिकट दिखाया और बताया कि जैकपॉट विनर मैं ही हूं, तो वे चौंक गए गए। एक कर्मचारी ने मजाक बनाते हुए कहा, अरे-अच्छा तुम अरबपति बन गए हो। कोई नहीं, बस इसे कूड़ेदान में फेंक दो क्योंकि तुम्हें भुगतान नहीं मिलेगा क्योंकि जैकपॉट विनर कोई और है। चीक्स ने कहा एक लॉटरी ठेकेदार ने बताया कि सिस्टम में गलती की वजह से उनका नंबर जैकपॉट विनर के रूप में दिखाया गया था। गलत नंबर पोस्ट कर दिए गए थे यह उनके एक ठेकेदार ने गलती की थी। मामला कोर्ट पहुंचा, लेकिन वहां भी लॉटरी अधिकारियों ने गलत नंबर पोस्ट करने को मानवीय त्रुटि करार दिया। जिसके बाद चीक्स जो कुछ देर के लिए अरबपति बना था पल भर में कंगाल हो गया।

अवामी लीग के दो ...

हवाले से कहा है कि बकुलतला हाईस्कूल से सटे इलाके में गोली चलने और बम फटने से दहशत फैल गई। यह संघर्ष अधारा यूनियन अवामी लीग के महासचिव सुरुज मिया और इसी यूनियन के वार्ड नंबर 2 के अध्यक्ष अली हुसैन सरकार के बीच क्षेत्रीय प्रभुत्व को लेकर हुआ। गोली अली हुसैन के गुट के शकील (22), गहना (25) और अयानल (35) को लगी है। इनमें से शकील और गहना की हालत नाजुक है। उन्हें मुंशीगंज जनरल अस्पताल से ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया है। पुलिस का कहना है कि इसके बाद अली हुसैन के समर्थकों ने विरोधियों की पांच दुकानों में तोड़फोड़ कर देसी बम फेंककर धमाके किए। सुरुज मिया का कहना है कि उनके समर्थकों की लगभग सात दुकानों को निशाना बनाया गया। कम से कम 20 बम फेंके गए। अली हुसैन सरकार ने आरोप लगाया है कि सुरूज के समर्थकों ने उनके लोगों पर घात लगाकर हमला किया। मुंशीगंज के अपर पुलिस अधीक्षक (सदर सर्किल) थंडर खैरुल हसन ने कहा कि यह घटना सत्ता संघर्ष के कारण हुई है। सूचना मिलने के बाद क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। स्थिति अब नियंत्रण में है। जांच के बाद कानूनी कार्रवाई शुरू की जाएगी।

दुनिया के सबसे ...

पिछले साल यानी 2023 में भारत 84वें स्थान पर था। हालांकि, पिछले साल की तुलना में इस साल भारतीय दो ज्यादा देशों में बिना वीजा के यात्रा कर सकते हैं। 2023 में ऐसे देश 60 थे, जो अब बढ़कर 62 हो गए हैं। रैंकिंग के मुताबिक, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, सिंगापुर और स्पेन के पास दुनिया के सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट हैं। यहां के लोग 194 देशों में बिना वीजा के यात्रा कर सकते हैं। इसके बाद फिनलैंड, नीदरलैंड, दक्षिण कोरिया और स्वीडन का नंबर आता है, यहां के लोग 193 देशों में वीजा-मुक्त पहुंच रखते हैं। रैंकिंग में कुल 199 देशों के पासपोर्ट को शामिल किया गया है। 192 देशों में वीजा-मुक्त पहुंच के साथ यूनाइटेड किंगडम (ब्रिटेन) लक्जमबर्ग, आयरलैंड, डेनमार्क और ऑस्ट्रिया के साथ सूचकांक में तीसरे स्थान पर है। इसके बाद तीन यूरोपीय देश बेल्जियम, नॉर्वे और पुर्तगाल आते हैं, यहां के लोग 191 देशों में वीजा-मुक्त पहुंच रखते हैं। सूचकांक में शीर्ष 5 स्थानों पर ऑस्ट्रेलिया, ग्रीस, माल्टा, न्यूजीलैंड और स्विटजरलैंड भी हैं, जिनके पास 190 देशों में वीजा-मुक्त पहुंच है। 189 देशों में फ्री वीजा के साथ यात्रा मुहैया कराने वाले अमेरिका, कनाडा, पोलैंड और चेकिया सूचकांक में छठे स्थान पर हैं। 62 देशों में वीजा-मुक्त यात्रा के साथ भारत सूचकांक में 85वें स्थान पर है। भारतीय इंडोनेशिया, मलेशिया और थाईलैंड जैसे लोकप्रिय पर्यटन स्थलों तक बिना वीजा यात्रा कर सकते हैं। दक्षिण अफ्रीका (55वें), मालदीव (58वें), सऊदी अरब (63वें), चीन (64वें), थाईलैंड (66वें), इंडोनेशिया (69वें) और उज्बेकिस्तान (84वें) जैसे देश भारत से आगे हैं। सूचकांक में पाकिस्तान 106वें स्थान पर हैं, जबकि श्रीलंका 101वें, बांग्लादेश 102वें और नेपाल 103वें स्थान पर है। सूचकांक में अफगानिस्तान सबसे आखिरी 109वें स्थान पर हुआ। दुनिया में सबसे कमजोर पासपोर्ट के साथ अफगानिस्तान के लोग महज 28 देशों में वीजा-मुक्त यात्रा कर सकते हैं। सीरिया (108वें), इराक (107वें), यमन (105वें) और फिलिस्तीन क्षेत्र (103वें) जैसे देश अफगानिस्तान से ऊपर हैं।

तालिबान ने जिंदा...

और जानवरों की तस्वीरें लेना गलत है। फरमान को लेकर तालिबान ने तर्क दिया है कि इस्लामिक कानून में इंसानों और जानवरों की तस्वीरें लेना प्रतिबंधित है। इस बारे में पूछे जाने पर कंधार के राज्यपाल के प्रवक्ता ने कहा है कि यह सिर्फ सरकारी अधिकारियों पर ही लागू होगा। तालिबान द्वारा जारी आदेश पत्र में कहा गया कि अगर जीवित लोगों की तस्वीरें ली जाती हैं तो उन्हें अन्य वस्तुओं की तुलना में अधिक नुकसान होता है ऐसे में किसी भी औपचारिक या अनौपचारिक सम्मेलन, बैठक या कार्यक्रम में लोगों की तस्वीरें नहीं ली जानी चाहिए। फोटो खींचने से निर्जीव वस्तुओं की तुलना में उन्हें अधिक नुकसान होता है। यह नियम सरकारी आयोजनों पर भी लागू होगा और किसी भी बैठक आदि में तस्वीरें नहीं ली जाएंगी। हालांकि, इन बैठकों के बारे में लिखित और ऑडियो रिपोर्ट उपलब्ध कराई जा सकती हैं। तालिबान मीडिया संस्थानों को भी ब्लॉक कर रहा है, लेकिन विदेशी नेताओं की तस्वीरें साझा कर रहा है। इतना ही नहीं, करीब ढाई साल पहले सत्ता में लौटने के बाद तालिबान ने कई मीडिया संस्थानों को जीवित लोगों की तस्वीरें इस्तेमाल करने से रोक दिया है। हालांकि, तालिबान के शीर्ष अधिकारी ने खुद दूसरे देशों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की तस्वीरें साझा करते रहे हैं। प्रवक्ता महमूद आजम ने कहा कि यह फैसला आम लोगों और स्वतंत्र मीडिया के लिए नहीं है। बता दें कि इससे पहले भी साल 1996 से 2001 के बीच अफगानिस्तान में तालिबान सत्ता में था। तब भी कट्टरपंथी इस्लामिक संगठन ने जीवित लोगों की तस्वीरें लेने और वीडियो बनाने पर प्रतिबंध लगा दिया था। तालिबान ने कहा कि यदि कोई ऐसा करता है तो उसे रोका जाए और अधिकारी ऐसा करना सुनिश्चित करें। बता दें कि कंधार वो जगह है जहां से तालिबान की शुरुआत हुई थी। साल 2021 में अमेरिका के जाने के बाद इस कट्टरपंथी संगठन ने अफगानिस्तान में अपनी सरकार बना ली है।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
संपादक : राकेश शर्मा, मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 (संपादकीय)** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **(सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन)**